फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 348 प्रभात जयपुर, गुरुवार 20 जुलाई , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT




The Wander Lust Story

Meet Yuvraj Parasuraman who is a gypsy at heart. He looks at the world through the lens of his camera. He roams the world clicking everything.

Some Common Dreams

Skills: Nail Your Presentation

Make sure that you always have a Plan B that you can count on



*दुर्लभ मार्श फ्रिटिलरी प्रजाति की तितली फिर से ब्रिटेन की लेक डिस्ट्रिक्ट वैली में पनप रही हैं क्योंकि यहां चरने वाली भेड़ों को हटा दिया गया है। इनकी जगह अब यहां पर खच्चर और अन्य मवेशी लाए गए हैं। कम्ब्रिया से 19 साल पहले यह तितली लुप्त हो गई थी पर एक सरकारी पुनर्वास कार्यक्रम के बाद ये पुनः यहां पनप रही हैं। इस बार गर्मी के मौसम में ये तितलियाँ स्विन्डेल वैली तक गईं, जो कि रॉयल सोसायटी फॉर द प्रोटैक्शन ऑफ बर्ड्स (आर.एस.पी.बी.), हॉसवॉटर, का एक भाग है। यहां संरक्षणविद् इस प्रजाति का पुनर्वास करने पर विचार कर रहे थे। तथापि, उन्हें प्रत्यक्ष रुप से कुछ नहीं करना पड़ा, क्योंकि, इस स्थान पर चराई में कुछ मूल परिवर्तन किए गए। ये तितलियाँ इसलिए स्विन्डेल वैली लौटीं, क्योंकि, यहां इनके फूड प्लांट, ''डैविल्'स बिट स्केबिअस'' की संख्या में अच्छी वृद्धि हुई। पूर्व में घाटी के चारागाहों में मोटी घास की भरमार थी, जिसे भेड़े नहीं खाती थीं, फिर, आर.एस.पी.बी. हर साल यहाँ पर स्थानीय खच्चरों को लेकर आए, जिन्होंने धीरे-धीरे करके मोटी घास को साफ कर दिया। हॉसवॉटर के साइट मैनेजर ली स्कोफील्ड ने कहा, ''अगले ही बसंत में यहां हीथ स्पॉटेड ऑर्किड्स के फूल खूब खिले, फिर बाद में भारी मात्रा में डैविल्'स बिट स्केबिअस पनपे।'' विशेषज्ञों ने कहा कि, गत कुछ वर्षों से इन फूलों की संख्या बढ़ी है और इसका श्रेय जाता है खच्चर के पुनर्वास को। विशेषज्ञों का कहना है कि, अगर हमने यह बदलाव नहीं किया होता तो ये पौधे नहीं पनपते और तितलियां भी नहीं आतीं। दो स्कॉटिश प्रजातियों, हाइलैण्ड एवं गैलोवे मवेशियों की भी वापसी की गई। नैचुरल हायड्रॉलजी बहाल की गई जिससे फूलों के पनपने के लिए नमी वाले क्षेत्र तैयार हुए। कम्ब्रिया में मार्श फ्रिटिलरी का प्राकृतिक विस्तार बटरफ्लाइ कंज़र्वेशन संस्था द्वारा शुरु किए गए पुनर्वास कार्यक्रम की जीत है।*

# विपक्ष व भाजपा के बीच ''माइन्ड गेम्स'' शुरू हुए

## जनता के मन में एक दूसरे के लिये अविश्वास पैदा करने के इस खेल में संभवतया भाजपा कुछ आगे है

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 19 जुलाई। भाजपा के नेतृत्व वाले एन.डी.ए. का मुकाबला करने के लिये विपक्षी मोर्चा ''इंडिया'' की बाकायदा घोषणा होते ही दोनों तरफ से आम जनता की कल्पना एवं सोच पर कब्जा करने दिमागी एवं मनोवैज्ञानिक खेल शुरु हो गये हैं। दोनों ही गठबंधनों ने लोगों के दिमाग में एक दूसरे के प्रति अविश्वास के बीज बोना शुरु कर दिया है।

जहाँ प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाला गठबंधन कह रहा है कि विपक्षी मोर्चा ''इंडिया'' भ्रष्ट लोगों का जमघट है तथा एन.डी.ए. में ''एन'' अक्षर न्यू इंडिया (नया भारत), ''डी'' डवलप्ड (विकसित) तथा ''ए'' एस्पिरेशन ऑफ द पीपुल (जनाकांक्षा) के लिये है, वहीं विपक्ष ने आज हिन्दी में एक नई टैग लाइन ''जीतेगा भारत'' शुरु की ताकि आर.एस.एस. तथा भाजपा के उस व्यापक दुष्प्रचार तंत्र का जवाब दिया जा सके जिसने विपक्षी फ्रंट का नाम

( शेष पृष्ठ 6 पर )

- बेंगलुरू बैठक के बाद पहले तो यह फैलाया गया, बिहार के भाजपा नेता सुशील मोदी की ओर से कि, नीतीश कुमार को संयोजक घोषित नहीं किया गया, अतः वे विपक्ष की प्रैस कॉन्फ्रैंस में अनुपस्थित रहे।
- फिर, भाजपा की ओर से यह उछाला गया कि, विपक्ष के नये संगठन का नाम इण्डिया रखा गया है, न कि, भारत।
- फिर यह विवाद उठाया गया कि, इण्डिया नाम, किस के उपजाऊ दिमाग की उपज थी, राहुल की या ममता बनर्जी की।
- विपक्ष ने एक-एक करके इन अफवाहों का जवाब दिया। नीतीश कुमार प्रैस कॉन्फ्रैंस में अनुपस्थित थे, क्योंकि, उनकी फ्लाइट जल्दी थी।
- नीतीश उखड़े हुए नहीं हैं, बल्कि उन्होंने इण्डिया नाम देने के मंथन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। पहले तो, ''सेव इण्डिया अलायन्स'' और ''वी फॉर इण्डिया'' नाम सुझाए थे, पर, जब इण्डिया नाम पर मोटा-मोटी सहमति बनती दिखी तो, उन्होंने इण्डिया नाम स्वीकार किया।
- हालांकि, इण्डिया नाम का सुझाव राहुल गांधी ने दिया था, पर, उन्होंने यह सुझाव देते हुए कहा था कि, नाम का प्रस्ताव ममता बनर्जी को देना चाहिये। इसीलिये, ममता बनर्जी ने प्रस्ताव रखते हुए राहुल को ''माय फैवरेट'' (मेरा प्रिय) कह कर संबोधित किया था।
- इण्डिया अंग्रेजी नुमा लगने की शिकायत के प्रत्युत्तर में उद्धव ठाकरे के सुझाव पर नयी ''टैग लाइन'' जोड़ी गयी, ''जीतेगा भारत''।

# कर्नाटक सरकार अपनी चुनावी ''गारंटियों'' के क्रियान्वयन को ''शो केस'' करेगी

## गृहलक्ष्मी योजना के तहत लगभग एक करोड़ गृहणियों को दो हजार रूपये दिये जायेंगे उनके बैंक अकाउंट में

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 19 जुलाई। कांग्रेस ने दिल्ली मुख्यालय में बुधवार को पूरा दिन मीडिया को कर्नाटक सरकार की गृहलक्ष्मी योजना के बारे में बताया, जिसमें हरेक घर की महिला मुखिया को 2000 रू. प्रतिमाह दिया जाएगा। पार्टी ने बताया कि कर्नाटक सरकार चुनावी वायदों को निभाने के लिए कृत संकल्प है, इस प्रकार पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनाव से पूर्व देशभर में सुशासन देने और चुनावी वायदों को पूरा करने का अपना इरादा जताया।

कर्नाटक सरकार के प्रोग्राम की घोषणा दिल्ली में करते हुए ए.आई.सी.सी. प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि इस योजना के द्वारा कांग्रेस, कर्नाटक की राज्य सरकार और वहां की महिलाओं ने जानबूझकर महंगाई बढ़ाने के लिए मोदी सरकार के खिलाफ जंग छेड़ दी है।

यह विश्व की सबसे बड़ी ''डायरैक्ट बैनिफिट'' योजना है जिसमें एक करोड़ महिलाओं के बैंक खातों में प्रतिमाह 2000 रू. हस्तांतरित किए जाएंगे ताकि बढ़ती महंगाई से जूझने में उन्हें थोड़ी मदद मिल सके।

कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार में जो पांच गारंटीज़ दी थीं उनमें से यह चौथी है, जिसे क्रियान्वित कर दिया गया है। महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा तो पहले ही दे दी गई है।

राज्य सरकार ने अन्नभाग्य योजना भी शुरू कर दी है जिसमें बी.पी.एल. परिवार के हरेक सदस्य को प्रतिमाह दस किलो चावल मिलना था। पर चूंकि केन्द्र सरकार ने एफ.सी.आई. को कर्नाटक को चावल देने से रोक दिया इसलिए सरकार ने हरेक व्यक्ति को बैंक खाते में प्रतिमाह 170 रू. देना शुरू कर दिया ताकि 5 किलोग्राम चावल की कमी पूरी की जा सके। और जब तक सरकार चावल प्राप्त नहीं कर लेती तब तक यह योजना जारी रहेगी।

सुरजेवाला ने प्रधानमंत्री द्वारा इन योजनाओं को रेवड़ी बताने को खारिज कर दिया और कहा कि गरीब के हाथ में पैसा देना सबसे अच्छी इकोनॉमिक्स है। और इसे धरातल पर और ज्यादा आर्थिक गतिविधियां शुरू होंगी। जैसे 2009 की आर्थिक मंदी में महानरेगा ने किया था।

( शेष पृष्ठ 6 पर )

- इसी प्रकार सभी महिलाओं को सरकारी बसों में ''फ्री'' यात्रा की सुविधा दी गयी है।
- साथ ही कर्नाटक सरकार अन्न भाग्यम् स्कीम के तहत हर बी.पी.एल. परिवार के सदस्यों को 15 किलोग्राम चावल नहीं दे पा रही, एफ.सी.आई. द्वारा चावल उपलब्ध नहीं कराने के कारण, अतः वह हर बी.पी.एल. परिवार के प्रत्येक सदस्य को प्रतिमाह चावल के एवज में 140 रू. उसके खाते में जमा करायेगी।
- छत्तीसगढ़ व राजस्थान सरकार भी कर्नाटक की भांति लोकसभा चुनाव से पूर्व, इस क्रियान्वयन को ''शो केस'' करना चाहती हैं। पर, क्या विधानसभा चुनाव से पूर्व 5 महीनों में यह क्रियान्वयन संभव है?

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिज़म
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क- 94602 07080

# रेलवे जनरल बोगियों में 20 रु. में पूड़ी-सब्जी उपलब्ध करायेगा

नयी दिल्ली, 19 जुलाई (वार्ता)। देश में चुनावी मौसम शुरू होते ही भारतीय रेल्वे को गरीबों की याद आने लगी है और इसी क्रम में अब जनरल डिब्बे में यात्रा करने वालों के लिए मात्र 20 रुपये में पूड़ी-सब्ज़ी उपलब्ध कराने का फैसला किया है।

भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने गरीब यात्रियों के लिए 20 रुपये में सात पूड़ियां (175 ग्राम), आलू की सब्ज़ी (150 ग्राम) और अचार (12 ग्राम) की इकॉनोमी मील शुरू की है।

इसके अलावा 50 रुपये में स्नैक्स मील का मैन्यू भी शुरू किया गया है इस करीब 350 ग्राम के इस मील में चावल और छोले/राजमा, खिचड़ी, छोले एवं

( शेष पृष्ठ 6 पर )

- आई.आर.सी.टी.सी. केन्द्र सरकार की इस योजना का संचालन करेगा। इसके अलावा 50 रुपये में चावल और स्नैक्स मील का मैन्यू भी शुरू किया गया है।

# लोकसभा चुनाव क्या केवल ''इण्डिया'' व एन.डी.ए. के बीच ही है?

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 19 जुलाई। अगले वर्ष होने वाले आम चुनावों में एन.डी.ए. बनाम इंडिया की लड़ाई में, इनमें शामिल दलों की जो सूची सामने आई है, उसमें एक महत्वपूर्ण बिन्दु ध्यान में नहीं आया है। यह महत्वपूर्ण बिन्दु है- उन तटस्थ दलों की संभावित भूमिका, जो बैंगलुरु तथा दिल्ली में हुई दो मीटिंगों में से किसी भी मीटिंग में शामिल नहीं हुये हैं, दोनों ही गठबंधनों से दूर रहे हैं। इनमें से मजबूत क्षेत्रीय दल जैसे बीजू जनता दल, वाय.एस.आर.सी.पी., भारत राष्ट्र समिति और शिरोमणि अकाली दल है जबकि इसी श्रेणी के अन्य दलों जैसे- बसपा, जद (एस.), ए.आई.एम.आई.एम. तथा तेलुगु देशम पार्टी की भी अनदेखी नहीं की जा सकती है। इन पार्टियों के नेता ज्यादातर भाजपा के प्रति नर्म रुख रखते दिखाई देते हैं। लेकिन जब चुनावी दाँव-पेचों की बात आती है, तो यह कहना बड़ा मुश्किल हो जाता है कि इन पार्टियों के नेता कौन सा करवट लेंगे। जहाँ एन. चंद्रबाबू नायडू की पार्टी सहित, कुछ पार्टियाँ भाजपा के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन के लिये बातचीत करती बताई जा रही हैं, वहीं तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव भी भाजपा की ओर झुकते दिखाई दे रहे हैं। जहाँ इस बिन्दु को लेकर भाजपा राहत में नज़र आ रही है, लेकिन वह इन पार्टियों के समर्थन को सुनिश्चित मानकार नहीं चलना चाहेगी। बीजू जनता दल ने नये संसद भवन के उद्घाटन समारोह के बहिष्कार के विपक्ष के आव्हान को अस्वीकार कर दिया तथा नोटबंदी, सर्जिकल स्ट्राइक तथा अनुच्छेद 370 की समाप्ति जैसे मुद्दों पर एन.डी.ए. का समर्थन किया था, उसी बीजू जनता दल ने हाल ही में घोषणा की है कि वह संसद के मानसून सत्र में भाजपा का सामना करेगी।

भाजपा ने विपक्षी एकता के प्रयासों को खारिज करने की कोशिश करते हुये, दिल्ली में एन.डी.ए. की एक विपक्ष से भी बड़ी मीटिंग कर डाली, जिसमें 39 दलों के नेता शामिल हुये, जबकि बैंगलुरु

( शेष पृष्ठ 6 पर )

- ''न्यूट्रल'' पार्टियाँ भी काफी महत्व रखती हैं, हालांकि पार्टियों की संख्या की दृष्टि से भाजपा इस क्षेत्र में भी आगे है, क्योंकि, विपक्ष की बैठक में 26 राजनीतिक पार्टियों की तुलना में, एन.डी.ए. के सम्मेलन में 39 पार्टियाँ थीं।
- पर, एन.डी.ए. के सम्मेलन में 11 पार्टियाँ तो नॉर्थ ईस्ट की थीं तथा बाकी छोटे-छोटे दल थे जिनका प्रभाव काफी सीमित क्षेत्र में ही है।
- दूसरी ओर विपक्ष की बैठक में पांच मु.मंत्री थे, ममता बनर्जी, स्टालिन, केजरीवाल, हेमन्त सोरेन, व नीतीश कुमार।
- और भी कई स्थापित नेता, जैसे, शरद पवार, सोनिया गांधी, लालू यादव, राहुल गांधी, अखिलेश यादव व उद्धव ठाकरे उपस्थित थे।

# भाजपा के 10 विधायक निलंबित

बैंगलुरु, 19 जुलाई। कर्नाटक में भाजपा के 10 विधायकों को बुधवार को विधानसभा के शेष सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। सदन में अशोभनीय और अपमानजनक आचरण को लेकर यह कार्रवाई हुई। विधानसभा सत्र से भाजपा के विधायकों को सत्र के लिए निलंबित किए जाने के बाद भाजपा और जे.डी.एस. ने स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का नोटिस दिया। इस बीच, विधानसभा के बाहर प्रदर्शन कर रहे पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत अन्य नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। बीजेपी के ये नेता पार्टी विधायकों के

( शेष पृष्ठ 6 पर )

- इस निलंबन के विरोध में भाजपा और जे.डी.एस. ने कांग्रेस के विरुद्ध एकजुट होकर विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का नोटिस दिया।

# 'अमेरिका व चीन के बीच संबंध इतने खराब हैं कि, छोटी सी गलतफहमी भी विकराल रूप धारण कर सकती है'

## हैनरी किसिंजर, जो 1969 से 1976 तक अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे और जिन्हें श्रेय जाता है, 1970 के दशक में चीन व अमेरिका के बीच पहली बार ''डायलॉग'' स्थापित करने का, आज चीन-अमेरिका संबंधों की स्थिति से काफी दुखी हैं

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 19 जुलाई। अमेरिका के राजनैतिक विश्लेषक हेनरी किसिंजर जिन्होंने अमेरिका व चीन के बीच मेल करवाया था, इन दिनों दुखी हैं पर निराश नहीं हैं।

अमेरिका के इस जाने-माने डिप्लोमैट को लगता है कि अमेरिका की चीन के प्रति जो वर्तमान नीति है उसमें भारी कमियां हैं। दोनों देश टकराव के कगार पर हैं। और चूंकि चीन एवं अमेरिका के रिश्ते बिगड़ गए हैं इसलिए गलतफहमी का भी भारी खतरा है।

किसिंजर 1969-76 में अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और सैक्रेटरी ऑफ स्टेट (विदेश मंत्री) थे तब अमेरिका की विदेश नीति को आकार देने में उनकी अहम् भूमिका थी।

अमेरिका के जाने-माने शिक्षाविद् प्रो. थॉमस ए. श्वाट्र्ज, जिन्होंने हेनरी किसिंजर एण्ड अमेरिकन पावर: ए पोलिटिकल बायोग्राफी'' किताब लिखी है, के अनुसार भारत व चीन के रिश्ते बनाने में रणनीतिकार के रूप में किसिंजर की अहम भूमिका थी, उन्होंने दोनों देशों के बीच संबंध सामान्य करने की प्रक्रिया, आपसी वार्ता और कूटनीतिक संबंधों को शुरु करने का पथ प्रशस्त किया था जो आज भी वैश्विक परिदृश्य को प्रभावित कर रहा है। आज भी वे शांति व सहयोग की बात करता है और अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर अपनी राय देते हैं तथा परस्पर सहयोग के समाधानों के महत्व पर जोर देते हैं।

किसिंजर अमेरिका व चीन की वर्तमान स्थिति की तुलना प्रथम विश्व युद्ध से पहले की ग्रेट ब्रिटेन व जर्मनी की स्थिति से करते हैं। प्रथम विश्वयुद्ध

( शेष पृष्ठ 6 पर )

- किसिंजर के अनुसार, आज चीन व अमेरिका के संबंधों की वही स्थिति है, जो प्रथम विश्व युद्ध से पहले इंगलैण्ड व जर्मनी के संबंधों की थी।
- दोनों देशों में काफी आपसी व्यापार व व्यवसायिक लेन-देन था, पर, इंगलैण्ड को आशंका थी कि, जर्मनी यूरोप पर छाना चाहता है तथा जर्मनी की यह धारणा थी कि, इंगलैण्ड उसे अन्तर्राष्ट्रीय पावर नहीं बनने देना चाहता।
- डायलॉग के अभाव में यह अविश्वास इतना बढ़ा कि, प्रथम विश्व युद्ध में इसका ''क्लाइमैक्स'' हुआ।
- चीन व अमेरिका, दोनों अपने आप को विशेष ''सभ्यता'' मानते हैं, जिसका अनुसरण पूरे विश्व को करना चाहिये। अगर चीन व अमेरिका में भी ''डायलॉग'' नहीं जारी रहा तो, यह प्रतिस्पर्धा युद्ध में परिवर्तित हो सकती है।

# सुप्रीम कोर्ट ने तीस्ता सीतलवाड़ की रैगुलर जमानत मंजूर की

नयी दिल्ली, 19 जुलाई (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने गुजरात के 2002 दंगों से संबंधित कथित मनगढ़ंत सबूत बनाने और गवाहों को प्रभावित करने की आरोपी सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को बुधवार को नियमित जमानत दे दी।

सीतलवाड़ पर गुजरात सरकार और तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को उन दंगों के मामले में कथित तौर पर हाथ होने के लिए बदनाम करने की साजिश रचने के आरोप हैं।

( शेष पृष्ठ 6 पर )

- तीस्ता सीतलवाड़ पर आरोप है कि उन्होंने गुजरात सरकार और तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को 2002 में हुए दंगों के मामले में कथित तौर पर हाथ होने का आरोप लगाते हुए बदनाम करने की साजिश रची थी।

## विचार बिन्दु

निरंतर विकास जीवन का एक नियम है। और जो भी व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए अपनी रूढ़िवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को एक गलत स्थिति में पंहुचा देता है। –महात्मा गांधी

# अच्छे लोग राजनीति में क्यों नहीं, कब आएंगे?

वर्तमान राजनीतिक पटल पर यह स्पष्ट हो गया है कि समस्त विधानसभाओं के 4001 सदस्यों में (रिपोर्ट एडीआर संस्था-एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स) 44 प्रतिशत सदस्यों के खिलाफ क्रिमिनल केसेस दर्ज हैं, उनमें से 28 प्रतिशत के खिलाफ गंभीर केसेज दर्ज है जिनमें 5 वर्ष या अधिक सजा का प्रावधान है। इस प्रकार 1136 विधानसभा सदस्यों के खिलाफ ऐसे कैसेज हैं। इनमें से प्रत्येक की औसत आय 13.8 करोड़ है ।

समस्त विधायकों की औसत संपत्ति 16.36 करोड़ रुपए है जबकि बिना अपराधिक मामलों के सदस्यों की औसत संपत्ति 11.45 करोड़ है। इस प्रकार स्पष्ट है कि धन-बल के आधार पर और क्रिमिनल केस दर्ज होने के बावजूद ऐसे लोग ही विधानसभा में पहुंचते हैं और अच्छे लोगों का वहां पर अभाव है।

ईमानदार लोग क्यों नहीं चुनकर जाते?

धन-बल के आधार पर दागी अपराधीगण को जनता चुनकर भेजती है। कारण साम दाम दंड भेद का है, जिसे हर राजनीतिक पार्टी अपनाती है इसमें शासक दल की अधिक जिम्मेदारी है क्योंकि बीजेपी के 479 ऐसे हैं जो दागी है, इनमें से 337 के खिलाफ गम्भीर केस हैं। दूसरी बड़ी पार्टी इंडियन नेशनल कांग्रेस है, जिसके 334 विधायको के खिलाफ क्रिमिनल एवं 194 के खिलाफ गंभीर मामले दर्ज है।

अन्य पार्टियों में डीएमके, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी वाईएसआर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, भारत राष्ट्रीय समिति तेलंगाना, राष्ट्रीय जनता दल पार्टी, कमुनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया एवं बीजूजनता दल के हैं, जिनमे 42 से 76 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं और गंभीर मामले 32 से 43 प्रतिशत हैं। अन्य पार्टियों में शिवसेना, झारखंड मुक्ति मोर्चा, एआईडीएम के शामिल है।

2019 लोकसभा के बीजेपी के 116 सांसद के खिलाफ क्रिमिनल रिकॉर्ड है जबकि इंडियन नेशनल कांग्रेस के 29, डीएमके के 10, तृणमूल कांग्रेस टीएमसी के 9 और जेडीयूके 13 सदस्यों के खिलाफ अपराधिक मामले दर्ज हैं।

गंभीर मामलों में बीजेपी के 87, कांग्रेस के 19, तृणमूल के चार और जदयु 8 हैं।

केंद्रीय मंत्रि मंडल के सदस्यों में 56 में से 22 मंत्रियों के विरुद्ध आपराधिक केस दर्ज है और कुल 61 केस है। दूसरे किसी देश में इतने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले संसद सदस्य नही हैं।

अपराधिक लोग इसलिए चुनाव में खड़े होते हैं क्योंकि राजनीतिक पार्टियां उन्हें खड़ी करती हैं और खासतौर से उन्हें जीताऊ इसलिए बताया जाता है कि वह चुनाव के अंदर हर तरह का खर्च कर सकते हैं। यह पाया गया है कि चुनाव में कपड़े-मोबाइल, कुकिंग के सामान, शराब और कैश बांटे जाते हैं मतदाताओं को लुभाने के लिए।

ऐसा अनुमान है संसद के चुनाव में उम्मीदवार जितना खर्च करते हैं वह अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव खर्च से कहीं ज्यादा है।

**त्रिलोचन शास्त्री जी ने आशा व्यक्त की है कि ऐसा संभव हो पाएगा । यह क्रांतिकारी परिवर्तन होगा किंतु इसका नेतृत्व मध्य वर्ग के लोगों को आगे आकर करना होगा । नेतृत्व के बिना कोई आंदोलन सफल नहीं हो सकता। क्रांतिकारी कदम क्रांतिकारी बुद्धिजीवी उठा सकते हैं।**

राजनीतिक पार्टियां छल बल और संपत्ति के बल पर चुनाव जीतने वाले उम्मीदवार का सहयोग करती हैं और उन्हें खड़ा करती हैं।

इसका विकल्प क्या है? अच्छे लोग चुनाव लड़ना पसंद नहीं करते क्योंकि उनके पास न तो खर्च के लिए संपत्ति है और ना ही छल बल का साधन।

क्या असहाय हो कर मूक जनता ऐसे वोट देती रहेगी ?

राजनीति का शुद्धीकरण किस प्रकार होगा यह कोई भविष्यवाणी नहीं कर सकता है।

यह बात स्पष्ट है कि राजनेता अपने हलफनामा के जरिए स्वयं अपने अपराधी होने का तथ्य स्वीकार कर चुके हैं। चुनाव आयोग के सामने यह सभी तथ्य प्रकट हो चुके हैं किंतु चुनाव आयोग भी इस संबंध में कोई कार्यवाही करने में अपने को असमर्थ पा रहा है।

प्रश्न यह है कि हम किस प्रकार का परिवर्तन चाहते हैं और यह परिवर्तन कैसे आएगा ?

निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि यह परिवर्तन अपने आप से नहीं आएगा।

इसके लिए मतदाता एकजुट होकर यह समझने का प्रयास करें कि राजनीति का अपराधीकरण किस प्रकार रोका जाए ।

त्रिलोचन शास्त्री एडीआर के फाउंडर चेयरमैन हैं। उन्होंने अपने एक लेख 12 जुलाई को दी हिंदू में लिखा है कि जब मतदाताओं को इसका पूरा ज्ञान हो जाएगा, एहसास हो जाएगा कि राजनीति में अपराधी घुस गए हैं और साम दाम दंड भेद के आधार पर राजनीति हो रही है, तो उन्हें रोकने के लिए चुनाव में अच्छे लोगों को भेजना होगा। चुनाव में अच्छे लोगों को जिताने के लिए मध्यवर्ग के लोगों को आगे आना होगा अन्यथा अपराधीकरण और पैसे के बलबूते पर चुनाव जीते जाएंगे और ऐसा ही क्रम चलता रहेगा।

अभी तो खर्च की सीमा है– वह संसद के लिए 90 लाख रुपये है और विधानसभा के लिए 40 लाख है किंतु इससे कहीं अधिक खर्च किया जाता है। सभी जानकारी प्राप्त होने पर जागरुक मतदाता अपना मतदान दे सकेगा।

त्रिलोचन शास्त्री जी ने आशा व्यक्त की है कि ऐसा संभव हो पाएगा । यह क्रांतिकारी परिवर्तन होगा किंतु इसका नेतृत्व मध्य वर्ग के लोगों को आगे आकर करना होगा । नेतृत्व के बिना कोई आंदोलन सफल नहीं हो सकता।

मीडिया मैनेजमेंट इस प्रकार किया जाता है कि सभी मीडिया शासन का गुणगान करते हैं और विरोधी दल के सदस्यों की आलोचना भरपूर करते हैं। शासक दल के समाचारों को प्रधानता देते हैं और इसके लिए उन्हें मजबूर भी किया जाता है।

मीडिया प्रबंधन को जब एहसास होगा एवं वे शासक दल के चंगुल से अपने आप को मुक्त कर सकें तो निश्चित रूप से जनता को इसका एहसास होगा अन्यथा यह समझने में देर नहीं होगी कि मीडिया का प्रभाव उसके ऊपर अनावश्यक रूप से डाला जा रहा है और सच्चाई को छिपाया जा रहा है। इसलिए सच्चाई की जानकारी उसे स्वयं हासिल करनी होगी और निर्णय करना होगा की मीडिया के द्वारा कहां प्रभाव किस प्रकार अनावश्यक रूप से डाला जा रहा है। सच्चाई जानने के बाद उसे अपना वोट इस प्रकार निष्पक्ष रुप से डालना होगा ताकि सरकार में आवश्यक परिवर्तन हो सके।

क्रांतिकारी कदम क्रांतिकारी बुद्धिजीवी उठा सकते हैं। वर्तमान में ऐसा प्रतीत नहीं होता है। किंतु इस दिशा में जनता को सोचने के लिये मजबूर करने के लिये शास्त्री जी द्वारा प्रस्तुत अध्ययन अवश्य प्रेरित करेगा।

**–आई सी श्रीवास्तव,**
**आई.ए.एस. रिटायर**

# जर्जर भवन की टपकती छत के नीचे 10 कर्मचारी ड्यूटी कर रहे हैं

## युवाओं का पंजीयन करने वाले जिला रोजगार कार्यालय को भवन का इंतजार

- **लगभग 50 साल से इस कार्यालय को खुद का भवन नसीब नहीं हो रहा है**
- **करीब 20 साल से श्रम विभाग से उधार में मिले जर्जर भवन के तीन कमरों में चल रहा है कार्यालय**

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** युवाओं को शानदार रोजगार के ख्वाब दिखाने और मुख्यमंत्री संबल योजना के तहत बेरोजगारी भत्ते के लिए युवाओं का पंजीयन करने वाले जिला रोजगार कार्यालय को खुद संबल मिलने का इंतजार है। लगभग 50 साल से इस कार्यालय को खुद का भवन नसीब नहीं हो रहा।

करीब 20 साल से श्रम विभाग से उधार में मिले जर्जर भवन के तीन कमरों में चल रहे इस कार्यालय की छत भी अब मामूली बरसात में टपकने लगी है। भारी बरसात के दौरान तो पत्थर की पट्टी वाली छत से पानी की धार बहने लगती है। यह स्थिति पिछले तीन साल से बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार करीब 20 साल पहले तक रोजगार कार्यालय जवाहर नगर के सेक्टर 6 में किराए के एक भवन में संचालित हो रहा था।

उसके बाद इसे श्रम विभाग के तीन कमरों में स्थानांतरित कर दिया गया। लेकिन यह भवन भी कई वर्षों से जर्जर अवस्था में है, जिसमें बैठकर काम करना विभाग के 10 कर्मचारियों के लिए जान जोखिम में डालने के बराबर है। पिछले दिनों बरसात के दौरान पानी गिरने के चलते एक कमरा पूरी तरह से खाली करना पड़ा। संबल योजना में जिलेभर के हजारों युवाओं का डेटा व दस्तावेज संभालने वाले रोजगार कार्यालय के कर्मचारियों को अब बैठने के लिए दो ही कमरे बचे हैं जिनकी दीवारें भी सीलन से गल चुकी हैं। जूनियर एंप्लॉयमेंट ऑफिसर विष्णु अग्रवाल के अनुसार जर्जर भवन में बैठकर काम करना 10 कर्मचारियों के लिए जोखिम भरा है। साथ ही कमरों में बरसात का पानी गिरने व सीलन के कारण कंप्यूटर व अन्य उपकरणों को भी नुकसान हो रहा है।

वहीं, हर रोज पंजीयन के आने वाले 50-60 युवाओं के लिए भी बरसात के पानी से गल चुकी छत के नीचे खड़े रहकर अपना काम करवाना खतरे से खाली नहीं है। पर्याप्त एरिया वाला भवन नहीं मिल पाने के कारण एमसीसी का काम नहीं हो पा रहा। विभाग को इसके लिए तीन साल से 3 हजार स्कवेयर फीट के भवन की तलाश की जा रही है। इसके लिए विभाग ने पीडब्लूयूडी से भी संपर्क किया था। लेकिन भवन नहीं मिल पाया।

जिला रोजगार अधिकारी सुखमन जोहल ने बताया कि 3000 स्कवेयर फीट भवन के लिए या भूमि दिलवाने के लिए जिला कलेक्टर से भी आग्रह किया जा चुका है। उन्हें जर्जर भवन के फोटो वीडियो भी दिखाए गए हैं ताकि भवन या भूमि आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जा सके।

# नौवीं कक्षा की 3.50 लाख छात्रायें साइकिल से महरूम

## शैक्षणिक सत्र 2022-23 में साढे तीन लाख बेटियां पैदल चलकर ही पहुंची स्कूल

- **ग्रामीण क्षेत्रों में बेटियों को साधनों का अभाव होने के कारण स्कूल आने जानें में काफी परेशानियों का सामना किया**

**बीकानेर, (निसं)।** राज्य सरकार के सबसे बड़े विभाग शिक्षा विभाग में शैक्षणिक सत्र 2022-23 को खत्म हुए तीन माह का समय होने वाला है। लेकिन इस बार राज्य की सरकारी स्कूलों में कक्षा नौवीं में अध्ययनरत लगभग 3 लाख 50 हजार बेटियों को नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के माध्यम से अभी तक साइकिल नहीं मिली है और पता भीं नहीं है की कब तक मिलेगी। इस कारण से बेटियों को इस पूरे सत्र में पैदल चलकर ही स्कूल तक जाना पड़ा है।

खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में बेटियों को साधनों का अभाव होने के कारण स्कूल आने जानें में काफी परेशानियों का सामना किया है ओर कर रही है । शिक्षक नेता मोहर सिंह सलावद ने कहा की लेकिन शिक्षा विभाग व राज्य सरकार की ओर इस मामले में गंभीरता नही दिखाई जा रही जिसका खामियाजा बेटियों को भुगतना पड़ रहा है। खास बात यह है कि शिक्षा विभाग द्वारा हर सत्र में सितंबर माह में कक्षा नौवीं में अध्यनरत बालिकाओं के नामांकन की सूचना जिला वार मांग ली जाती थी। लेकिन अबकी बार नया सत्र 2023-24 शुरू हो गया है और कक्षा नौवीं में पढ़ने वाली बेटीयां कक्षा दसवीं में पहुंच चुकी है लेकिन अभी तक सूचना तक नहीं मांगी गई है। हैरानी की बात यह है कि विभाग के अधिकारियों से इस मामले में बात की जाती है तो उनके पास भी कोई जानकारी नहीं है कि बेटियों को कब तक साइकिलों का वितरण किया जाएगा। जबकि अभिभावक स्कूल आकर संस्था प्रधानों से पूछ रहे हैं कि बेटियों को साइकिल कब तक मिलेगी। लेकिन संस्था प्रधानों के पास कोई जबाब ही नहीं है। साथ ही इस सत्र में ये भी असमंजस है की इस बार साइकिलों की जगह चेक मिलने की बात भी सामने आ रही है। लेकिन शिक्षा विभाग की ओर से अभी तक ऐसा आदेश जारी नहीं हुआ है। राज्य की लाखों बेटियों को साइकिल का बेसब्री से इंतजार है लेकिन ये इंतजार कब खत्म होगा कह नहीं सकते हैं।

राज्य में इस बार सरकारी स्कूलों में कक्षा 6 से 8 तक पढ़ने वाली छात्राओं को भी नि:शुल्क साइकिल मिलेगी। राज्य में कक्षा 6 से आठवीं तक सभी वर्गो की लगभग 1304887 लाख बेटियां अध्ययनरत है। यह पहला अवसर होगा जब आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ईडब्लूएस की छात्राओं को साइकिल दी जाएगी। जिनकी संख्या लगभग 2 लाख होगी। इस नई योजना में वरीयता के आधार पर चयन होगा। जिसमें माता-पिता की वार्षिक आय एक लाख से कम होने पर ही इस योजना का लाभ मिलेगा। अन्य किसी साइकिल योजना में लाभान्वित हो चुकी छात्राओं को इस योजना में पात्र नहीं माना जाएगा।

शिक्षा सत्र 2022-23 खत्म हुए तीन माह का समय होने जा रहा है और कक्षा नौवीं में पढ़ने वाली लाड़ो कक्षा नौवी पास करके अगली कक्षा दसवीं में पहुंच गई है। फिर भी कक्षा नौवीं में पास कर चुकी लाखों बेटियों को साइकिल नहीं मिलने के मामले को राज्य सरकार व शिक्षा विभाग को गंभीरता से नहीं ले रहे है। संघ की मांग है की बेटियों को 30 जुलाई, 2023 से पूर्व नि:शुल्क साइकिलो का वितरण करना चाहिए। जिससे बेटियों को घर से स्कूल तक आने जाने में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। साथ ही कक्षा 6 से आठवीं तक सरकारी स्कूलों में पढ़ाई कर रहीं सभी वर्गो की बेटियों को साइकिल मिलनी चाहिए।

# पंचायत ने पुलिया बनाकर खेतों पर जाने का रास्ता बंद किया

- **पूर्व विधायक रणधीर सिंह भीण्डर ने कहा कि पंचायत समिति से इसकी जांच करवा करके रास्ता खुलवाया जायेगा**
- **जन संवाद यात्रा के दौरान प्रेमनगर में ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली आदि की भी समस्याओं से अवगत करवाया**



जन संवाद यात्रा के दौरान लोगों से संवाद करते हुए पूर्व विधायक रणधीर सिंह भीण्डर।

**भीण्डर, (निसं)।** जनता सेना राजस्थान द्वारा निकाली जा रही जन संवाद यात्रा बुधवार को बांसड़ा और वरणी पंचायत के विभिन्न गांवों में पहुंची। इस दौरान प्रेमनगर के लोगों ने बताया कि पंचायत ने एक पुलिया बनाई जिससे खेतों में जाने का रास्ता ही बंद हो गया है, मवेशियों को भी नहीं ले जा पाते हैं। इस पर पूर्व विधायक रणधीर सिंह भीण्डर ने कहा कि पंचायत समिति से इसकी जांच करवा करके रास्ता खुलवाया जायेगा। इसके अलावा ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली आदि की भी समस्याओं से अवगत करवाया।

जन संवाद यात्रा के दौरान महिलाओं ने दीपेंद्र कुंवर को विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। जिसमें बताया कि बुजुर्ग महिलाओं के पेंशन नहीं आ रही है। वहीं महिलाओं को नरेगा में भी रोजगार पूरा नहीं मिलने की समस्या बताई। जन संवाद यात्रा बुधवार को लालजी का खेड़ा, बांसड़ा की गायरियावास, बांसड़ा, प्रेमनगर, बांसड़ा खेड़ा, कियाखेड़ा गांव में पहुंची। जन संवाद यात्रा गुरुवार को भोपाखेड़ा पंचायत के खानावतों का फला, गुजरियों का फला, चोरों का फला, बोडों का फला, वेरीफला, रायला, समेल फुसरिया, सिंगाड़ी खेड़ा, डायरा का खेड़ा, राजपूत बस्ती, फुसरिया, भोपाखेड़ा, मेघवाल बस्ती हमेरपुरा, ब्राह्मणों की बस्ती हमेरपुरा, अहीरों का मोहल्ला हमेरपुरा आदि में जायेगी।

# एक साथ जन्मे चार बच्चों की मौत

- **दो लड़के और दो लड़कियां थी, मां की हालत में सुधार**

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** यहां महिला ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया था। मां को एक साथ चार बच्चों के जन्म की खुशी मिली थी। पूरा परिवार बच्चों के जन्म पर खुश था लेकिन ये खुशी केवल 17 घंटे की थी। कम वजन के कारण चारों बच्चों ने आज सुबह दम तोड़ दिया। बच्चों में दो लड़के और दो लड़कियां थी।

श्रीबिजयनगर की रहने वाली महिला शालू पत्नी गुलविंद्र सिंह यादव कॉलोनी की रहने वाली है। गर्भवती होने के दौरान उन्हें अल्ट्रासाउंड के दौरान पेट में चार बच्चे होने की जानकारी मिली थी। तब परिवार ने डिलीवरी के लिए श्रीगंगानगर के सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था। महिला की सामान्य डिलीवरी हुई और एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया। डिलीवरी के बाद बच्चों को नर्सरी में शिफ्ट किया गया था। बच्चों का वजन 600 से 650 ग्राम था। वजन कम होने पर बच्चों ने आज सुबह करीब आठ बजे दम तोड़ दिया। महिला की हालत सामान्य है। उनका पति ट्रक चलाता है।

गायनिक विभाग की हैड ऑफ द डिपार्टमेंट डॉ.स्वाति सिंह बताती हैं कि शालू की डिलीवरी 28 से 29 सप्ताह में हुई है।

आमतौर पर डिलवरी का निर्धारित समय 37 सप्ताह है। ऐसे में बच्चे प्री मैच्यौर होना सामान्य बात है। डॉ.स्वाति सिंह के अनुसार प्री मैच्यौर और कम वजन के बच्चों का लालन पालन मुश्किल होता है। इनके सभी अंग सही तरीके से काम नहीं कर रहे होते। ऐसे में इन्हें विशेष देखभाल की जरूरत होती है। पीएमओ डॉ. केएस कामरा ने बताया कि सरकारी अस्पताल में यह अपनी तरह का पहला मामला रहा। इससे पहले एक प्राइवेट अस्पताल में एक महिला ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया था। वह महिला पंजाब की थी। श्रीबिजयनगर की महिला के चार बच्चे पैदा होने के कुछ समय बाद बुधवार सुबह चारों बच्चों की मौत हो गई। महिला पूरी तरह स्वस्थ है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**गुरूवार 20 जुलाई, 2023**

प्रथम सावन मास (अधिक), शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, आश्लेषा नक्षत्र दिन 10:55 तक, सिद्धि योग दिन 11:22 तक, तैतिल करण सांय 5:45 तक, चन्द्रमा दिन 10:55 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-सिंह, बुध-कर्क, गुरू-मेष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज रवियोग दिन के 10:55 से सांय 4:56 तक है। आज से मुहर्रम मु.मास 10 हिजरी सन 1445 आरम्भ होगा।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:30 तक, चर 10:52 से 12:33 तक, लाभ-अमृत 12:33 से 3:55 तक, लाभ 5:36 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:44, सूर्यास्त 7:17

### मेष
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### वृष
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी।

### मिथुन
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

### सिंह
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा।

### कन्या
आर्थिक/वित्तीय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा।

### तुला
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा।

### वृश्चिक
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

### धनु
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आवश्यक कार्यों के बिगड़ने का भय बना रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### मकर
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक परेशानी बनी रहेगी।

### कुंभ
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

### मीन
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। रचनात्मक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

# मंत्री खाचरियावास के भतीजे ने होटल काउन्टी इन में मंगलवार देर रात की तोड़फोड़

## शराब के नशे में अपने 20-25 साथियों के साथ होटल गेस्ट और स्टाफ से गाली गलौच कर मारपीट भी की

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के वैशाली नगर इलाके में होटल काउंटी इन में मंगलवार देर रात को खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के भतीजे हर्षदीप सिंह खाचरियावास ने अपने 20-25 साथियों के साथ मिलकर शराब के नशे में होटल स्टॉफ और गेस्ट से गाली गलौच कर तोड़फोड़ की। होटल स्टॉफ की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद भी आरोपी पुलिस की मौजूदगी में भी मारपीट करते रहे। यह पूरा घटनाक्रम होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। बुधवार रात को आरोपियों के खिलाफ होटल संचालक की ओर से थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई।

होटल संचालक अभिमन्यु सिंह ने बताया कि मंगलवार देर रात करीब 10.30 बजे हर्षदीप सिंह खाचरियावास अपने 5-7 दोस्तों के साथ खाना खाने होटल में आया। इस दौरान हर्षदीप और उसके साथी तेज आवाज में बातें करने लगे। आसपास बैठकर खाना खा रहे लोगों ने उनसे धीरे बातें करने को कहा। इस पर वह नाराज हो गया। होटल मैनेजर व स्टॉफ ने भी उन्हें जोर से बातें नहीं करने को कहा तो वह और नाराज हो गया। इस बीच उसकी व उसके साथियों की होटल के एक गेस्ट से कहासुनी हो गई। इसके बाद गेस्ट अपने रूम में चला गया। हर्षदीप ने होटल स्टाफ से गेस्ट का रूम नम्बर मांगा। होटल स्टाफ ने गेस्ट की प्राइवेसी को देखते हुए जानकारी नहीं दी। इसके बाद उसने फोनकर के अपने 20-25 लोगों को और होटल में बुला लिया और तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। होटल स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी।



राजधानी जयपुर के वैशाली नगर इलाके में होटल काउंटी इन में मंगलवार देर रात को खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के भतीजे हर्षदीप सिंह खाचरियावास ने अपने 20-25 साथियों के साथ मिलकर शराब के नशे में होटल स्टॉफ और गेस्ट से गाली गलौच कर तोड़फोड़ की।

- यह पूरी घटना होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।
- होटल संचालक का कहना है कि वारदात के बाद पुलिस और आरोपियों की ओर से राजीनामा करने का दबाव बनाया जा रहा है।
- मामले में देर रात को वैशाली नगर थाने में एफआईआर दर्ज हुई।
- शाम को एक वीडियो सामने आया जिसमें बताया कि हर्षदीप का इस लड़ाई से कोई लेना-देना नहीं है

रात करीब 3 बजे तोड़फोड़ के दौरान गेस्ट भी लॉबी में आ गया। पुलिस की मौजूदगी में हर्षदीप और उसके साथियों ने उससे व स्टाफ से मारपीट की। पुलिस ने होटल गेस्ट और स्टाफ को बचाने की कोशिश की। पुलिस गेस्ट को अपने साथ थाने ले जाने लगी। इस दौरान हर्षदीप ने गेस्ट के साथ होटल के बाहर भी मारपीट की गई। पुलिस घटनाक्रम देखती रही। बाद में पुलिस होटल गेस्ट को लेकर मौके से चली गई और उसे किसी सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। इतना सब होने पर भी हर्षदीप और उसके साथी नहीं माने और होटल के सर्वर रूम में घुसकर वहां मौजूद लड़के से मारपीट कर तोड़फोड़ कर दी।

होटल संचालक अभिमन्यु सिंह ने बताया कि वह रात को मौके पर नहीं था। हर्षदीप ने होटल स्टाफ से मेरा मोबाइल नम्बर लेकर बात की। हर्षदीप ने कहा कि वह करण सिंह खाचरियावास का बेटा है। अभी मेरे पिता को फोन लगाऊं क्या। इसके बाद अभिमन्यु ने कहा कि होटल आप का ही है, लेकिन होटल में तोड़फोड़ और मारपीट सही नहीं है। फिर हर्षदीप अपने साथियों के साथ चला गया। यह सब घटना होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। अभिमन्यु सिंह ने वैशाली नगर थाना पुलिस को मारपीट और तोड़फोड़ के सीसीटीवी फुटेज दिए, लेकिन पुलिस ने दिनभर उसकी एफआईआर दर्ज नहीं की है। अभिमन्यु सिंह ने बताया कि दिन भर पुलिस उस पर मामले में राजीनामा करने का दबाव बनाती रही। वहीं हर्षदीप की ओर से भी उसे फोन पर धमकाया गया। उसने बताया कि वह होटल में हुई मारपीट की शिकायत को लेकर बुधवार सुबह से डीसीपी वेस्ट और वैशाली नगर थाने के चक्कर काटता रहा। उसकी शिकायत को पुलिस ने दर्ज नहीं किया। रात को पुलिस ने मामले होटल मालिक अभिमन्यु सिंह के पिता भवानी सिंह की ओर से दी गई शिकायत पर एफआईआर दर्ज की।

इस पूरे प्रकरण को लेकर होटल कारोबारियों में खासा आक्रोश है। उनका कहना है कि इस संबंध में एफआईआर दर्ज कर पुलिस को जल्द से जल्द गिरफ्तारी करनी चाहिए। होटल में तोड़फोड़, मारपीट और धमकाने के वीडियो सामने आने के बाद अभिमन्यु सिंह ने होटल एसोसिएशन से मदद मांगी है। उनका कहना है कि इस तरह से काम नहीं किया जा सकता।

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्षद मनोज मुद्गल ने पत्रकारों को एक वीडियो और स्पष्टीकरण भेजा। वीडियों में सिरसी रोड निवासी अंकित शर्मा नाम के युवक की ओर से घटना के बारे में जानकारी दी गई। वीडियों में युवक ने कहा कि वह अपनी धर्मपत्नी और मित्र के साथ बैठे थे। उनके पड़ौस में बैठे एक व्यक्ति ने वेवजह हमला किया और अश्लील हरकतें की। फिर भी होटल संचालक और प्रबंधक ने उन पर कोई कार्रवाई नहीं की। होटल में सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे। जब वहां दो व्यक्तियों के बीच झगड़ा बढ़ा तब वहां हर्षदीप खाचरियावास बीच बचाव में उनरे थे उनका इस लड़ाई और दोनों पक्षों से कोई लेना देना नहीं था।

हालांकि कांग्रेस पार्षद मनोज मुद्गल और वीडियों में दिखाई दे रहे युवक की बातों में कितनी सच्चाई है इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता।

# 'मैं खुद सेफ नहीं, मुझ पर हमला करने वाले गिरफ्तार नहीं हुए'

## दिव्या मदेरणा ने आईजी पर निशाना साधा, "ऐसे अधिकारी को फील्ड पोस्टिंग नहीं मिलनी चाहिए"

**जयपुर,** (का.प्र.)। अपनी ही सरकार और मंत्रियों पर कई बार निशाना साधने वाली ओसियां से कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा ने कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा है कि मैं ही सुरक्षित नहीं हूं तो बाकी के बारे में क्या बात करूं।

- बोली, "जोधपुर घटना पर मैं विधानसभा में बोलना चाहती थी लेकिन इजाजत नहीं दी गई"

राजस्थान विधानसभा में जोधपुर के सामूहिक हत्याकांड पर सदन में बोलने की अनुमति नहीं मिलने के बाद विधानसभा के बाहर दिव्या मदेरणा ने कहा कि सामूहिक हत्याकांड पर मैंने सदन में अपनी आवाज उठाना चाही, लेकिन स्पीकर ने मुझे बोलने नहीं दिया। मैं जोधपुर रवाना हो रही हूं, मैं खुद सेफ नहीं हूं। जिन आरोपियों ने मुझ पर हमला किया वो गिरफ्तार नहीं हो पाए हैं। पुलिस सुरक्षा के बाद भी मुझ पर लोग हमला कर देते हैं। मैं भी महिला हूं, हां ये जरूर है कि मैं सक्षम हूं, लेकिन बात उनकी है, जिनकी आवाज बनने के लिए हम इस सदन में आए हैं। जो घटना घटित हुई है वह कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है। जो भी इसमें दोषी है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। अपराधियों में पुलिस का खौफ होना जरूरी है।

दरअसल जोधपुर के ओसियां में 4 लोगों को जिंदा जलाने की घटना ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर एक बार फिर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। विपक्ष के साथ अब सत्ता पक्ष के विधायकों ने भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को जर्जर होती कानून व्यवस्था पर कटघरे में खड़ा किया है। जोधपुर में हुई इस वीभत्स घटना के बाद ओसियां से कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा ने अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा किया। मदेरणा ने कहा कि मैं खुद एक महिला हूं पर मैं ही सुरक्षित नहीं हूं। इससे आप समझ सकते हैं कि प्रदेश की स्थिति क्या होगी। दिव्या मदेरणा ने प्रश्नकाल के दौरान जोधपुर में हुई घटना को सदन में उठाना चाहा, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। दिव्या मदेरणा ने जोधपुर आईजी पर सवाल उठाते हुए कहा कि जहां यह घटना हुई है, वहां से आईजी ने मुझे बिना इंफॉर्मेशन दिए थाना अधिकारी को हटाया दिया। क्यों हटाया, यह किस तरह का रवैया है? एक महीने पहले भी एक हत्या का मामला हुआ था, उसके मुख्य आरोपी भी आज तक नहीं पकड़े गए। मेरे ऊपर भी हमला हुआ था। एक भी आरोपी को आईजी आज तक गिरफ्तार नहीं कर पाए। ऐसे अधिकारियों को तुरंत हटाया जाए। ऐसे अधिकारियों को पीएचक्यू में कोई और काम दिया जाए। आईजी अपराधों को रोकने में विफल हो रहे हैं। ऐसे अधिकारियों को फील्ड पोस्टिंग देने की जरूरत नहीं है। दिव्या ने कहा कि आईजी अपनी मनमानी करेंगे क्या? आईजी मुझे जवाब दें, मेरे प्रकरण में अभी तक गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई। ऐसी घटनाएं आईजी की विफलता है आईजी किस सोच से काम कर रहे हैं।

# 'देश में सबसे विफल गृहमंत्री साबित हुए हैं अशोक गहलोत'

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने जोधपुर जिले की घटना पर बयान जारी कर कहा कि, कांग्रेस सरकार के साढ़े 4 साल के शासन में 10 लाख से अधिक मुकदमे दर्ज हुए हैं, महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ भी अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ा है और अब जोधपुर के ओसियां क्षेत्र में जो हृदयविदारक घटना हुई है, जिसमें एक मासूम सहित चार लोगों को जिंदा जला दिया गया, इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार का इकबाल खत्म हो चुका है। कांग्रेस शासन में बदतर कानून व्यवस्था है, हर दिन हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। हालात इतने डरावने हैं कि घर से बाहर निकलने में भी डर लगता है और घर में भी लोग सुरक्षित नहीं हैं, यह सब राज्य की अशोक गहलोत सरकार के साढ़े 4 साल के कुशासन का परिणाम है। इन सब घटनाओं का अंतिम दोषी कोई है तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हैं, प्रदेश ही नहीं देश में सबसे विफल गृहमंत्री अशोक गहलोत साबित हुए हैं।

- जोधपुर के ओसियां क्षेत्र की हृदयविदारक घटना पर सतीश पूनिया का बयान

# 'हमारी नहीं तो पायलट की तो मानो, पैरों के छालों की कसम खाकर कहा था आरपीएससी भंग हो'

## विधानसभा में पेपरलीक पर हंगामा : शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ सहित अन्य विधायकों ने आरपीएससी की सीबीआई जांच की मांग की

**जयपुर,** (वि.सं.)। विधानसभा में आज पेपरलीक और धांधली के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायकों ने हंगामा किया। शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व मंत्री वासुदेव देवनानी और बीजेपी विधायक अशोक लाहोटी ने भर्ती परीक्षाओं पर सवाल उठाए। उन्होंने पेपरलीक मामले में पकड़े गए कांग्रेस नेता गोपाल केसावत के आरपीएससी सदस्यों से तार जुड़े होने के आरोप लगाए। बीजेपी ने आरपीएससी को भंग करने और अब तक हुई आरपीएससी की भर्तियों की सीबीआई जांच की मांग करते हुए हंगामा किया।

- वैल में आकर नारेबाजी की, बाद में सदन से वाकआउट किया

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि आरपीएससी में भ्रष्टाचार का तांडव हो रहा है। हमारी तो मत मानो, लेकिन पायलट साहब की तो मानो। जिन्होंने पैरों के छालों की कसम खाकर कहा था कि आरपीएएसी को भंग करना चाहिए। अब तक आरपीएससी की जो परीक्षा है, उन सबकी सीबीआई जांच हो। जिन लोगों के पेपरलीक और गड़बड़ियों से तार जुड़े हैं, इसकी सीबीआई से जांच करवाएं। हम नौजवानों को लुटने नहीं देंगे।

राठौड़ ने कहा यह पहली बार हुआ है कि आरपीएससी जैसी संवैधानिक संस्था का मेंबर पेपरलीक में गिरफ्तार हो जाए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक में चांदी का चरखा चलाकर, जो सोने के तार निकाल रहा था। उसने एफआईआर में मंजू शर्मा का नाम लिया है। वो कह रहा था कि एडवांस 25 लाख लूंगा। मैं आरपीएससी सदस्यों के बारे में उसकी चैट लेकर आया हूं। इनके नाम पर ही पैसे मांग रहा था। यह क्या हो रहा है? खुले बाजार में नौकरियां बिक रही हैं। हद तो तब हो गई जब कल हाईकोर्ट ने नोटिस दिया कि ईओ परीक्षा में गड़बड़ी हुई है। क्यों न इसे रद्द कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह गोपाल केसावत कौन है? इसकी जांच हो।

पेपलीक के मुद्दे पर अशोक लाहोटी ने कहा कि रीट पेपरलीक में एसओजी की रिपोर्ट आज तक सार्वजनिक क्यों नहीं की। आरपीएससी पेपरलीक में भारी बदनाम हो चुका है। आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा पेपरलीक में पकड़ा गया। इसके लिए कौन जिम्मेदार है? आरपीएससी चेयरमैन वही व्यक्ति है, जो तीन साल से राजस्थान के मुखिया की सुरक्षा कर रहा था। गोपाल केसावत के पकड़े जाने के बाद कुछ कहने की जरूरत नहीं रह गई है। एसीबी ने गोपाल की केसावत की रिमांड तक नहीं मांगी, लेकिन जब मामला मीडिया में उछला तो जेल जाने के बाद रिमांड पर लिया गया। इससे जाहिर होता है कि सरकार इसमें शामिल है। इस केस की जांच अलवर एसीबी को दी गई।

वहीं पूर्व शिक्षा मंत्री और बीजेपी विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा कि पेपरलीक के खिलाफ जब युवा मोर्चा ने आवाज उठाई तो पुलिस बर्बरता देख अंग्रेजों की याद आ गई। शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर लाठियां बरसाई गईं। क्या हम शांतिपूर्ण अपनी बात भी नहीं कर सकते। आरपीएससी के जिन मेंबर्स के भ्रष्टाचार में नाम आए हैं, उन पर एक्शन हो। आरपीएससी को भंग किया जाए। यूपीएससी की तर्ज पर इसकी नियुक्तियां हो। ताकि सारी परीक्षाएं अच्छी तरीके से हो सकें। आज युवाओं में भारी रोष है।

# कोटपूतली में तोड़फोड़ की कार्रवाई के संबंध में नगर परिषद ने आखिरकार जवाब दिया

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कोटपूतली नगर परिषद द्वारा नेशनल हाईवे-48 से संलग्न सड़क जो अग्रसेन तिराहे तक जाती है और पूर्वा सिनेमा से अग्रसेन तिराहा तक सड़क मार्ग से स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण हटाने से संबंधित तोड़फोड़ के कार्य को कानूनी प्रक्रिया की अवहेलना करते हुए अंजाम देने से संबंधित याचिका पर नगर परिषद के कमिश्नर फतह सिंह मीणा ने अपना जवाब दायर किया है। इसके साथ ही इस मामले की अगली सुनवाई 25 जुलाई को सुनी जायेगी और याचिकाकर्ता की ओर से भी जवाब दायर किया जायेगा। यह मामला न्यायाधीश महेन्द्र कुमार गोयल की एकलपीठ के समक्ष सुना जायेगा।

- हाईकोर्ट में 25 जुलाई को मामले की पुनः सुनवाई होगी, जिसमें याचिकाकर्ता अपना प्रतिउत्तर पेश करेंगे
- अदालत में यह अवमानना याचिका लगभग सालभर से लंबित चल रही है और पांच सुनवाई के बाद नगर परिषद ने जवाब पेश किया है

जैसा कि विदित है कि इस मामले में वर्ष 2022 व वर्ष 2021 में तत्कालीन नगर पालिका ने कोटपूतली में सड़क चौड़ा करने के नाम पर करीब 150 से अधिक मकानों व दुकानों को ध्वस्त किया था। इस कार्रवाई से आतंकित कई याचिकाकर्ताओं ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था। इसकी सुनवाई करते हुए 7 जनवरी 2022 को राजस्थान हाईकोर्ट ने आदेश दिये थे कि नगर पालिका सभी संबंधित पार्टियों की आपत्ति सुने बिना आगे कार्रवाई नहीं करें।

इस मामले में याचिकाकर्ता आदित्य भारद्वाज का कहना है कि हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद नगर परिषद ने उनकी आपत्ति सुनकर निस्तारण करने के लिये कभी नोटिस नहीं दिया और फिर एकतरफा कार्रवाई करते हुए उनके मकान को ध्वस्त कर दिया। जिससे पीड़ित होकर उन्होंने अदालत के समक्ष यह अवमानना याचिका दायर की है। नगर परिषद की कार्रवाई के खिलाफ 50 से अधिक मामले न्यायालय में आज भी लंबित हैं।

वहीं अदालत में नगरपरिषद की ओर से फतह सिंह ने अपने जवाब में लिखा है कि 7 जनवरी 2022 को हाईकोर्ट द्वारा दिये आदेश की पालना करते हुए उन्होंने 4 जुलाई 2022 को सभी संबंधित पार्टियों की आपत्ति का निस्तारण करते हुए आदेश पारित किये थे और 6 अगस्त 2022 को याचिकाकर्ता के "गैर कानूनी अतिक्रमण" को हटाने की कार्रवाई की गई थी।

यहां यह उल्लेखनीय है कि याचिकाकर्ता आदित्य भारद्वाज ने सितम्बर माह में ही अदालत के समक्ष अवमानना याचिका दायर की थी जिसके तहत उनकी आपत्तियों को सुनने के लिये नगर परिषद ने उन्हें बुलाया ही नहीं था। वर्ष 2023 में इस मामले की पांच सुनवाई के बाद नगर परिषद की ओर से अपना जवाब पेश किया गया है और 25 तारीख तक याचिकाकर्ता भी अपनी प्रतिउत्तर अदालत में दायर करेंगे।


**श्रद्धांजलि**



मेरे पूजनीय पिताजी **श्री रमेश कुमार यादव** (पी.डब्ल्यू.डी.) पुत्र स्व. श्री मनोहरलाल यादव का देवलोकगमन दिनांक 17.07.2023 को हो गया है। हम सभी परिवारजन सादर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
**श्रद्धावनत-** रमा देवी (धर्मपत्नी), जाना देवी (माताजी), आलेख (पुत्र) एवं समस्त बगवाडिया परिवार।

**तीये की बैठक**




अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पिताजी **श्री प्रहलाद नारायण जोशी** अगावली वालों का स्वर्गवास 18.07.2023 मंगलवार को हो गया। तीये की बैठक 20.07.2023 गुरुवार को दोपहर 2:00 से 3:00 बजे पैतृक गांव अगावली, तहसील- बसवा जिला दौसा होगी।
**शोकाकुल-** विनोदी लाल, रामकरण, घनश्याम, मुकेश चंद्र, सुभाष चंद्र (पुत्र), कन्हैयालाल, मदनलाल (भ्राता), हरदयाल, गिर्राज प्रसाद, इन्द्र कुमार, कल्याण सहाय, डॉ. एस. डी. शर्मा, मोहनलाल, राजेंद्र, सुरेन्द्र, सुरेश, महेश (भतीजे), उर्मिला (पुत्री) अशोक जी (पुत्री दामाद), अनीता (पौत्री), कमल जी (पौत्री दामाद) एवं समस्त जोशी परिवार।
मो.- 9414461503, 9414921661, 9990092422, 9460376386, 9887100100



हमारे पूजनीय पिताजी **श्री भोलाराम जी सैनी** का निधन 18.7.23 को हो गया है। तीये की बैठक 20.7.23 को सायं 5 से 6 बजे तक निवास स्थान ला-प्रिमियर रिसोर्ट्स, बाईपास रोड, आमेर पर होगी।
**शोकाकुल-** बुद्धि प्रकाश, देवानंद, प्रमोद, गोपी, श्रवण, रवि (पुत्र), सोहन, मोहन, घासी (भतीजे), राकेश, राजेश, प्रशांत, सूरज, आशीष, भावेश, दक्ष (पौत्र), अनिरुद्ध, दिव्यम (पडपौत्र) एवम समस्त जमालपुरिया परिवार।
फर्म- कैपिटल मेडिकोज, कैपिटल सर्जिकल्स, Kapalin Bio-Sciences-Jaipur, सैनी मेडिकोज- आमेर
9928836838, 8560913202, 9314082464

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**आम सूचना** सर्वसाधारण को मेरे अभिभाष्य रामूलाल पुत्र स्व. श्री ग्यारसी लाल, निवासी प्लाट नंबर 103, गणेश कॉलोनी, जयसिंहपुरा, अजमेर रोड, पुलिस थाना भांकरोटा, जयपुर की ओर से सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य का पुत्र लादूराम पुत्रवधु संतोष पत्नी लादूराम एवं पोत्र संजय एवं रवि पुत्रान लादूराम जो मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है, जिस कारण मेरे अभिभाष्य उक्त पुत्र, पुत्रवधु एवं पौत्रों को अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है। यदि भविष्य में कोई भी व्यक्ति/संस्था उक्त पुत्र, पुत्रवधु एवं पौत्रों से किसी भी प्रकार का संव्यवहार करते है, तो इसकी समस्त जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। इससे मेरे अभिभाष्य का कोई लेना देना नहीं होगा। सूचित रहें।
(रमेश चन्द जाजोरिया) एडवोकेट
दिनांक-19.07.2023 मो. 9928344482

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती रेखा देवी धर्मपत्नी बाबूलाल ने अपने पति बाबूलाल गुरनानी पुत्र स्व. श्री वासुमल पुत्री मनीषा गुरनानी, जो कि न तो मेरी अभिभाष्या की देखभाल कर रहे है, न ही मेरी अभिभाष्या के कहने में है इनके संव्यवहार एवं कार्यो से मेरी अभिभाष्या की सामाजिक छवि तार तार हो गयी है, इन दोनों को मेरी अभिभाष्या की स्वअर्जित आय से अर्जित मेरी अभिभाष्या के स्वामित्व व कब्जे की सम्पति मकान नम्बर 85/96, सेक्टर-8, प्रतापनगर हाउसिंग बोर्ड योजना, सांगानेर जयपुर जिला जयपुर से बेदखल कर दिया गया है। ये दोनों उक्त सम्पत्ति के वारिसान नहीं होंगे न ही इनका उक्त सम्पति में कोई हिस्सा है इनसे कोई भी व्यक्ति मेरी अभिभाष्या के नाम एवं उक्त सम्पति के सम्बन्ध में कोई संव्यवहार/लेनदेन नहीं करें अन्यथा स्वयं जिम्मेदार होंगे।
अवनीश कुमार शर्मा, एडवोकेट, राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर पीठ, मो. 9587948458

**आम सूचना** हर आम व खास को मेरा अभिभाष्य बुनियाद अली पुत्र श्री खुदा बक्स निवासी 606, (79/78) कमला नेहरू नगर, जय महल होटल के पीछे, जयपुर के निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि मेरे उक्त अभिभाष्य का पुत्र दानिश पुत्र बुनियाद अली निवासी उपरोक्त वर्णित मेरे अभिभाष्य के कहने सुनने में नहीं है तथा कोई भी बात नहीं मानता है। मेरा अभिभाष्य बुनियाद अली अपने पुत्र दानिश को अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्तियों से बेदखल करता है। जो कोई उक्त दानिश से लेन-देन या संव्यवहार करेगा तो वह स्वयं उत्तरदायी होगा तथा वह मेरे अभिभाष्य के विरूद्ध शून्य होगा।
(सगीर अहमद) एडवोकेट, मो.9530370960

**आम सूचना** दि. 13.07.2023
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य ऐजाज खान पुत्र श्री शमशाद खान निवासी- प्लॉट नम्बर 20, कल्याण नगर-सी, सांगानेर, जयपुर का पुत्र साहिल खान मेरे अभिभाष्य के कहे में नहीं है जिसने पृथक रहते हुए भी अपनी हरकतो से मेरे अभिभाष्य व उसके परिवारजनों को हैरान परेशान कर रखा है तथा अन्य लोगों के बहकावे में है उक्त लोगों के बहकावे में आकर मेरे अभिभाष्य के साथ आए दिन लडाई झगडा कर उसकी मान प्रतिष्ठा को खराब कर रहा है और उसे व्यापारिक व आर्थिक रुप से नुकसान पहुंचा रहा है जिस कारण मेरे अभिभाष्य ने उक्त साहिल खान को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुये उससे अगस्त 2022 से ही अपने समस्त संबंध समाप्त कर लिये है अब मेरे अभिभाष्य व साहिल के बीच पिता पुत्र का कोई संबंध शेष नहीं रहा है साहिल खान के किसी भी सामान्य व आपराधिक कृत्य, निजी एवं वित्तीय संस्था संगठनों व व्यक्तियान् के साथ किये गये लेन देन व संव्यवहार के लिए मेरे अभिभाष्य व उसके परिवारजन जिम्मेदार नहीं होंगे। सूचित रहे।
भवदीय, जावेद अली
R/1914/2005 (राज. उच्च न्यायालय) मो. 9001725554

**खोया पाया**

शॉप नंबर 21, गोर्वधन विहार, टोंक रोड, सांगानेर बुद्धबागपुरा का सोसायटी पट्टा सिल्प नंबर 2871 कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें।- 6377283827

श्री गणेश नगर गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना गणेश नगर-ए के भूखण्ड संख्या- ए-30 की सोसाइटी रसीद खो गई है सूचित करें। मधु गुप्ता- 9414932535

श्री गणेश नगर गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना गणेश नगर-ए के दुकान नंबर-7 की सोसाइटी रसीद खो गई है सूचित करें। मधु गुप्ता- 9414932535

जे.डी.ए. की योजना कल्पना नगर के प्लाट नम्बर- बी-372 का जे.डी.ए से जारी आवंटन पत्र खो गया है सूचित करे कनेहिया लाल- 9460441074

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम बनवारी लाल से बदलकर बनवारी लाल जाट रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये बनवारी लाल जाट पुत्र रामदेव जाट निवासी वी/पो हरसोली जिला, जयपुर, राजस्थान

मैं एम. श्री देवी पत्नी सेना नं. JC-292731P नायब सुबेदार (डी.एम.टी.) एम. महालींगम मकान नं. 7/717-एच-10, गांव सीनानचेटीपट्टी, पोस्ट-पंदलगुडी, अरूपुकोटाई, विरूदुनगर(तमिलनाडु) मेरे पति के सेना अभिलेख कार्यालय में मेरा नाम श्री देवी है मेरे जन्मतिथि 01.07.1987 दर्ज है, मेरा सही नाम एम. श्री देवी व जन्मतिथि 27.05.1983 है।

I have change my Name after marriage from Sunita Somjawani to Bhawana Badlani W/o Shri Manohar Lal Badlani R/o 41, Ganatpura, Mangyawas, Mansarover, Jaipur (Raj.). In future I know and recognized to my new name.

I have change my Name after marriage from Seema Laharwani to Jaya Gangwani W/o Bharat Kumar Gangwani R/o 61/190, Rajat Path, Mansarovar, Jaipur (Raj.) In future I know and recognized me from my new name.

I Leelamani is legally wedded spuse of army no 14261113Y Ex Hav Late Harichandran Nair G R/O 159 A-21 South colony niwaru road jhotwara Jaipur have changed my name LEELAMANI (DOB 10/5/1967) is wrong entered in service record To LEELAMANI KR (DOB 10/5/1966) vide affidavit dated 13/7/2023 before district notary Jaipur

**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुप्रीम इंजिनियर्स प्लाट नं. एच-101, बढारणा, विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र (विस्तार) जिला जयपुर रजि. संख्या 13/1020/2009 रजिस्ट्रार ऑफ फर्मस में है। पुरानी साझेदार श्रीमती छोटी देवी इस फर्म से रिटायर हो चुकी है। एवं नये साझेदार के रूप में हर्षद गुर्जर (Harsad Gurjar) पुत्र तिलक राज गुर्जर आये है। जिस किसी को इसमें आपत्ति हो तो सात दिवस के अंदर जिला उद्योग केन्द्र जयपुर को सूचित करें।
Supreme Engineers, Partner
तिलक राज गुर्जर

**न्यायालय तहसीलदार जोबनेर जिला जयपुर**
क्रमांक-भ.अ./2023/2614 दिनांक-18.07.2023
**सार्वजनिक सूचना नोटिस**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ईश्वरलाल पुत्र भूराराम जाति बलाई निवासी गोकुलपुरा खेजडावास तहसील जोबनेर द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मृतक पेमला पुत्र धुजा जाति बलाई के नाम दर्ज खातेदारी भूमि ग्राम गोकुलपुरा के आ.ख.नं. 929/1057किता 1 रकबा 12-02 बीघा अर्थात 3.0604 हैक्टर में स्थित हिस्सा की वसीयत के आधार पर नामान्तकरण खुलवाने बाबत प्रकरण भू. राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 135(2) के तहत हाजा न्यायालय में विचाराधीन है। अतः यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति/ऐतराज हो तो आगामी दिनांक 25.07.2023 तक पेश करें अन्यथा एकतरफा कार्यवाही कर प्रार्थी के पक्ष में निर्णय कर दिया जावेगा।
तहसीलदार (भू.अ.) जोबनेर (जयपुर)

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 616/18
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम श्री गोपाल अग्रवाल पुत्र स्व. श्री परसाराम अग्रवाल जाति महाजन विवाद स्थान प्लाट नं. एफ-281 रोड नं. 13, वी.के.आई. एरिया जयपुर मृतक स्व. श्रीमति सावित्री देवी अग्रवाल की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 16.08.2013
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम श्रीमति सावित्री देवी अग्रवाल पत्नि स्व. श्री परसाराम अग्रवाल जाति महाजन निवासी एफ-281 रोड नं. 13 वी.के.आई. एरिया जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 16 माह 08 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 11 माह 07 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थी ने मृतका सावित्री देवी के नाम प्रार्थना पत्र में वर्णित चल सम्पत्ति बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।
मोहर अदालत
आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैंशन न्यायालय
जयपुर महानगर-प्रथम

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-5931 दिनांक-19.07.2023
**जाहिर आम सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर सांगानेर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 28/F/G/02 (GF) (MIG-A), (एरिया 37.054 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री अरूण कुमार गर्ग पुत्र श्री राम नारायण गर्ग को किया जाकर आवंटन पत्र 7459 दिनांक 13.11.2019 को जारी किया गया।
श्री अरूण कुमार गर्ग की मृत्यु दिनांक 16.02.2023 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती अलका गर्ग पत्नी स्व. श्री अरूण कुमार गर्ग द्वारा उक्त आवास/फ्लैट को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है।
अतः उक्त आवास/फ्लैट का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्रीमती अलका गर्ग पत्नी स्व. श्री अरूण कुमार गर्ग का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबंधक, राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा कार्यालय आदेश क्रमांक 378 दिनांक 18/01/2023 जारी कर आवास/फ्लैट संख्या-8/MB/B-3/804 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर, क्षेत्रफल 49.77 वर्ग मीटर का हस्तान्तरण श्री जगदीश प्रसाद एचरा पुत्र श्री विद्याधर के पक्ष में किया गया था। तत्पश्चात श्री जगदीश प्रसाद एचरा पुत्र श्री विद्याधर सिंह के द्वारा उक्त फ्लैट का मुख्त्यारनामाआम श्री नवीन ऐचरा पुत्र श्री विद्याधर सिंह को नियुक्त किया गया। उक्त मुख्त्यारनामा आम का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर अष्टम् में दिनांक 31/12/2022 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री नवीन ऐचरा पुत्र श्री विद्याधर सिंह के द्वारा मुख्त्यारनामाआम धारक की हैसियत से उक्त फ्लैट का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्री सीताराम मीना पुत्र श्री मांगी लाल मीना को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर नवम् में दिनांक 16/03/2023 को करवाया गया। श्री सीताराम मीना पुत्र श्री मांगी लाल मीना के द्वारा फ्लैट का मूल आवंटी के नाम पंजीयन हो जाने के बाद पश्चातवर्ती अन्तिम क्रेता का नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने बाबत निवेदन किया गया है। अतः नाम दर्ज के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ बैंक/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री सीताराम मीना पुत्र श्री मांगी लाल मीना का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।
सम्पदा प्रबंधक, राजस्थान आवासन मण्डल,
वृत तृतीय, जयपुर

571
11.7.23
**उद्घोषणा ( इश्तिहार ) न्यायालय ( राज. )**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 29/23
विषयः उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी-नाम श्रीमती सुमन टांक पत्नी श्री विजय टांक जाति कलाल (टांक)
विवाद स्थान-प्लाट नं. 111, कल्याण नगर III टोंक रोड सांगानेर जयपुर हाल निवासी केयर आफ पवन तलेच, प्लाट न. 7, 8 डी, आदित्य नगर, नीमच रोड प्रतापगढ
मृतकः स्व. श्री आदित्य कुमार टांक की सम्पत्ति के विषय में।
**पेशी दिनांकः 25/7/23**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/ प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक नाम आदित्य कुमार टांक पुत्र स्व. श्री सीताराम टांक जाति कलाल निवासी 111 कल्याण नगर III टोंक रोड सांगानेर जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 25 माह 07 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 11 माह 07 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से
शरिस्तेदार
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
संख्या 10, जयपुर महानगर प्रथम
न्यायालय सांगानेर


**जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, जालोर**
प्रधान कार्यालय : हरिदेव जोशी सर्किल के पास, जालोर-343001
Email: headoffice@jalorebank.com / Website: jalorebank.com/ Phone No. 90798-06434
क्रमांक/जानासबैंक/ ॥ निविदा सूचना ॥ दिनांक
जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. को अपनी शाखाओं हेतु निम्नानुसार Cash Recycling ATM Machine की आवश्यकता है। अतः इच्छुक पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्म/कम्पनी से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/कम्पनी अपनी निविदा मय विवरण सील बंद लिफाफे में दिनांक 05.08.2023 को सांय 4:00 बजे तक बैंक प्रधान कार्यालय में प्ररूतुत करे । अन्य शर्ते एवं टेण्डर दस्तावेज बैंक की वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. बैंक

# एक परिवार के चार लोगों की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या, शवों को जलाया

## मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्परता से जांच कर कुछ ही घंटों में मृतक पूनाराम के भतीजे को गिरफ्तार कर लिया

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर जिले में ओसियां तहसील के रामनगर ग्राम पंचायत चेराई की गंगाणियों की ढाणी में मंगलवार की मध्य रात को एक परिवार के चार लोगों की निर्ममतापूर्वक हत्या कर शवों को जला दिया गया। सुबह ग्रामीणों को घटना का पता चला तो पूलिस को सूचना दी। सूचना पर घटना की जानकारी मिलने के बाद रेंज आईजी जयनारायण शेर, ग्रामीण एसपी और कलेक्टर हिमांशु गुप्ता भी मौके पर पहुंचे। दोपहर बाद संभागीय आयुक्त व पाली सांसद भी मौके पर पहुंचे। इस जघन्य हत्याकांड के बाद पूरे गांव में मातम सा छाया हुआ है।

पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार रात करीब तीन बजे के आसपास की है। परिवार के लोग घर के बाहर सो रहे थे। इसी दौरान धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या की गई। इसके बाद सभी को घसीटते हुए घर के आंगन में लाया गया और आग लगा दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्परता से जांच कर कुछ ही घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने परिवार के ही मुखिया मृतक पूनाराम के भतीजे पप्पूराम (19) को हिरासत में लिया है।





जोधपुर जिले में ओसियां तहसील के रामनगर ग्राम पंचायत चेराई की गंगाणियों की ढाणी में हुई वारदात के बाद पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर जाकर जांच की।

ग्रामीणों ने बताया कि जब सुबह घर से धुआं उठते देखा तो मकान के पास पहुंचे। यहां अंदर जाकर देखा तो चारों के शव पड़े थे। पूनाराम (55), उसकी पत्नी भंवरी (50), बहू धापू (24) और उसकी 6 महीने की बेटी के शव जले हुए पड़े थे। बच्ची का शव तो पूरी तरह जल गया था। बाकी के शव अधजले थे।

ग्रामीण एसपी धर्मेंद सिंह यादव ने बताया कि मृतक पूनाराम के भतीजे तेजाराम ने सूरत में सुसाइड किया था। इधर, पूनाराम के भाई भेराराम को ये लगता था कि उसके बेटे को पूनाराम ने मरवाया है। इस बात को लेकर कई बार दोनों भाइयों के बीच विवाद भी हुआ। बताया जा रहा है कि बातों-बातों में जब भेराराम ने पूनाराम पर बेटे को मरवाने का आरोप लगाया तो पूनाराम ने भी जोश-जोश में कह दिया था कि हां, मैंने मरवाया है। इस पर भेराराम के बेटे पप्पू राम ने बदला लेने की सोची। इसी बदले की भावना के तहत पप्पू राम ने अपने चाचा समेत उसके पूरे परिवार को खत्म कर दिया।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के अनुसार ओसियां के रामनगर ग्राम पंचायत में चैराई पड़ता है। यहां पर गंगाणियों की ढाणी में 55 साल का पूनाराम अपने परिवार सहित रहता है। रात को वह उसकी पत्नी 50 साल की भंवरी, पुत्रवधु 24 साल की धापू और पौती छह माह की घर में सो रहे थे। तब हत्यारा वहां पहुंचा और हत्या के बाद शव को आंगन में लाकर जला दिया। मौके पर एमओबी, एफएसएल टीम को बुलाया गया। साक्ष्य जुटाने के साथ ग्रामीणों से बात की गई।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि मृतक पूनाराम के भतीजे पप्पूराम पुत्र भैराराम को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही।

जोधपुर हत्याकांड के मामले में ओसियां विधायक दिव्या मदेरणा ने रेंज आईजी जयनारायण शेर पर सवाल उठाए हैं। दिव्या मदेरणा ने कहा कि अधिकारी आरोपियों को पकड़ नहीं रहे हैं और केवल थाना अधिकारियों के ट्रांसफर कर रहे हैं। जयपुर में उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि ऐसे अधिकारियों को फील्ड पोस्टिंग से हटाकर पीएचक्यू में बैठा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि एसपी अच्छे हैं, लेकिन आपके बॉस आपके हाथ बांध देते हैं तो क्या कर सकते हैं? आईजी मुझे जवाब दें कि अधिकारियों के क्यों ट्रांसफर किए गए? किस सोच से काम कर रहे हैं? एसी ऑफिस में बैठे रहते हैं किसी से मिलना नहीं चाहते। आप जनता के नौकर हो, साहब बनकर बैठे हो। यह तरीका नहीं चलेगा।

- **इस जघन्य हत्याकांड मामलें में राज्य मानवाधिकार आयोग ने स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लिया**

इधर इस जघन्य हत्याकांड मामलें में राज्य मानवाधिकार आयोग ने स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लिया हैं। आयोग अध्यक्ष जस्टिस जीके व्यास ने मामलें में प्रसंज्ञान लेते हुए जोधपुर रेंज आईज़ी व जोधपुर ग्रामीण एसपी से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी हैं। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि यह कृत्य गंभीर मानव अधिकार हनन की श्रेणी में आता हैं।

आयोग ने आदेश की प्रति जोधपुर रेंज आईजी व जोधपुर ग्रामीण पुलिस को भिजवाते हुए पूछा है कि यदि मृतक परिवार द्वारा संबंधित थाने में सुरक्षा बाबत कोई रिपोर्ट दी गई थी तो उस पर क्या कार्रवाई की गई। उसके बारे में भी आयोग को अवगत करवाएं। आयोग ने मामलें की सुनवाई के लिए 27 जुलाई की तारीख नियत की हैं।

# केंद्रीय मंत्री शेखावत ने रामनगर चेराई की घटना को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

## नाबालिग से दुराचार की घटना ने जोधपुर ही नहीं, पूरे देश में लोगों को शर्मसार किया है : केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत

**जोधपुर,** (कासं)। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विपक्षी दलों के एकीकरण पर चुटकी लेते हुए कहा कि 20 लाख करोड़ का टोटल घोटाला करने वाले लोग, एक साथ मिलकर खुद को बचाने की विफल कोशिश कर रहे हैं। बुधवार को मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में शेखावत ने कहा कि वर्ष 2019 के चुनाव से पहले भी इसी तरह के एकीकरण के वादे किए गए थे। दिखावे किए गए थे, लेकिन जनता ने वर्ष 2014 से अधिक मत देकर मोदीजी को प्रधानमंत्री बनाया। एनडीए की 340 सीटों के साथ बहुमत की सरकार आई थी। शेखावत ने कहा कि मैं विश्वास के साथ कहता हूं, इस बार भारतीय जनता पार्टी और एनडीए 50 प्रतिशत मत लेकर एक बार फिर नरेंद्र मोदी को और अधिक ताकत के साथ प्रधानमंत्री बनाएगी।

वहीं ओसियां के पास रामनगर चेराई में एक परिवार के चार लोगों की हत्या पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गहलोतजी को अब जोधपुर को अपना गृहनगर नहीं कहना चाहिए। मरने वालों में 6 महीने की मासूम भी शामिल है, झकझोर देने वाली घटना है। सुबह से पूरा जोधपुर क्षेत्र स्तब्ध है। ये प्रकरण आपसी रंजिश से अधिक कानून-व्यवस्था के अस्तित्व का है। इस जघन्यता के दौरान कहां थी पुलिस? कितनी आसानी से अमानवीयता कर गए अपराधी।

शेखावत ने कहा कि सुबह जब मेरे संज्ञान में यह घटना आई, मैंने ग्रामीण एसपी धर्मेंद्र यादव से बातचीत की। यह दर्दनाक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। घटना में निष्पक्ष अनुसंधान हो और ऐसे अपराधियों को कठोरतम सजा दी जाए। शेखावत ने पूछा कि इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वालों को कानून का खौफ नहीं है? क्योंकि वे जानते हैं कि राजस्थान में जिस तरह की डुलमुल सरकार चल रही है, जिसमें अपराधी इसी तरह से बचते जा रहे हैं। राजस्थान सरकार की विफलता के कारण इस तरह के दुष्कृत्य करने वाले लोगों में अपराध करने का साहस होता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अपराधी बेखौफ और बेलगाम हुए हैं।



केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने प्रेस वार्ता की।

- **एक परिवार के चार लोगों की हत्या पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गहलोतजी को अब जोधपुर को अपना गृहनगर नहीं कहना चाहिए**
- **शेखावत ने कहा कि सुबह जब मेरे संज्ञान में यह घटना आई, मैंने ग्रामीण एसपी धर्मेंद्र यादव से बातचीत की। यह दर्दनाक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना है**
- **'20 लाख करोड़ का घोटाला करने वाले एक-दूसरे का सहारा लेकर खुद को बचाने की कोशिश कर रहे हैं'**

पूरे राजस्थान में अराजकता का माहौल बना हुआ है।

राजस्थान सरकार के कामकाज को लेकर पूछे सवाल पर शेखावत ने कहा कि बच्चों के साथ दुर्व्यवहार, बच्चियों और महिलाओं के साथ गैंगरेप, माफिया तंत्र, ये सब पिछले साढ़े 4 साल में बढ़ा है। यह सरकार आत्मबुद्धता के भाव से ग्रसित है। केवल और केवल कुर्सी पर वापस बैठने के सपने देखने में लिप्त है। सरकारी और टैक्सपेयर्स के पैसे से राहत शिविरों में पॉलिटिकल मैसेजिंग करने में व्यस्त है। इसके चलते राजस्थान में अपराधी बेलगाम हो गए हैं और अपराध बढ़े हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े 4 साल में भ्रष्टाचार बढ़ा है। सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार के मुकदमे दर्ज हुए, लेकिन भ्रष्टाचारियों को बच निकलने का सबसे ज्यादा अवसर भी राजस्थान में मिला।

जोधपुर में नाबालिग से दुराचार की घटना पर शेखावत ने कहा कि घटना ने जोधपुर ही नहीं, पूरे देश में लोगों को शर्मसार किया, लेकिन जिम्मेदार लोगों ने मात्र अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। ऐसा करके अपनी पीठ को ठोकने का काम किया है। सरकार जनसहयोग से हुई गिरफ्तारी पर भी अपनी पीठ थपथपाती नजर आई। पेपरलीक की घटनाओं पर शेखावत ने कहा कि आरपीएससी जैसी पवित्र संस्था के मुंह पर कालिख पोतने का काम वर्तमान अशोक गहलोत सरकार ने किया। पेपरलीक की ठीक से जांच होगी तो सरकार में बैठे अनेक मंत्री भी शिकंजों के पीछे जाने वाले हैं।

# टोल नहीं देने की बात को लेकर बदमाशों ने की फायरिंग

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। रलावता टोल पर बुधवार सुबह बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग मामले में पुलिस ने कार्यवाही को अंजाम देते हुए चार आरोपियों सहित एक युवती को गिरफ्तार किया है।

मामले की जानकारी के अनुसार रलावता टोल से रोहतक हरियाणा जाते समय टोल नहीं देने की बात को लेकर स्विफ्ट डिजायर कार में सवार बदमाशों का टोलकर्मियों से झगड़ा हो गया। मामला इतना बढ़ा कि युवकों ने फायरिंग कर डाली और गोली सीधे पास ही खड़े टोलकर्मी के सीने में लग गई। युवकों के साथ एक युवती भी गाड़ी में सवार थी। फायरिंग की घटना के बाद पांचों आरोपी भाग गए थे। पूरे प्रकरण का खुलासा रींगस डिप्टी महावीर मीणा ने किया। थानाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि हरियाणा रोहतक के बनियाणी निवासी अमन राजपूत, (20) वर्ष, सुमित शर्मा 19 वर्ष निवासी रोहतक हरियाणा, सोनीपत निवासी रवि जाट 20 वर्ष, हिसार के बडाला निवासी सोनू जाट 24 वर्ष तथा रोहतक निवासी स्नेहा पंजाबी 19 वर्ष को बापर्दा गिरफ्तार किया है। युवती समेत चार लड़के जाट कॉलेज रोहतक में फाइनल ईयर के स्टूडेंट हैं वहीं आरोपी सोनू खिलाड़ी है।

- **रलावता टोलकर्मी के सीने में लगी गोली, युवती समेत चार लड़के आए थे कार में**
- **पुलिस ने महज 35 मिनट में चार आरोपियों सहित एक युवती को गिरफ्तार किया**

पुलिस ने बताया कि पिस्टल सुमित की थी तथा अमन ने फायरिंग की थी। मामले की जानकारी के अनुसार पांचों दोस्त स्विफ्ट कार से सोमवार शाम को खाटूश्यामजी घूमने आए थे और होटल में रुके थे। खाटू से ही मंगलवार रात को रोहतक के लिए वापस निकले थे। रास्ते में रींगस-खाटू रोड के टोल पर टोल नहीं देने की बात पर टोलकर्मियों से झगड़ने लगे। ड्राइवर आर्मी का कार्ड दिखाकर बिना टोल दिए कार को निकालकर ले गया। नीमकाथाना रोड पर रलावता टोल पर भी टोल के रुपए दिए बिना ही निकल रहे थे। इस दौरान आगे चल रहा टैंपो रुकने से टोलकर्मियों ने युवकों को पकड़ लिया। इस पर कार सवार दोस्तों ने टोलकर्मियों से झगड़ा किया। कहासुनी के बाद युवकों ने कार की डिग्गी से लाठियां निकालकर मारपीट करना शुरू कर दिया।

युवक अमन कार से पिस्टल लेकर आया और फायरिंग कर दी जिससे गोली टोलकर्मी ललित कुमार मीणा के सीने में जाकर लगी और युवक भाग गए। टोलकर्मियों की सूचना पर पुलिस ने नाकाबंदी की। नाकेबंदी के दौरान वाहनों की तलाशी ली जा रही थी जिसमें नीमकाथाना सदर पुलिस, हाई वे पुलिस और श्रीमाधोपुर पुलिस ने पांचों को पकड़ लिया।घायल टोल कर्मी जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में भर्ती है उसकी हालत स्थिर चल रही है।

## रतनगढ़ में मूसलाधार बारिश

**रतनगढ़,** (निसं)। रतनगढ़ में पिछले चार दिनों से लगातार बारिश का दौर चल रहा है। बुधवार की सुबह से ही उमस भरी गर्मी से लोग परेशान थे तथा लगभग साढ़े तीन बजे शुरू हुई बरसात का दौर शाम साढे चार बजे तक चला। एक घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश से नीचले भू भाग जलमग्न हो गए तथा उत्तरी बाजार, गढ़ चौराहा के आसपास की दुकानों में बारिश का पानी घुस जाने से व्यापारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई दुकानों में पानी घुस जाने से व्यापारियों को माल का नुकसान उठाना पड़ा। बारिश की वजह से दुपहिया वाहन पानी में डूब गए तथा सड़क पर खड़ी कारों में भी पानी घुस गया। बारिश होने की वजह से स्टेशन सड़क मार्ग, चूरू सड़क मार्ग, सराफ कुआ, उत्तरी बाजार सहित नीचले भू-भाग जलमग्न हो गए। क्षेत्र में 16 जुलाई से लगातार बारिश का दौर जारी है। अब तक कुल 125 एमएम बारिश क्षेत्र में हो चुकी है।

# तांत्रिक पर नाबालिग के साथ रेप का आरोप

**बीकानेर,** (कासं)। यहां एक क्षेत्र में में दलित नाबालिग लड़की से गैंगरेप के बाद अब तांत्रिक पर एक नाबालिग के साथ रेप करने का आरोप लगा है। लड़की के पिता ने एफआईआर दर्ज करवाई है कि लड़की के शरीर से भूतनी निकालने के नाम पर बंद कमरे में उसके साथ कई बार रेप किया गया। अब लड़की की मां को बताया तो एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित बालिका का परिवार पिछले साल तांत्रिक महेंद्र नाथ मेघवाल के संपर्क में आया था। बालिका के पिता की कमर में दर्द रहता था। उन्हें पता चला कि महेंद्र नाथ डोरा-ताबीज करता है। इससे दर्द ठीक हो जाता है। उन्होंने महेंद्र को बुला कर डोरा ताबीज कराया। इस तरह महेंद्र नाथ का उनकी ढाणी में आना-जाना शुरू हो गया। पास की ढ ाणी के एक अन्य परिवार ने भी उससे डोरा ताबीज कराया। पीड़िता की मां ने बताया कि महेंद्र डोरा ताबीज करने के दौरान कमरा अंदर से बंद कर लेता। यह कहकर डराता कि दरवाजे को हाथ लगाया तो अंधे हो जाओगे। आरोप है कि एक साल की अवधि में महेंद्र नाथ ने दो-तीन बार नाबालिग लड़की को डरा-धमका कर रेप किया। वह कहता, तेरे अंदर भूतनी है। भाग जाएगी।

पुलिस ने तांत्रिक के खिलाफ पोक्सो के तहत मुकदमा दर्ज किया है। नाबालिग का मेडिकल कराया गया है। अब तांत्रिक की गिरफ्तारी का प्रयास हो रहा है। दरअसल, महेंद्र नाथ इस पीड़िता के पड़ोस में भी एक लड़की से रेप कर चुका है। इस पर पड़ोसी ने मामला दर्ज कराया। पता चलने पर नाबालिग लड़की के पिता ने अपनी बेटी से भी पूछा कि उसके साथ कुछ किया था क्या? इस पर लड़की ने सब कुछ बता दिया।

## मज़दूर की सड़क हादसे में मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। ज़िले के मंगरोप-हमीरगढ़ थाना क्षेत्र में सर्वोदय फ़ेक्ट्रीमें कार्यरत मजदूर की सड़क हादसे में मौत के बाद मुवावजे की मांग का मामला 6 घण्टे बाद तीन दौर में चली लंबी वार्ता के बाद मामला शान्त हुवा। गौरतलब है कि कल बीती रात को दर्री निवासी ओंकार सिंह फक्ट्री से घर लौट रहा था, तभी सड़क हादसे में गम्भीर घायल हो गया, जिसे गंभीर हालत में उदयपुर रेफ़र किया गया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। साथी श्रमिकों ने मृतक के परिजनों को 20 लाख की आर्थिक सहायता राशि को मांग को लेकर फक्ट्री के बाहर धरने पर बैठ प्रदर्शन शुरू कर दिया। टायर जलाकर नारेबाजी के साथ 6 घण्टे प्रदर्शन किया गया, मामला बढ़ने पर हमीरगढ़ थाना अधिकारी भंवर लाल जाट, मंगरोप थाना अधिकारी ठाकराराम सहित अन्य पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। तीन दौर की लंबी वार्तालाप के बाद मुआवज़े की राशि और अन्य मांगों पर सहमति बनी, 6 घण्टे बाद गतिरोध टूटा।

# सड़क हादसे में सोलर कंपनी के तीन कर्मचारियों की मौत

## बाप से कानासर की तरफ जा रही पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी थी

**जोधपुर,** (कासं)। फलोदी के बाप से कानासर जाने वाली सड़क पर नहर के पास मंगलवार शाम हुए एक हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। तीनों मृतक सर की ढाणी (बाप) के निवासी थे। बाप थाना अधिकारी समरवीर सिंह ने बताया कि पिकअप गाड़ी बाप से कानासर की तरफ जा रही थी। इसी दौरान नहर के पास पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार तीन युवकों में से दो युवकों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार मंजूर खान (21) पुत्र मोहम्मद रमजान व मजीद खान (16) पुत्र गफूर खान दोनों निवासी सर की ढाणी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अमरदीन खान (23) पुत्र मोहम्मद खान निवासी सर की ढाणी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी बाप लेकर आए, जहां पर डॉक्टर दौलतराम कुमावत व नर्सिंग ऑफिसर राजकुमार गीला ने प्राथमिक उपचार कर उसे बीकानेर रेफर किया। बीकानेर जाते वक्त नोखड़ा गांव के समीप घायल अमरदीन ने भी दम तोड़ दिया।

सूचना मिलने पर बाप एसडीएम मांगीलाल सुथार, तहसीलदार रमजान खान, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य मौलवी रहमतुल्ला, नगरपालिका बाप के डिप्टी चेयरमैन गोपाल भट्ठड़, वार्डपंच अमरदीन खान, समाजसेवी सुबुकतुला खान, मास्टर अलीशेर खान सहित अन्य ग्रामीण सीएचसी पहुंचे। सभी ने इस दुखद घटना पर दुख व्यक्त किया। पिकअप सवार भगवानाराम भी घायल हो गया, जिसे फलौदी रेफर किया गया। तीनों मृतक भींवजी का गांव में संचालित एक निजी सोलर कंपनी में कार्य करते थे।

# गैंगरेप के आरोपियों को फांसी की देने की मांग

## एनएसयूआई के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने टायर जलाकर किया प्रदर्शन

**अजमेर,** (कासं)। जोधपुर के जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के पुराने परिसर में विगत दिनों नाबालिग लड़की के साथ हुए गैंगरेप के दोषियों को फांसी कि सजा दिलाने की मांग को लेकर बुधवार को एनएसयूआई के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान महाविद्यालय के बाहर मुख्य मार्ग पर टायर जलाकर रास्ता जाम कर प्रदर्शन किया।

एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष अब्दुल फरहान के नेतृत्व में बुधवार को जोधपुर के जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के पुराने परिसर में हुए नाबालिग लडक़ी के साथ हुए सामूहिक गैंगरेप के दोषियों को फांसी की सजा की मांग को लेकर सम्राट पृथ्वीराज चौहान महाविद्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने टायर जलाकर मुख्य मार्ग को जाम कर अपना विरोध जताया। प्रदर्शन व रास्ता जाम की सूचना मिलते ही क्लॉक टावर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारी से समझाइश की, जिसके कुछ देर बाद पुलिस ने मामला शांत कर रास्ता खुलवाया।



अजमेर में जीसीए कॉलेज के बाहर रास्ता जाम कर प्रदर्शन करते एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से पुलिस ने समझाइश कर उठाया।

प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष अब्दुल फरहान ने बताया मीडिया से बाचचीत करते हुए बताया कि जोधपुर स्थित जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी के पुरान परिसर में नाबालिग से हुए गैंगरेप को लेकर के जीसीए के बारह एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने नाबालिग से गैंगरेप के गिरफ्तार आरोपियों को फांसी देने की मांग की है। इसको लेकर राज्यपाल के नाम भी ज्ञापन दिया जाएगा। अब्दुल फरहान ने गैंगरेप में एबीवीपी के कार्यकर्ता के शामिल होने का आरोप भी लगाया है। एनएसयूआई के कार्यकर्ता अंकित गारू ने कहा कि नाबालिग से हुए गैंगरेप को लेकर के कॉलेज के बाहर विरोध जताया गया और आरोपियों को फांसी देने की मांग की है।

- **पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारी से समझाइश की**

# सवाई मानसिंह अस्पताल के कॉटैज वार्ड में बुलाकर युवती से छेड़छाड़

## आरोपी ने बहन की बीमारी का बहाना बनाकर होम केयर कंपनी से बुलवाई थी युवती

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के एस.एम.एस. अस्पताल के कॉटेज वार्ड में एक युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी ने होमकेयर कंपनी में बहन की बीमारी का बहाना बताकर युवती को कॉटैज वार्ड में बुलवाया था। इसके बाद उससे छेड़छाड़ की। युवती ने सुबह कंपनी की मैनेजर को बुलाकर उसे पूरी बात बताई तो वह उसे लेकर थाने पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी सुनील कुमार यादव तिजारा अलवर का रहने वाला है। वह दिल्ली में एक होटल में काम करता है। आरोपी सुनील कुमार यादव का एसएमएस अस्पताल में मोटापा कम करने का इलाज चल रहा है। जो 14 जुलाई को उपचार के लिए एस.एम.एस. आया था। वार्ड खाली नहीं होने के कारण वह कॉटेज में रहकर उपचार करवा रहा था। पीड़िता ने बताया कि वह मंगलवार करीब रात 10 बजे



गिरफ्तार आरोपी सुनील कुमार

अस्पताल पहुंची थी। यहां वह कॉटेज में पहुंची तो कोई महिला नहीं थी। पूछने पर आरोपी बोला कि वो बाहर खाना लेने गई है। काफी देर इंतजार के बाद दुबारा पूछा तो बोला कि वह बाहर टहल रही होगी। उसके बाद देकर रात युवक ने गेट बंद कर छेड़छाड़ की।।

- गिरफ्तार आरोपी सुनील शादीशुदा है, और उसके 7 वर्ष के बेटा भी है। पुलिस उसके परिजनों से तस्दीक कर जांच करने में जुटी

इस दौरान युवती ने चिल्लाने पर आरोपी रुक गया। आरोपी के सोने के बाद पीड़िता वहां से चुपचाप निकल गई और कंपनी के मैनेजर को शिकायत दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी सुनील शादीशुदा हैं और उसके 7 साल का बेटा है। अब पुलिस उसके घरवालों से बात करके तस्दीक कर रही है। पुलिस रिपोर्ट के आधार छेड़छाड़ की धाराओं में केस दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

उधर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा का कहना है कि आरोपी अगर अस्पताल से चला गया था तो उसे कॉटेज वार्ड कैसे मिला। इस मामले की संबंधित डॉक्टर व अन्य से जानकारी ली जा रही है। मामले की जांच की जा रही है।

## अपहरण कर विवाहिता से सामूहिक दुष्कर्म


**जयपुर** (कासं)। गलता गेट इलाके में एक विवाहिता से सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 30 वर्षीय विवाहिता ने मामला दर्ज करवाया है कि है कुछ माह पहले कल्लू, रूबी, रशीद, कालू और पतिया उसका अपहरण कर ईदगाह कच्ची बस्ती स्थित एक मकान में ले गए, जहां सभी ने बारी बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं, कालवाड़ थाने में भी इलाके निवासी 38 वर्षीया महिला ने श्रवण सहित उसके साथ पर सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। वहीं ज्योतिनगर थाना इलाके में एक विधवा से देहशोषण का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि 46 वर्षीया महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि कुछ साल पहले पति की मौत के बाद राजू भाट ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए थे। इसके बाद वह लगातार देहशोषण करता आ रहा है।

# रेलवे का चीफ हैल्थ इंस्पेक्टर 40 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

## सीकर से रिश्वत लेने जयपुर आया था आरोपी; एसीबी की भनक लगने पर पीड़ित को रेलवे स्टेशन पर घुमाता रहा

**जयपुर** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को रेलवे के चीफ हेल्थ इंस्पेक्टर को सफाई ठेकेदार के पुराने बिल पास करने की एवज में 40 हजार रुपए लेते हुए ट्रैप किया। एसीबी ने यह ट्रैप की कार्रवाई जयपुर जंक्शन पर दोपहर 4 बजे की है। इंस्पेक्टर की गिरफ्तारी के बाद उसे अधिकारी एसीबी मुख्यालय लेकर आ गए हैं। जहां पर आगे की जांच की जाएगी। ज्ञात रहे कि आरोपी विकास कुमार मीणा सीकर में तैनात है और वर्ष 2021 के बकाया बिलों को लेकर पीड़ित से जयपुर स्टेशन पर रिश्वत के रुपए लेने आया था। एसीबी ने रेलवे के अधिकारियों को भी इस ट्रैप की कार्रवाई की जानकारी दे दी है। जिससे रेलवे भी अपने स्तर पर रिश्वतखोर चीफ हेल्थ इंस्पेक्टर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई कर सके।

एडीजी एसीबी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि पीड़ित ने एसीबी मुख्यालय में शिकायत देते हुए कहा था कि वर्ष 2021 में उसका सफाई और पानी सप्लाई का ठेका बांदीकुई में चल रहा था। जिस का बकाया बिल जारी करने की एवज में चीफ हेल्थ इंस्पेक्टर



आरोपी विकास कुमार मीणा

विकास मीणा 50 हजार रुपए की रिश्वत मांग कर परेशान कर रहा है। इस पर एडीजी ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन कराया। इसके बाद बुधवार को एडिशनल एसपी बजरंग सिंह शेखावत ने ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया। बजरंग सिंह ने आरोपी इंस्पेक्टर को पीड़ित से रिश्वत की राशि के रूप में 40 हजार रुपए लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी विकास मीणा के घर और कार्यालय में भी एसीबी की अन्य टीमें सर्च कर रही हैं। परिवादी ने बताया कि आरोपी विकास कुमार मीणा पहले बांदीकुई रेलवे स्टेशन पर

- पीड़ित ने एसीबी को शिकायत दी थी कि 6 लाख का बिल पास करने के बदले रिश्वत मांगी थी आरोपी ने

तैनात था। आरोपी ने बिल पास करने की एवज में पैसा मांगा। वर्तमान बांदीकुई अधिकारी से भी संपर्क किया लेकिन उन्होंने भी यही कहा कि विकास मीणा ही इन बिलों का निस्तारण कर सकते हैं। लेकिन, विकास मीणा पैसों के लिए बार-बार परेशान करने लगा तो उसकी शिकायत एसीबी में दी। बुधवार को जब एसीबी ने ट्रैप रचा तो आरोपी विकास को इसकी भनक लग गई। इसलिए पैसा लेने से पहले उसने परिवादी को अलग-अलग जगहों पर रेलवे स्टेशन पर बुलाया। वह दूर से पीड़ित पर नजर रख रहा था कि कहीं परिवादी एसीबी के साथ तो नहीं है। जैसे ही उसे कन्फर्म हुआ कि एसीबी नहीं है, वह परिवादी के सामने आया और पैसा लेकर जाने लगा, इसी दौरान एसीबी ने उसे पकड़ लिया।

# प्र.मंत्री मोदी की सीकर यात्रा की तैयारियों की बैठक ली जोशी ने

**सीकर/जयपुर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 27 जुलाई को सीकर में होने वाले किसान सम्मान निधि कार्यक्रम व आमसभा की तैयारी बैठक लेने के लिए प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को सीकर आए। जिलाध्यक्ष इंद्रा चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सीकर सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती व झुंझुनूं सांसद नरेंद्र खीचड़ के साथ प्रदेश पदाधिकारी व जिले के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

बैठक में प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि सीकर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होने वाली 27 जुलाई की आमसभा ऐतिहासिक होनी चाहिए। इसके लिए सभी को मेहनत के साथ आमसभा सफल बनानी होगी। जोशी ने कहा कि अजमेर में हुई प्रधानमंत्री की आमसभा को सीकर व झुंझुनूं के कार्यकर्ता और भी बेहतर बनाने के लिए अभी से जुट जाए। प्रदेशाध्यक्ष ने जिले की सभी आठों विधानसभाओं से कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री की सभा में सर्वाधिक लोगों को लाने के लिए लक्ष्य दिया। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जुलाई को किसानों को सम्मान निधि की 14वीं किस्त जारी करने के लिए सीकर आएंगे। कहा कि किसान सम्मान निधि में अभी तक करीब 2 लाख 40 हजार करोड़ रूपये किसानों को भेजे जा चुके हैं। बताया कि प्रधानमंत्री मोदी इसी दिन यहीं पर पीएम प्रणाम योजना की शुरूआत भी करेंगे। सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि प्रधानमंत्री की सभा में पहले कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। इसमें प्रकाशमाली के भजनों के साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।इस दौरान मंच पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सीआर चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, झुंझुनूं सांसद नरेंद्र खीचड़, पूर्व मंत्री सुभाष महरिया, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, बंशीधर बाजिया, झाबरसिंह खर्रा, गोरधन वर्मा, केडी बाबर, जिले के प्रभारी दिनेश धाबाई, उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल, पूर्व सांसद संतोष अहलावत, शुभकरण चौधरी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# पेंशन विभाग कार्यालय में आईटी ट्रेनिंग सेंटर बनाने का विरोध शुरू

## पेंशन विभाग संयुक्त संघर्ष समिति आज विरोध प्रदर्शन करेगी

- राज्य सरकार ज्योति नगर में स्थित पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग के कार्यालय भवन को तोड़कर उसके स्थान पर आईटी ट्रेनिंग सेंटर बनाने की कार्रवाई कर रही है।

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के ज्योति नगर इलाके में राज्य सरकार द्वारा पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग के कार्यालय भवन को तोड़कर उसके स्थान पर आईटी ट्रेनिंग सेंटर बनाने का विरोध शुरू होने लगा है। इसके चलते गुरूवार को पेंशन विभाग संयुक्त संघर्ष समिति विरोध प्रदर्शन करेगी।


पेंशन विभाग की बिल्डिंग तोड़कर उसके स्थान पर आई टी ट्रेनिंग सेंटर की बिल्डिंग बनाए जाने के स्थान पर किसी खाली भूखंड में बनाने, नई बिल्डिंग में पेंशन विभाग को स्थान दिए जाने, नोडल अधिकारी निदेशक पेंशन को बनाए जाने, वर्तमान में पेंशन विभाग को पर्याप्त एवं उचित स्थान पर शिफ्ट करने जैसे मुद्दों पर गुरूवार को पेंशन विभाग संयुक्त संघर्ष समिति विभाग के मुख्य द्वार पर दोपहर 12 बजे विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ एवं राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राजेश पारीक के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करेगी। सरकार द्वारा उक्त मांगों पर उचित आश्वासन नहीं दिए जाने पर आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। उधर राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष के अध्यक्ष कौशल कुमार ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर आईटी ट्रेनिंग सेंटर को झालाना संस्थानिक क्षेत्र में बनाने का आग्रह किया है। कौशल कुमार ने बताया कि सरकार इस भवन को तोड़कर उसके स्थान पर आईटी ट्रेनिंग सेंटर का जी-9 दो मंजिल बेसमेंट एवं 9 मंजिल भवन बनाने की कार्रवाई कर रही है। इससे पेंशन विभाग का पूरा काम बाधित हो जाएगा। पेंशन निदेशालय में लगभग 4 लाख पेंशन पत्रावलियां है, जो 8 बड़े हाल में व्यवस्थित हैं। पेंशन निदेशालय को वित्त भवन में शिफ्ट किया जाना प्रस्तावित है, लेकिन वहॉ इतने बड़े स्थान उपलब्ध नहीं है। शिफ्टिंग के दौरान पत्रावलियों के अव्यवस्थित होने की पूर्ण संभावना है। उन्होंने बताया कि लगभग 8 करोड़ रुपए की लागत का वर्तमान भवन तोड़ना लोकधन का दुरूपयोग होगा। पेंशन विभाग के अस्त व्यस्त होने, पेंशन प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब एवं पेंशनर्स के आक्रोश को देखते हुए पेंशन भवन को यथावत रखवाते हुए आई टी ट्रेनिंग सेंटर के भवन का निर्माण झालाना सांस्थानिक औद्योगिक क्षेत्र में किया जाए।

# डीजीपी पेश होकर बताए डेढ़ साल से नाबालिग बरामद क्यों नहीं हुई?

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने करीब डेढ़ साल पहले अलवर से लापता 15 साल की नाबालिग के अब तक बरामद नहीं होने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने 25 जुलाई को पुलिस महानिदेशक को व्यक्तिश: पेश होकर बताने को कहा है कि अब तक लापता की बरामदगी क्यों नहीं हुई है। अदालत ने कहा कि यदि इस बीच लापता बरामद कर ली जाती है तो डीजीपी को पेश होने की आवश्यकता नहीं है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश मुकेश की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि नाबालिग डेढ़ साल से लापता है और ऐसा लगता है कि पुलिस उसकी तलाश करने में सक्षम नहीं है। कोर्ट ने पूर्व में एसपी अलवर और मानव तस्करी निरोधक यूनिट के एडीजी को भी तलब किया था, इसके बावजूद भी अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं।

## सार-समाचार

### नेशनल हैण्डलूम वीक का ब्रोशर लॉन्च



**जयपुर**। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुन्तला रावत ने आज उद्योग भवन में जवाहर कला केंद्र में 3 अगस्त से 7 अगस्त तक आयोजित होने वाले नेशनल हैण्डलूम वीक के ब्रोशर का विमोचन किया। इस दौरान विशिष्ट शासन सचिव नेहा गिरी, आयुक्त ओम कसेरा, रीको प्रबन्ध निदेशक सुधीर कुमार शर्मा, आरएसआईसी प्रबन्ध निदेशक मनीषा अरोडा, संयुक्त शासन सचिव पूनम प्रसाद सागर, सचिव खादी बोर्ड ब्रजेश चन्दोलिया, अतिरिक्त निदेशक आर.के.आमेरिया, एस एस शाह, विपुल जानी सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### लेबोरेटरी प्रोफेशनल वीक मनाया




**जयपुर**। प्रीसीजन पैथ लैब मानसरोवर जयपुर में बुधवार को लेबोरेटरी प्रोफेशनल वीक मनाया गया। इसमें सीनियर लैब टेक्नीशियन राजेंद्र स्वामी ने बताया कि आईसीएमएलएस राजस्थान स्टेट ब्रांच के सानिध्य में पूरे राजस्थान में इस वीक में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत आज प्रीसीजन पैथ लैब मानसरोवर में आज डॉक्टर समीर अग्रवाल की तरफ से लेबोरेटरी के कार्य और महत्व पर प्रकाश डाला गया।

### वी.टी.रोड मैदान में होगा रामलीला मंचन



गोस्वामी सुशील महाराज ( बायें )

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर स्थित वी.टी.रोड मैदान में 3 से 7 नवंबर तक संपूर्ण रामलीला का मंचन होगा। देश-दुनिया के 200 कलाकार हाईटेक लाइट एंड साउंड शो के जरिए रामलीला का मंचन करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कोरियोग्राफर व आध्यात्मिक गुरुदेव गोस्वामी सुशील महाराज (महर्षि भृगु पीठाधीश्वर ) के निर्देशन में यह कार्यक्रम होगा। इस रामलीला में गोस्वामी सुशील महाराज द्वारा कोरियोग्राफी की जाएगी, जो पिछले 57 वर्षों से कई दर्जन देशों में रामलीला मंचन करके भारतीय सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार का कार्य करने में जुटे है। उन्होंने बताया कि राजस्थान और विशेष रूप से जयपुर के कलाकारों को प्रशिक्षण देकर तैयार किया जाएगा । महर्षि राम लीला मंचन के लिए मानसरोवर स्थित वी.टी.रोड मैदान में सबसे बड़ा मंच बनेगा, जहां अलग-अलग प्लेटफार्म में अयोध्या, लंका, किष्किंधा नगर, सबरी की झोपड़ी, वनवास क्षेत्र, युद्ध क्षेत्र समेत लगभग डेढ़ दर्जन अलग-अलग मंच बनेंगे, जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। रामराज्य जन संकल्प महा अभियान एवम रामराज्य महोत्सव के मुख्य संयोजक जगदीश ए.पंचारिया ने बताया कि 10 हजार स्क्वायर फीट एलईडी वॉल, एनिमिशन और अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रस्तुति होगी। भगवान श्रीराम के जन्म से राजतिलक तक का लाइट एंड साउंड शो में सम्पूर्ण रामायण का मंचन होगा, जिसमें ध्वनि व प्रकाश के विशेष इफेक्ट्स होंगे जो सबको आश्चर्य चकित करेंगे।

### नर्सेज ने गणेश चालीसा का पाठ किया

**जयपुर**। राजधानी के एसएमएस अस्पताल के मुख्य द्वार पर 11 सूत्री मांगों को लेकर चल रहे धरने में बुधवार को नर्सिंग कर्मियों ने गणेश चालीसा का पाठ किया। राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के प्रांतीय आव्हान पर जिला संयोजक अनेश सैनी, महीपाल सामोता, राजू सिंह, सोम सिंह मीणा, आशीष भारद्वाज, मनोज दुब्बी (मीणा) संयुक्त बयान जारी कर बताया कि वेतन विसंगति कैडर रिव्यू, प्लेसमेंट भर्ती पर रोक सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर, एसएमएस हॉस्पिटल के गेट नंबर 3 पर दूसरे दिन बुधवार को जेके लॉन हॉस्पिटल से गोविंद शर्मा, पवन सोनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नर्सेज ने धरना दिया। इस दौरान गणेश चालीसा का पाठ कर सरकार को सद्बुद्धि देने के लिए प्रार्थना की गई। धरने में शकुंतला पूनिया, ममता दुबे, राजू सिंह सोलंकी, नरेन्द्र कुमार, पिंकी, हेमंत, रमेश सैनी, संजीव यादव, पवन, रणजीत, मुकेश दादरवाल, शिव राम यादव सहित सैकड़ों नर्सिंग कर्मी शामिल हुए।

### सारस्वत समाज के चुनाव 27 अगस्त को

**जयपुर**। सारस्वत ब्राह्मण समाज, जयपुर जिला के चुनाव 27 अगस्त को संपन्न होंगे। यह जानकारी देते हुए समाज के महामंत्री सुरेश सारस्वत ने बताया कि चुनाव में भाग लेने के इच्छुक जयपुर जिले के निवासी सारस्वत समाज के भाई बहिन संगठन की सदस्यता प्राप्त कर सकते है।

# 2 फीट जगह में अवैध दुकानें बनाने वाले को नोटिस जारी

## ग्रेटर निगम के विद्याधर नगर जोन उपायुक्त ने दिखाई सख्ती

- झोटवाड़ा पंचायत समिति के सामने 2 फीट जगह पर पिल्लर खड़े कर 5 फीट की बालकनी निकालकर अवैध निर्माण करने का मामला

**जयपुर** (कासं)। झोटवाड़ा पंचायत समिति के सामने मात्र 2 फीट जगह पर अवैध 12 दुकानें बनाने के मामले में ग्रेटर नगर निगम प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। विद्याधर नगर जोन उपायुक्त संतोष गोयल ने निर्माणकर्ता वक्रांगी माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष ललित नंदवाना को नोटिस जारी कर 3 दिन में निर्माण स्वीकृति और भूखंड के दस्तावेज मांगे है। नगर निगम कार्यालय में यह कागजात पेश नहीं करने पर नगर पालिका अधिनियम के तहत एकतरफा कार्रवाई कर अवैध निर्माण ध्वस्त करने की चेतावनी दी है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संस्था की होगी और हर्जा-खर्चा वसूली भी की जायेगी।

उपायुक्त संतोष गोयल ने बताया कि झोटवाड़ा पंचायत समिति के सामने 65 गुणा 2 फीट में बेसमेंट व ग्रांउड फ्लोर के लिए ईंटों की दीवार और आर.सी.सी. कॉलम खड़े कर निर्माणकर्ता ने छत और बालकनी डाल दी। इस निर्माण से पूर्व कोई निर्माण स्वीकृति नगर निगम प्रशासन से नहीं ली गई है। दुकानें बनाने वाले ट्रस्ट के अध्यक्ष ललित नंदवाना को नोटिस जारी कर 3 दिन में निर्माण स्वीकृति और भूखंड स्वामित्व के कागजात मांगे है। गौरतलब है कि झोटवाड़ा पंचायत समिति के सामने की तरफ कॉर्नर भूखंड पर पिछले कई दिनों से 2 फीट जगह पर 12 अवैध दुकानें बनाई जा रही है। निर्माणकर्ताओं ने 2 फीट जगह पर आर.सी.सी. के पिल्लर खड़े कर उन पर 5-6 फीट की अवैध बालकनी और छत डाल दी। भूखंड पर ग्राउंड फ्लोर पर 6 दुकानें बनाई गई हैं, उनके बीच में से सीढ़ियां निकालते हुए छत पर जाने का रास्ता बनाकर 6 दुकानें ऊपर की तरफ बनाने की कवायद चल रही है। स्थानीय लोगों की मानें तो जिस भूमि पर निर्माण हो रहा है, वह खसरा नंबर 729 में आता है, जिसकी खातेदारी जयपुर ग्रेटर नगर निगम के नाम पर दर्ज है। यहां तक कि जमाबंदी में भी जमीन का मालिकाना हक जयपुर ग्रेटर नगर निगम के नाम पर ही है। मामला उजागर होने के बाद महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने भी इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए उपायुक्त से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी थी।

# 'मेला लगाने से एक माह पूर्व मंजूरी नहीं ली तो सजा होगी'

- विधानसभा में पारित हुआ राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण विधेयक
- मेलों में भगदड़ और एक्सीडेंट से मौत पर आयोजकों को दो वर्ष की सजा

**जयपुर** (विसं)। राजस्थान में अब बिना मंजूरी मेले लगाने पर सजा और जुर्माने का प्रावधान किया गया है। ऐसा करने पर आयोजक को अब 1 साल तक की सजा और जुर्माना होगा। मेला प्राधिकरण की शर्तों का उल्लंघन करने पर छह महीने की सजा और जुर्माना लगेगा। विधानसभा में बहस के बाद पारित राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण बिल में कड़े प्रावधान किए गए हैं। विधानसभा में बुधवार को राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण विधेयक-2023 ध्वनिमत से पारित करवाते हुए देवस्थान मंत्री शकुन्तला रावत ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मेलों में श्रद्धालुओं को बिजली-पानी, शौचालय, पार्किंग, परिवहन व ठहरने सुविधाएं देने के लिए यह बिल लाया गया है।

उन्होंने बताया कि मेलों के आयोजन से लेकर उनकी मॉनिटरिंग के लिए प्रदेश और जिला स्तर पर अलग से एजेंसी बनेगी। स्टेट लेवल पर राज्य मेला प्राधिकरण और जिला लेवल पर जिला मेला समितियां बनेंगी। मेला प्राधिकरण बिल में मेलों के आयोजन और मॉनिटरिंग को लेकर प्रावधान किए गए हैं। मेलों के आयोजन की शर्तों को सख्त बनाते हुए इनके उल्लंघन पर सजा और जुर्माने का प्रावधान किया है। मेलों के दौरान अगर एक्सीडेंट या भगदड़ में किसी की जान जाती है तो आयोजक को कम से कम दो साल तक की सजा हो सकती है। उन्होंने कहा कि कोई भी मेला बिना कलेक्टर या एसडीएम की मंजूरी के नहीं लग सकेगा। मेले के आयोजन के लिए आयोजक संस्था को एक महीने पहले मंजूरी का आवेदन एसडीएम के पास करना होगा। मेले की मंजूरी के आवेदन पर सात दिन में फैसला करना होगा। मेले के आयोजकों को कुछ शर्तों पर ही अनुमति दी जाएगी। मेले में आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा, सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करना, फायर फाइटिंग और लाइफ सेविंग उपाय करना, क्राउड मैनेजमेंट के साथ ही मेले से जुड़ी सारी व्यवस्थाओं का मानकों के अनुसार पालन करना जरूरी होगा। प्रदेश स्तर पर राज्य सरकार राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण के नाम से संस्था बनाएगी। राज्य मेला प्राधिकरण में पर्यटन मंत्री अध्यक्ष होंगे, जबकि मेलों में रुचि रखने वाली मशहूर हस्ती को इसका उपाध्यक्ष बनाया जाएगा। राज्य मेला प्राधिकरण की 6 महीने में कम से कम एक बैठक होनी जरूरी होगी। इसके अलावा अध्यक्ष की मंजूरी से कभी भी बैठक बुलाई जा सकेगी। चर्चा में इस बिल पर आपत्ति जताते हुए नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि सरकार चाहती है कि जिस-जिस मेले को सरकार अनुमति देगी, क्या सिर्फ वे ही मेले लगेंगे, बिना अनुमति मेलों पर सजा का प्रावधान क्यों है। इसी तरह विधायक अभिनेश महर्षि ने इसे आधा अधूरा बिल बताते हुए जनमत के लिए भेजने को कहा।

# ग्रेटर नगर निगम के 'फ्रूट पार्क' का विरोध

**जयपुर**। ग्रेटर नगर निगम के ड्रीम प्रोजेक्ट 'फ्रूट पार्क' स्थानीय लोगों के विरोध के बाद ठंडे बस्ते में चला गया। दरअसल, ग्रेटर नगर निगम ने वार्ड 19 में चौगान बाबा मंदिर तलाई (नांगल जैसा का बोहरा) के पास ग्रेटर फ्रूट पार्क विकसित करने की की योजना बनाई थी। तीन दिन से यहां जमीन को समतल करने का काम चल रहा था। बुधवार को जैसे ही महापौर सौम्या गुर्जर पार्षदों व अन्य लोगों के साथ पौधे लगाने पहुंची तो लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। चेयरमैन मीनाक्षी शर्मा ने मंच से कहा कि राजनीति करने वाले लोग यहीं रह जाएंगे और ये पौधे वृक्ष बन जाएंगे। सभा के बाद महापौर ने आम का एक पौधा लगाकर पौधारोपण अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि एक लाख पौधे इस मानसून सत्र में निगम लगाएगा।



नांगल जैसा बोहरा स्थित चौगान बाबा मंदिर तलाई में 'फ्रूट पार्क' के विरोध के बाद महापौर सौम्या गुर्जर पौधारोपण कर लौट आई।

उधर विरोध कर रहे लोगों का कहना था कि हमें फ्रूट पार्क नहीं चाहिए, इसकी जगह खेल मैदान बनाया जाए। ताकि कॉलोनी के बच्चे खेल सकें और लोग घूम सकें। बाउंड्री के सहारे पौधे लगाए जाएं। कार्यक्रम के दौरान महापौर और आयुक्त महेंद्र सोनी भी एकमत नहीं दिखे। महापौर चाहती थी कि पहले सभा हो, उसके बाद पौधारोपण किया जाए और आयुक्त पहले पौधारोपण कराने की कह रहे थे। जैसे ही महापौर पार्षदों के साथ हनुमान मंदिर में दर्शन के लिए गईं, आयुक्त कार्यक्रम स्थल से चले गए। महापौर ने विरोध कर रहे लोगों को कहा कि मैं यहां पौधारोपण के लिए आई हूं, आम का एक पौधा जरूर लगाकर जाऊंगी। यह पौधा जब पेड़ बनकर आम देगा तो उसके फल खाइयेगा। फ्रूट पार्क ग्रेटर निगम का 'ड्रीम प्रोजेक्ट' है, यहां एक हजार से अधिक फलदार पौधे लगाने थे। फ्रूट पार्क बनने से तलाई का विकास होगा। यहां क्षेत्र के लोगों को हरियाली देखने को मिलेगी। पार्क विकसित होने के बाद लोगों को यहां सुविधा मिल सकेगी। स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम में फ्रूट पार्क का विरोध किया और खेल मैदान नहीं होने की बात कही।

# 170 पुलिस निरीक्षक बदले

**जयपुर** (कासं)। पुलिस विभाग में एक बार फिर बड़ा फेरबदल हुआ है। पुलिस मुख्यालय ने बुधवार को एक आदेश जारी कर 170 निरीक्षकों के तबादले किए हैं। इसे आगामी चुनावी प्रक्रिया से जोड़कर देखा जा रहा है। तबादला सूची में उन निरीक्षकों के भारी संख्या में नाम हैं जिन्होंने स्वयं की प्रार्थना पर तबादला करवाया है जबकि कुछ को प्रशासनिक आधार पर बदला गया।

आदेश के अनुसार जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में 35 निरीक्षकों को लगाया गया। जबकि यहां से 89 पुलिस निरीक्षकों दूसरी रेंज और जोधपुर कमिश्नरेट भेजा है। माना जा रहा है कि तबादला सूची में उन अधिकारियों के नाम है जिन्हें कई वर्ष हो गए थे और चुनाव आचार संहिता के दायरे में आ रहे थे। तबादला सूची में पुलिस निरीक्षक नरेन्द्र खिंचड़ को फिर जेडीए में लगाया है जबकि जयपुर कमिश्नरेट में निरीक्षक सीताराम खोजा, भंवरलाल मीणा, कैलाश चन्द मीणा, गजेन्द्र सिंह, दौलतराम, अजय कांत रतूडी, अमित कुमार शर्मा, बलवीर सिंह कस्वा, राजेश कुमार सिंह, सुरेश कुमार, गुरु भूपेन्द्र सिंह, अजय सिंह मीणा, ममता कुमार मीणा, निर्मला कुमारी, दलबीर सिंह, अरुण कुमार, नेमीचन्द गोयल, सुनीता बायल, सुरेश कुमार, धर्मसिंह मीणा, अरविन्द सिंह चारण, श्याम सिंह चारण, रमेन्द्र सिंह हाडा, हेमराज सिंह, जहीर अब्बास, लालसिंह यादव, उदयसिंह यादव, अवतार सिंह, महेश चन्द, राजपाल सिंह, श्रीनिवास जांगिड, मदनलाल कडवासरा, सोहन लाल, विनोद सांखला और रामनिवास यादव को लगाया है।



## Space Exploration Day

The 20th century was a time of extreme growth in technology and science on scales large and small, not the least of which was planet-wide interest in space. Society has benefited from space exploration in a variety of ways, including health and medicine, communication, consumer goods, information technology, transportation and so much more. Space Exploration Day is the perfect time to show some appreciation for and celebrate the advances that the world has gained through the exploration of space!

#PSYCHOLOGY

# Some Common Dreams

While dreams can be highly individual and influenced by personal experiences, cultural backgrounds, and psychological factors, there are several themes and scenarios that tend to recur irrespective of the differences



As we close our eyes each night, we enter a realm where imagination knows no bounds, and the subconscious takes the stage, allowing us to embark on extraordinary adventures.

As such, dreams have always fascinated and intrigued us, evoking curiosity and inspiring countless interpretations. Why do we dream? What is the meaning behind some of the most common nocturnal visions?

In order to shed light on these questions, we reached out to experts who delved deeper into this phenomenon and discussed the potential meanings.

According to Aishwarya Raj, a clinical psychologist based in Delhi-NCR, while one theory suggests that dreaming is a way for the brain to process emotions, memories, and experiences from the day, another theory proposes that dreaming helps with problem-solving and creativity.

"Additionally, dreaming may serve as a form of mental rehearsal, allowing us to practice and prepare for future events. Overall, dreaming is thought to be a complex and multifaceted process that plays a role in various aspects of our mental and emotional well-being," she says.

Dr Austin Fernandes, psychiatrist, Dr L H Hiranandani Hospital, Powai, Mumbai explains that during sleep, the brain can sort through memories, emotions, and experiences, integrating them into our long-term memory and helping us make sense of our waking experiences. "Dreams may also serve as a mechanism for emotional regulation. They can provide an opportunity for the brain to process and work through intense emotions, unresolved conflicts, or unexpressed desires. Dreams may offer a symbolic representation of our emotional experiences, allowing us to explore and understand our feelings in a safe and unconscious realm," he adds.

As for problem-solving and creativity, Dr Fernandes shares that when we sleep, the brain can engage in free association, making novel connections, and exploring alternative solutions to challenges or dilemmas we may be facing in our waking lives.

"Dreams may provide a unique space for the brain to generate ideas and insights that may not emerge readily during wakefulness. Dreams are believed to be associated with brain activity during the rapid eye movement (REM) sleep stage. REM sleep is characterised by heightened brain activity, vivid dreams, and rapid eye movements. It is thought that the neurochemical and physiological processes occurring during REM sleep play a role in the generation of dreams," he says.

Consequently, he highlights that dreams can have different meanings for different individuals as they can be influenced by personal experiences, emotions, and subconscious thoughts. "Analysing dreams can sometimes provide insights into our inner thoughts, feelings, and conflicts, but it requires a careful and individualised approach," he says.

While dreams can be highly individual and influenced by personal experiences, cultural backgrounds, and psychological factors, there are several themes and scenarios that tend to recur irrespective of the differences.

Dr Fernandes mentions a few such dreams and what they may indicate.

Falling: Many people report dreams of falling, often accompanied by a sudden awakening or a jolt. These dreams may reflect feelings of insecurity, a lack of control, or a sense of being overwhelmed in certain aspects of life.

Being chased or pursued: Dreams involving being chased, often by an unknown figure or a threatening presence, are quite common. These dreams can symbolise avoidance, fear, or a sense of being pursued by responsibilities, conflicts, or unresolved issues.

Flying: Dreams of flying or soaring through the air are frequently reported. These dreams can represent a sense of freedom, liberation, or a desire to transcend limitations. They often reflect a desire for independence, empowerment, or a need to escape from restrictive situations.

Teeth falling out: Dreams about teeth falling out or crumbling are relatively common. These dreams can be associated with feelings of vulnerability, concerns about appearance or ageing, or difficulties with communication or self-expression.

But, why do we have such common dreams?

"Many common dreams reflect universal human experiences, emotions, and concerns. Falling, being chased, and feeling unprepared are all experiences that most people can relate to on some level. These dreams may arise as a result of our shared human psyche and the emotions and challenges that we commonly face," Dr Fernandes says.

He further says that common dream themes may serve as symbolic representations of deeper psychological issues or unresolved conflicts in our waking lives.





Yuvraj Parasuraman.

# The Wander Lust Story (...1)



Shailaza Singh
*Published author, poet and a YouTuber*

He is tall. He is dark. He is handsome. Your typical Mills and Boons brooding hero. Only that he isn't looking for the happily ever after. In fact, he runs in the opposite direction if he meets someone loaded with the 'happily ever after'. Meet Yuvraj Parasuraman who is a gypsy at heart. He looks at the world through the lens of his camera. He has been bitten hard by wanderlust and he isn't complaining. He roams the world, clicking everything that he finds and he says he still has miles to go before he sleeps and I met him in Dharamsala, commonly known as His Holiness Dalai Lama's abode.

Yuvraj Parasuraman is a self-confessed travel addict. This photographer has roamed the world, seen places and yet he says at 34 'his journey has just begun'. I met Yuvraj for the first time in a charcoal drawing workshop in Dharamkot, a quiet suburb of Dharamsala. My daughter and I were sitting in the class of about 10 people when I noticed this tall, dark man working away on his drawing. There was something about him that caught my attention. Perhaps he was too focussed on creating the light in his drawing. When the instructor Rohit Kishan called for a break, he went out and stood gazing at the hilly forest of deodars. Though he was approachable and we were chit chatting in an instant, it took time for this introvert to open up. However, when he narrated his story, the conversation was as intriguing as the man himself.

### Creating Light

'Why would a photographer enrol in a charcoal sketching class?' I asked him. 'I wanted to learn more about light and charcoal sketching is the best way to understand light. The way you create an entire image with just charcoal and light is fascinating!'

'When did you decide to become a photographer?'

'I was 15 years old when I tuned into Fashion TV for the first time. My parents were busy elsewhere. I was watching the making of the Pirelli Calendar 2004 and had an eye on the door because I knew my mom could walk in anytime. I was mesmerized by not just the bevy of beautiful women in that frame but also the way they were playing with the light, colours and the movements. I think it was love at first sight! I was fascinated by the way photography could capture all of life's interesting stories!'

## #TRAVELLER TALES

'So, when did the travel bug bite you?'


'After studying visual communication in Madras Christian College, I started working in advertising where I would assist renowned photographers. Though the pay was good and the work was interesting, I felt restless because I wanted to travel.'

'But aren't there outdoor shoots in advertising?'

'There are but those are few and far between. Besides you hardly get to see the places when you go for these shoots. You just focus on the shoots, stay in the hotel and then come back. That was not what I was looking for.'



> I was 15 years old when I tuned into Fashion TV for the first time. My parents were busy elsewhere. I was watching the making of the Pirelli Calendar 2004. I was mesmerized by not just the bevy of beautiful women in that frame but also the way they were playing with the light, colours and the movements. I think it was love at first sight! I was fascinated by the photography.



### Travel Bug Bites

'You say you love travelling. When did you first experience the magic of travel?'

'When I was working in the field of advertising, I used to take these holidays and backpack to different places. The first place I went to was the Sun Festival in Goa. I was just eighteen years old at that time. One day in Goa, I was having my cup of tea on beach and watching the ocean. During that time, I realized that my life in the city is too boring and maybe I should do something else. I started going there every year and slowly Goa became my home.'



'So, have you settled in Goa?'

'No, I don't settle anywhere. I keep travelling. Every year, I stay a month or two in Goa. I don't really have a base anywhere.' Not even his parent's place in Chennai? 'I visit Chennai off and on because my parents, brother and my friends live there. I don't stay in Chennai for more than a month though my parents want me to stay in Chennai and take up a more settled kind of job. Since the last ten years, they have been trying to come up with a plan to get me married but I know for sure that it's not happening. I keep telling them that I am not interested but when they really force me, I run away from Chennai too!'

### Run for Life


'So, do you not want to get married at all ever?'


Yuvraj smiles. 'No, it is not like that. I was contemplating the idea of marriage some years ago. I was in a relationship with a Chinese girl who was working on the same ship. Whenever, our ship used to dock in a country, we used to go out. Over a period of four months, I had developed a fondness for her and was even toying with the idea of marrying her and going to China. I got transferred to another ship but we used to keep meeting. Sometimes, we would go to lunch in Miami or just have a casual date. I used to call her from my ship. Once during the marriage planning phase, I happened to casually ask her if she would be okay if I was to go for a solo trip for a month once a year after marriage because I have to travel solo at least once a year. That is who I am! But she refused point blank. She told me that I couldn't go on a solo trip because she would be with me all the time! That did it! I slowly distanced myself from her and perhaps she also understood!'

### Cruising the world

For most of his professional life, Yuvraj has been working in cruise ships that travel all over the world and fuel his 'banjarapan'. 'I was an art dealer who used to work for a company called the Park West Gallery. This museum in Michigan was started by a former NASA scientist (mechanical engineer) Albert Scaglione in 1969. The idea was to collect works of all contemporary artists from across the world. He founded this company and started collecting art works from his friends. He collected all kinds of works of not just great artists but also the upcoming ones and masters. He started doing auctions on cruise ships for these works. Now, we have a museum in Michigan and three other galleries, in Hawaii, New York, Las Vegas.'









> I was mesmerized by not just the bevy of beautiful women in that frame but also the way they were playing with the light, colours and the movements. I think it was love at first sight! I was fascinated by the way photography could capture all of life's interesting stories!'

### Ship Race

'Interesting! From backpacking to cruise ships. How different is the experience?'

'It is fantastic! I love roaming the world and I have a job where I wake up in a new city or country almost every day. Cruise life is completely different. It's not like a backpacker's life. It is more of a contract wherein you work in one or two or three cruise ships. Once I worked in three cruise ships in a period of just six months. My company can post me to any of their cruise lines. So, someday, I may be on a Carnival Cruise Line, the other day I would be on Royal Caribbean or any other such cruise lines. I have been all over the Caribbean but mostly I have spent just a few hours or a day in cities or countries. The ship docks in a city. We spend the day; we go out and have lunch or drinks and come back. We live on a cruise ship for about six to eight months. Once in Columbia, we went out with some guests and friends to have a good time since there weren't any interesting restaurants near the place where we had docked. We found a place which was quite far off which was amazing.'

'After some hours, I realized that we needed to get back to the ship else we may miss it! Some of my friends were busy enjoying themselves and did not want to go. However, after a lot of cajoling and convincing (everyone was high on drinks), we got into a taxi. As luck would have it, the taxi driver did not speak English, he spoke Spanish. So, when we tried to tell him to speed up the car, he couldn't understand. I used the Google translator to help him understand (I always use a google translator). We finally reached the port. On a ship, different protocols are followed for guests and crew members. While no one says anything to the guests, we (the crew members) were warned for being late. The ship waits for no one, not even the guests. If the guests miss their ships and then they have to fly back to their home country.'

***To be continued...***

rajeshsharma1049@gmail.com

(All photographs by Yuvraj Parasuraman )



#SKILLS


# Nail Your Presentation

Just because you don't have as much time as you'd planned doesn't mean you can't have as much impact as you intended.



One of the most common unpleasant surprises that you've likely faced as a public speaker is getting your time cut short.

You go into the meeting with a plan for what you're going to cover based on the allotted time you've been given. And then, the technology doesn't work until 15 minutes into the meeting. Or the decision-maker shows up late, and you've waited to start until they arrive. Or someone (and maybe everyone) in the group runs a few minutes over, and by the time it's your turn, those few minutes have compounded and you're left rushing to finish.



This can be a lose-lose for both the participants and the presenters.

One way to manage this dynamic in advance is to require everyone to practice their section of the presentation with a timer, and cut down their own presentations to meet their allotted time.

And another way to deal with all of this is to make sure that everyone participating has a Plan B that they are willing and able to adapt to ASAP. Here are three Plan B's that every speaker needs in case time gets cut short:

### Two Versions

Come with the full version of the presentation you planned, and a version that's 50% of what you've planned. Make sure that you have practiced delivering both (just having a shorter deck won't prepare you to deliver an effective, shorter presentation).

As soon as you start to realize that you're not going to have your full allotted time, revert to your shorter version.

You might need to make some quick decisions about whether you still need to cut some content. And plan to let your listeners know that you'll provide additional context or content in writing after the meeting.

### Just Hit the Headlines

This means that you have to build your presentation headlines instead of headers. What's the difference between a header and a headline? A header is a neutral catch-all for what you're going to talk about in the slide whereas a headline provides the story of the slide right up top. It lets both the speaker and the audience know the bottom line first.

### Compare these

**Slide header:** "2023 Economic Outlook"
**Slide headline:** "2023 Economic Outlook Looks Optimistic"
**Slide header:** "Q2 Sales"
**Slide headline:** "Q2 Sales Bounce Back after Disappointing Q1"
**Slide header:** "Next Steps"
**Slide headline:** "Next Steps: Hiring, Onboarding, and Training"


When you have a limited amount of time to present your findings, you can deliver an effective (albeit brief) narrative by just covering the headlines of your deck even if you don't get to explain the details of each slide.

### Don't Apologize

Behave as if this is exactly the version you'd always planned to present. (It is highly likely that your audience won't know unless you tell them.) As much as you might be tempted to say something like, "If only our tech team had been prepared this morning…" or "Since my colleagues went overtime…," don't do it. Stay professional and be collaborative. All of those conversations can happen after the meeting - not during.





## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# चित्तौड़गढ़ में 75 लाख की अफीम पकड़ी, दो तस्कर गिरफ्तार

## एक स्कॉर्पियो, तीन बाइक और दो मोबाइल जब्त किये

**जयपुर/चित्तौड़गढ़।** संगठित अपराध के विरुद्ध सीआईडी क्राइम ब्रांच पुलिस मुख्यालय की टीम ने लगातार कार्रवाई करते हुए चित्तौड़गढ़ जिले के बेंगू थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की बड़ी खेप पकड़ी है। स्थानीय पुलिस के सहयोग से रामपुरिया गांव में दबिश देकर दो तस्करों को डिटेन कर 75 लाख कीमत की 2 किलो अफीम, 8 किलो अफीम का 260 लीटर घोल, 24 किलो अफीम डोडा-चूरा समेत एक स्कॉर्पियो, तीन बाइक और दो मोबाइल जब्त किये गये।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि क्राइम ब्रांच के कॉन्स्टेबल विजय सिंह एवं गोपाल धाभाई को सूचना मिली कि बेंगू थाना क्षेत्र में रामपुरिया गांव निवासी राधेश्याम धाकड़ ने अपने घर में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ छुपा रखा है। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी के सुपरविजन और पुलिस निरीक्षक रामसिंह नाथावत के नेतृत्व में टीम गठित की गई। एडीजी एमएन ने बताया कि चित्तौड़ पहुंचकर टीम ने बेंगू थाना पुलिस के सहयोग से आरोपी राधेश्याम धाकड़ के घर पर दबिश दी। पुलिस को आता देख राधेश्याम भाग कर छत पर चला गया और चार प्लास्टिक की थैलियों में भरी 8 किलो ग्राम अफीम छत पर बनी पानी की टंकी में फेंक दी।


पुलिस गिरफ्त में दो तस्कर।

■ **पुलिस को आता देख राधेश्याम भाग कर छत पर चला गया और चार प्लास्टिक की थैलियों में भरी 8 किलो ग्राम अफीम छत पर बनी पानी की टंकी में फेंक दी**

मौके पर थाना पुलिस की टीम द्वारा आरोपी श्याम लाल गुर्जर और राधेश्याम धाकड़ को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया। टंकी में घोलो गई 8 किलो अफीम के 260 लीटर घोल को टीम ने 13 प्लास्टिक के जरीकेन में भर जप्त किया। घर की तलाशी में 2 किलो शुद्ध अफीम, 24 किलो अफीम डोडा चूरा के साथ एक स्कॉर्पियो, 3 बाइक और दो मोबाइल भी जब्त किए गए।

पुलिस की टीम इनके नेटवर्क और मादक पदार्थ खरीद-फरोख्त के संबंध में गहनता से अनुसंधान कर रही है। एडीजी ने बताया कि टीम में हैड कॉन्स्टेबल शंकर दयाल शर्मा, रामनिवास व कमल सिंह एव कांस्टेबल देवेंद्र सिंह, गोपाल लाल, विजय सिंह व विश्राम चालक शामिल थे। विशेष भूमिका कांस्टेबल गोपाल लाल व विजय सिंह एवं तकनिकी भुमिका हेड कांस्टेबल कमल सिह, कांस्टेबल देवेन्द्र की रही।

# निजी बस ने कांवड़ियों से भरी पिकअप को टक्कर मारी

## सड़क हादसे में कांवड़िये की मौत, एक दर्जन घायल


घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

**नदबई,** (निसं)। आगरा-जयपुर राजमार्ग पर डहरामोड़ के समीप असंतुलित निजी बस ने कांवड़ियों से भरी पिकअप गाडी में टक्कर मार दी। जिसके चलते पिकअप में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर नदबई पुलिस सीओ नीतिराज सिंह व प्रशिक्षु आरपीएस मनीषा मीणा ने मौके पर पहुंच घायलों को अलग-अलग वाहन से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। साथ ही मृतक युवक के शव का जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कराते हुए परिजनों को सौंपा।

पुलिस सूत्रों की मानें तो नयागांव थाना बालासर करौली निवासी विष्णु गुर्जर पुत्र सोहनसिंह अपने अन्य साथियों के साथ सौरोंजी से कांवड लेकर लौट रहा। रास्ते में डहरा मोड़ के समीप अपने साथियों से कांवड़ बदलने के लिए सडक के किनारे खड़ा होकर इंतजार करने लगे। इसी दौरान निजी बस ने असंतुलित होकर पिकअप गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में विष्णु गुर्जर की मौके पर मौत हो गई।

जबकि, करौली नयागांव निवासी जागीर गुर्जर पुत्र भलकेराम, रामवीर गुर्जर पुत्र गयान सिंह, भारती पुत्र जयसिंह गुर्जर, अजय गुर्जर पुत्र कमल गुर्जर, बालकदास पुत्र बलराम गुर्जर, धर्मेन्द्र गुर्जर पुत्र बाबू गुर्जर, राहुल गुर्जर पुत्र भागमल, राकेश गुर्जर पुत्र लच्छी गुर्जर, कल्ला गुर्जर पुत्र व रोहिताश सहित निजी बस परिचालक शेरसिंह पुत्र शिवशंकर घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच सात घायलों को जिला चिकित्सालय व चार अन्य घायलों को महुआ चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में पुलिस ने जिला चिकित्सालय में मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम कराते हुए शव परिजनों को सुपुर्द किया।

# फाइनेंस कम्पनी को चूना लगाने वाले दो गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। फाइनेंस कम्पनी को चूना लगाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। कम्पनी के कार्मिक ने अपने साथ मनगढंत लूट की वारदात होना बता महिला समूह के 94 हज़ार से ज्यादा रुपये डकारने की फिराक में था।

जिले के चौरासी थाना सर्कल में बीते माह जून में एक प्राइवेट फाइनैंस कम्पनी के कार्मिक को अज्ञात लुटेरों द्वारा लूटे जाने की वारदात होने की कम्पनी के ब्रांच मैनेजर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में ब्रांच मैनेजर ने अपने कार्मिक महेंद्र मीणा निवासी वीरपुरा थाना सराडा जिला उदयपुर के साथ अज्ञात लुटेरों ने लूट की वारदात को तब अंजाम दिया जब महिला समूह की राशि 94 हज़ार 541 रुपये लेकर रंगपुर से ऑफिस सीमलवाड़ा की तरफ आ रहा था। इस दौरान पाड़ली फला आमली में 4 अज्ञात लुटेरो ने महेंद्र मीणा को रोक उसके गर्दन पर चाकू रख डरा धमकाकर बैग जिसमें बड़ी राशि थी लेकर फरार हो गए।

उक्त मामले में चौरासी थाना पुलिस ने टीम गठित कर लुटेरो तक पहुँचने की कोशिश में लग गए किन्तु सफलता नहीं मिली आखिर पुलिस विभाग की सायबर टीम का सहारा लेकर चौरासी थाना अधिकारी ने लूट के पीड़ित कार्मिक महेंद्र मीणा को थाने पर बुलाया और पूछताछ करने पर महेंद्र मीणा फूट गया। महिला समूह की बड़ी रकम की लूट की कहानी सुनकर एक बार पुलिस भी चकरा गई। लूट की वारदात ही पूरी तरह से मनगढंत निकली। दरअसल महेंद्र मीणा और इस लूट की मनगढंत वारदात में साथ देने वाला उसका दोस्त दोनों ने मिलकर महेंद्र मीणा के कमरे पर लूट की इस वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई थी। योजना बनाने के पीछे महेंद्र मीणा की आर्थिक हालात बुरी हो गई थी कर्ज बहुत बढ़ गया था।

मनगढंत लूट के दिन महेंद्र मीणा का दोस्त करनसिंह गुर्जर जो सलुम्बर में रहता है उसे महेंद्र मीणा ने गैजी गाँव बुलाया और महिला समूह से एकत्रित की गई 94541 रुपये करनसिंह के देकर सलूम्बर रवाना कर दिया और इधर महेंद्र मीणा ने पाड़ली के आमली फला जाकर मनगढंत लूट की रूप रेखा को मूर्त रूप देते हुए लाल मिर्च पाउडर को रोड पर छिडक अपने मोबाइल को पत्थर से तोड अपने साथ हुई वारदात को बताने सीमलवाडा पहुँच गया। फिलहाल पुलिस मामले का अनुसंधान कर रही है।

# दो दिन पुराना युवक का शव तालाब में तैरता हुआ मिला

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। ज़िले के जहाजपुर थाना क्षेत्र के सरसिया गाव के तालाब में दो दिन पूर्व नहाने गए युवक का पानी में तैरता हुआ शव मिला जिससे गाव में सनसनी फैल गई। बाद में ग्रामीणों की सूचना पर जहाजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पानी में तैरते हुए शव को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकलवाकर जहाजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मोर्चरी मे रखवाया।

जहाजपुर थाने के सहायक पुलिस निरीक्षक भागचंद वैष्णव ने जानकारी देते हुए बताया कि सरसिया गांव में तालाब में पानी में एक युवक प्रेम लाल पिता कालूराम मीणा निवासी सरसिया जिसकी लाश सरसिया तालाब में तैरती मिली की सूचना मिली। जिस पर मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से मृतक के शव को बाहर निकला कर मृतक के शव को जहाजपुर मोर्चरी मे

■ **पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया**

रखवाया बाद पोस्टमार्टम करा शव परिजनो को सुपुर्द किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मृतक के छोटे भाई ने बताया कि उसका भाई रोजाना मेहनत मजदूरी का कार्य करता था जो दो तीन दिन में घर आता जाता था आज सुबह सूचना मिली कि मेरे बड़े भाई की डूबने से मौत हो गई ओर शव सरसिया तालाब में तैर रहा है तो मै मौके पर पहुंचा ओर गांव वालों की मदद से लाश को बाहर निकाला दो दिन पहले नहाने गया था। सम्भवतः नहाने गए समय पर पैर फिसल जाने से उसकी मौत हो गई। लाश को बाहर निकाल कर पुलिस को सूचना दी।

# नदी में डूबने से एक जने की मौत

**निवाई,** (निसं)। दत्तवास थाना अंतर्गत गांव सिरोही में बुधवार की दोपहर नदी के पानी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। दत्तवास थाने के दीवान ने बताया कि पूरण पुत्र जमना लाल बैरवा उम्र 35 वर्ष निवासी सिरोही संग्रामपुरा के समीप नदी में नहा रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया जिससे वह गहरे पानी में चला गया। गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि 2 दोस्तों के साथ नदी में नहाते समय गहरे पानी में जाने की वजह से डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर झिलाई अस्पताल में लेकर आए और मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया।

# वीडियो वायरल करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**करौली,** (निसं)। भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया के नेतृत्व में भाजपाइयों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर रियासत कालीन भोलेनाथ मंदिर के स्थान पर चल रहे निर्माण कार्य को रुकवाने एवं सर कलम का वीडियो वायरल करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने सहित अशोक पाठक के विरुद्ध दर्ज मुकदमा को रद्द करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई तो भाजपा आंदोलन के लिए विवश होगी।

भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया के नेतृत्व में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश चंद शर्मा, भाजयुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष उत्तम सिंह जादौन, भाजपा के वरिष्ठ केके मित्तल, मुकेश सालोंत्री, पार्षद सुमित भट्ट, मान प्रकाश शुक्ला, कृष्णा गुलपारिया, आशुतोष तिवारी, गीता देवी, गोपाल शर्मा, विधानसभा करौली के पूर्व भाजपा प्रत्याशी ओ पी सैनी सहित दर्जनों भाजपाइयों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

■ **भाजपाइयों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा**

# करंट लगने से दो लोगों की मौत

## रोडवेज बस स्टैंड पर हुआ हादसा




भीलवाड़ा के सुभाष नगर थाना क्षेत्र में रोडवेज बस स्टैंड परिसर स्थित गन्ने की चरखी के निकट करंट से दो लोगों की मौत हो गई।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र में रोडवेज बस स्टैंड परिसर स्थित गन्ने की चरखी के निकट करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों को परिजनों ने मुआवज़े की माँग को लेकर एमजी मोर्चरी के बाहर जमकर हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार रोडवेज बस स्टैंड परिसर में एटीएम और गन्ने की चरखी लगी हुई उसी के पास जहाजपुर क्षेत्र का रहने वाला बाबूलाल मीणा और नौशाद सोया हुआ था बरसात के चलते रात्रि के समय करंट लगने से दोनों की मौक़े पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि बाबूलाल एटीएम में सोता था जबकि नौशाद स्टैंड के बाहर पराठा का ठेला लगाता था। अभी यह साफ नहीं हो पाया कि करंट गन्ने की चरखी से फैला या अन्य कोई कारण से दोनों की मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी पहुँचाया गया है। जहां मृतकों के परिजनों ने मुआवज़े की माँग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस समजाईश के बाद मामला शांत हो पाया।

# करंट से महिला की मौत

**निवाई,** (निसं)। गांव बहड में पशुओं के लिए कुट्टी की मशीन में चारा काट रही एक महिला के करंट आ गया जिससे महिला घायल हो गई। घायल को परिजन राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय लेकर आए जिसका प्राथमिक उपचार कर जयपुर रैफर कर दिया गया। उपचार के दौरान जयपुर में उसकी मौत हो गई। बरोनी थानाधिकारी नियाज मोहम्मद ने बताया कि बुधवार की सुबह गांव बहड में निरमा जाट उम्र 36 वर्ष पत्नी कमलेश जाट मवेशियों के लिए कुटी मशीन में चारा काट रही थी। इसी दौरान उसके करंट आ गया जिससे वह चिल्लाने लगी। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन दौडकर आए लाइट का स्वीच बंद कर महिला को सीएचसी निवाई लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने उसे जयपुर के लिए रेफर कर दिया। उपचार के दौरान उसकी जयपुर में मृत्यु हो गई। वहीं खैरथल रेलवे स्टेशन के समीप गत रात्रि को चलती ट्रेन से गिरने से एक यात्री की मौत हो गई। पुलिस ने शव को स्थानीय राजकीय सेटेलाइट अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया और उसके परिवार को सूचित किया। पुलिस ने मृतक यात्री की पहचान अलवर के तीजकी श्मशान घाट मंदिर के पीछे रहने वाले वीरू पुत्र ओमप्रकाश वाल्मीकि के रूप में हुई।

# जैन संत की हत्या के आक्रोश में आज अजमेर बंद रहेगा

**अजमेर,** (कासं)। दिगम्बर जैन संत आचार्य श्री 108 कामकुमारनंदीजी महाराज की कर्नाटक प्रांत बेलगांव चिकोड़ी में गत 5 जुलाई की रात्रि को निर्मम हत्या कर शरीर के टुकड़े करने वाले दुष्कर्म पर जैन समाज द्वारा गुरुवार को राष्ट्रव्यापी बंद के आव्हान पर अजमेर में भी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे एवं जन आक्रोश सभा का आयोजन किया जाएगा। बंद को सकल जैन समाज एवं अन्य सिंधी व व्यापारिक एसोसिएशन ने समर्थन व्यक्त किया है।

दिगम्बर जैन आचार्य श्री कामकुमारनंदी जी महाराज की दीक्षा 35 वर्ष पूर्व हुई थी एवं वह कई भाषाओं के ज्ञाता थे उन्होंने आध्यात्मिक व वैज्ञानिक पद्धति से जीवन जीने का मार्ग सिखाया। ऐसे तपस्वी संत की निर्मम हत्या से सम्पूर्ण भारत वर्ष का जैन समाज आहत है एवं केन्द्र सरकार व कर्नाटक राज्य सरकार से अनुरोध करता है कि सम्पूर्ण घटना जांच कराकर दोषियों को कठोर दण्ड दिया जाये साथ ही ऐसा कानून बनाया जाये की ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो एवं जैन संतों, मुनियो को संरक्षण व सुरक्षा प्रदान की जाये।

जानकारी के अनुसार अजमेर में प्रातः 8.30 बजे पंचायत छोटा धड़ा नसियां, दौलत बाग रोड़ के सामने एकत्रित होकर दिगम्बर व श्वेताम्बर साधु संतों के सानिध्य में एक मौन रैली प्रारम्भ होकर नया बाजार चौपड़ पहुँचेगी। जहाँ जन आक्रोश सभा का आयोजन किया गया, सभा में मुख्य वक्ता जैन समाज के पूजनीय संत मुनिराज जैन समाज की एकता व संगठन पर आशीर्वचन देगे तत्पश्चात सभा का समापन एक ज्ञापन के द्वारा जो कि विशिष्ट बंधुओं के द्वारा जिलाधीश को दिया जायेगा। ज्ञापन भारत के प्रधानमंत्री , राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री कर्नाटक सरकार एवं राजस्थान सरकार के लिए होगा। बुधवार को पंचायत छोटा धडा नसियां में सकल जैन समाज के वरिष्ठ बंधु सुशील बाकलीवाल, हेमंत पांड्या, नीरज जैन, कमल गंगवाल, लोकेश ढिलवारी, प्रकाश पाटनी,गौतम जैन, पारस ललवानी, धर्मेश जैन कमल लुहाडियां, राजीव जैन निराला, ललित पांड्या, गौरव लुहाडियां, नरेंद्र गोधा, विनय पाटनी सुदीप कुहेले, अमित साहबजाज, राजकुमार पांड्या, मोहन पचगईया मनीष साहबजाज, हेमेंद्र साहबजाज आदि की उपस्थिति में बैठक कर बंद व सभा की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। इस दौरान कमल गंगवाल व लोकेश ढिलवारी ने बैठक का संचालन किया।

अजमेर शहर के सिन्धी समाज के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सकल जैन समाज द्वारा 20 जुलाई 2023 अजमेर बंद को सफल बनाने के लिए सहयोग देने का निर्णय लिया है।जैन समाज द्वारा दोपहर तक व्यापारिक बंद कराने का आव्हान किया गया है और केंद्र व कर्नाटक सरकार से मांग की है कि ऐसे समाज कंटकों व असामाजिक तत्वों को कडी कार्यवाही कर दण्डित किया जाये। समाज ने सभी व्यापारियों से स्वेच्छा से अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखने में सहयोग देने की अपील की है।

# व्यापारी को 10 लाख की रंगदारी की धमकी दी

## धमकी देने वाले ने अपने आप को अरूण फौजी गैंग का मैम्बर बताया

**भरतपुर,** (निसं)। व्यापारियों में उस वक्त हड़कंप मच गया जब लक्ष्मण मंदिर स्थित एक सर्राफा व्यापारी को 10 लाख रूपये की रंगदारी की धमकी मिली। जिला प्रवक्ता विपुल शर्मा ने बताया कि सुबह सर्राफा बाजार लक्ष्मण मंदिर स्थित श्री.जी.ज्वैलर्स के मालिक हरिशंकर गोयल को सुबह 10 बजे उनके मोबाईल पर धमकी भरा फोन आया।

धमकी देने वाले बदमाश ने अपने आप को अरूण फौजी गैंग का मैम्बर बताया। उस बदमाश ने फोन पर धमकी दी कि 2 घंटे के अन्दर 10 लाख रूपये नहीं दिये तो वह उसका कुलदीप जघीना जैसा हाल कर देगा। साथ ही पुलिस को सूचना न देने की भी धमकी दी। जिसकी एफआईआर थाना कोतवाली में दर्ज करा दी गई। ज्वैलर ने अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया कि कुछ समय के बाद उसके पास कई बार फोन आया। लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। कई बार फोन आने के बाद जब उसने फोन उठाया तो फिर से 10 लाख रूपये की मांग करते हुए धमकी दी।

हरिशंकर गोयल ने अपनी जान माल को खतरा होने के कारण सुरक्षा की मांग की। ज्वैलर हरिशंकर गोयल को पूर्व में भी 21 सितम्बर 2021 को भी फोन पर 5 लाख रूपये की रंगदारी मांगी गई थी, जिसकी एफआईआर कोतवाली में दर्ज कराई थी। बाद में जांच में पता चला कि रंगदारी मांगने वाला बदमाशा सेवर जेल में बंद है। इस सिलसिले में व्यापार महासंघ का एक प्रतिनिधि मण्डल पुलिस अधीक्षक से मिला और घटना से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा।

# हादसे में बाल-बाल बचा ट्रैक्टर ड्राईवर

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर से ईरोलाव की तरफ जा रहा एक ट्रैक्टर कृषि उपज मंडी के पास विद्युत निगम पोल में लगे स्टे वायर से टकराकर हवा में देर तक लटका रहा, ट्रैक्टर मालिक ने जैसे तैसे कूद कर अपनी जान बचाई। गनीमत यह रही कि इस हादसे में वाहन चालक पूरी तरह से सुरक्षित रहा और ट्रैक्टर को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

बुधवार सुबह करीब 11 बजे ग्राम ईरोलाव का रहने वाला ट्रैक्टर मालिक सांभर से वापस अपने घर जा रहा था। कृषि उपज मंडी के पास साइड देखने के चक्कर में वह खंबे में लगे स्टे वायर (विद्युत पोल को खड़ा करने के लिए खींचा जाने वाला मोटा तार) से टकरा गया। इस हादसे के बाद प्रत्यक्षदर्शियों की काफी तादाद में भीड़ जुट गई और रास्ता जाम हो गया। मौके पर निगम के कनिष्ठ अभियंता भी मौके पर पहुंचे और यातायात सुचारू होने तक सुरक्षा के लिहाज से वहां पर डटे रहे। घटना में विद्युत पोल को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचने की जानकारी आई है।

# कालाना टिब्बा में सर्वसमाज के लोगों ने थामा बसपा का दामन

**सादुलपुर,** (निसं)। पूर्व विधायक एवं बसपा प्रदेश महासचिव मनोज न्यांगली को बुधवार को सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र के कालाना टिब्बा में सर्वसमाज के लोगों ने आगामी विधानसभा चुनाव में तन-मन-धन से पूर्ण सहयोग देने का वादा करते हुए कई परिवारों ने बसपा का दामन थामा। वहीं मनोज न्यांगली का कालाना टिब्बा के ग्रामीणों की ओर से भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए न्यागंली ने कहा कि आज वर्तमान समय में राजगढ तहसील और सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र के लोग खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान विधायक को आमजन की समय समस्या से कोई लेना देना नहीं है तथा राजगढ में हालात बडे खराब हैं। लोगों को समय पर पीने का पानी नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती की मनमर्जी हो रखी है। बिजली विभाग में लोगों को समय पर कनेक्शन नहीं मिल रहे हैं तथा झूठी वीसीआर भरी जा रही हैं। किसानों को कृषि विभाग की कोई योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। वर्तमान की सताधारी विधायिक तथा केन्द्र में सत्ताधारी भाजपा सांसद दोनों ही जनता के साथ झूठी और थोथी घोषणाओं के सहारे जनता के साथ धोखा कर रहे हैं।


बसपा प्रदेश महासचिव मनोज न्यागंली का माल्यार्पण कर स्वागत करते कालाना टिब्बा के ग्रामीणजन।

न्यागंली ने कालाना टिब्बा में भाजपा और कांग्रेस पार्टी के झूठे और थोथी घोषणाओं से दुखी हुए लोगों को बसपा की सदस्यता ग्रहण करवाई और इन दोनों पार्टियों को जुमलेबाज पार्टी कहा और बसपा में शामिल हुए लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि वो उनके मान सम्मान में कोई कमी नहीं आने देंगे। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ कार्यकर्तागण जगदीश मेघवाल, झाबरमल मेघवाल, नानकराम, हजारीराम बैजुवा, गिरधारी हवलदार, शिशराम, अजय कुमार, मुन्शीराम, महावीर, भींवाराम, प्रताप, रमेश, हुक्माराम, रोहताश, फतेहसिंह, राजवीर, महेन्द्र, खेमाराम, बिशनाराम, सुरेश, सुभाष सहित सैकड़ों ग्रामीण जन उपस्थित रहे। संचालन सत्यवीर मेघवाल विधानसभा प्रभारी बसपा ने किया।

# खेल जगत



डेब्यू मैच में शतक लगाना हमेशा बहुत बडी बात होती है। मैंने खुद भी यह किया है, तो मुझे पता है कि यह कितना खास होता है। यहां तक की तकनीकी हिसाब से भी वह काफी अच्छा नजर आया। एक बाएं हाथ के बल्लेबाज की उपस्थिति से हमेशा टीम को फर्क पड़ता है। - सौरभ गांगुली

पूर्व भारतीय कप्तान, यशस्वी जायसवाल को लेकर।

**आज का खिलाड़ी**

### स्टुअर्ट ब्रॉड



इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच बुधवार से चौथा एशेज टेस्ट शुरू हो गया है। दोनों टीम मैनचेस्टर के ओल्ड टैफर्ड स्टेडियम में आमने-सामने हैं। इंग्लैंड के धाकड़ तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने मुकाबले के पहले दिन इतिहास रच दिया। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 600 विकेट पूरे कर लिए हैं। उन्होंने 166वें टेस्ट में यह कमाल किया। उनका 600वां शिकार बल्लेबाज ट्रेविस हेड बने। ब्रॉड ने हेड को 50वें ओवर में जो रूट के हाथों कैच कराया। उन्होंने हेड के अलावा ओपनर उस्मान ख्वाजा (3) को पांचवें ओवर में एलबीडब्ल्यू किया।

**क्या आप जानते हैं ?...** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सामी ने एक ओवर में 17 गेंदें फेंककर एक ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

// एशिया कप का कार्यक्रम घोषित //

# भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान से दो सितम्बर को

कोलंबो, 19 जुलाई। एकदिवसीय विश्व कप 2023 से ठीक पहले होने वाले एशिया कप 2023 में भारत के अभियान की शुरुआत दो सितंबर को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होगी। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने बुधवार को टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा, मुझे बहुप्रतीक्षित पुरुष एकदिवसीय एशिया कप 2023 के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है, जो अनेक देशों को जोड़ने वाली एकता और मैत्री का प्रतीक है। श्रीलंका और पाकिस्तान में संयुक्त रूप से आयोजित होने वाले टूर्नामेंट का आगाज़ 30 अगस्त को मुल्तान में पाकिस्तान और नेपाल के बीच मुकाबले से होगा। बंगलादेश और श्रीलंका 31 अगस्त को केंद्रीय श्रीलंका में स्थित शहर कैंडी में भिड़ेंगे। भारत अपना पहला मुकाबला पाकिस्तान के विरुद्ध खेलने के बाद चार सितंबर को नेपाल से भिड़ेगा।

अगर भारत सुपर-4 के लिये क्वालीफाई करता है तो वह 10 सितंबर को पाकिस्तान से एक बार फिर भिड़ेगा। इसके अलावा भारत सुपर-4 में श्रीलंका, बंगलादेश और अफगानिस्तान में से किन्हीं दो टीमों का सामना करेगा। एशिया कप 2023 का फाइनल 17 सितंबर को श्रीलंका के कोलंबो में खेला जायेगा। इसके करीब तीन सप्ताह बाद पांच अक्टूबर को भारतीय सरज़मीन पर विश्व कप की शुरुआत होगी। उल्लेखनीय है कि एशिया कप 2023 का आयोजन पाकिस्तान में होने वाला था, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पड़ोसी देश में टीम भेजने से मना करने के कारण यह टूर्नामेंट 'हाइब्रिड' प्रारूप में आयोजित हो रहा है।

**एशिया कप कार्यक्रम**

पाकिस्तान बनाम नेपाल (30 अगस्त, मुल्तान)
बंगलादेश बनाम श्रीलंका (31 अगस्त, कैंडी)
भारत बनाम पाकिस्तान (02 सितंबर, कैंडी)
बंगलादेश बनाम अफगानिस्तान (03 सितंबर, लाहौर)
भारत बनाम नेपाल (04 सितंबर, कैंडी)
अफगानिस्तान बनाम श्रीलंका (05 सितंबर, लाहौर)

**सुपर चार**

ए1 बनाम बी2 (छह सितंबर, लाहौर)
बी1 बनाम बी2 (नौ सितंबर, कोलंबो)
ए1 बनाम ए2 (10 सितंबर, कोलंबो)
ए2 बनाम बी1 (12 सितंबर, कोलंबो)
ए1 बनाम बी1 (14 सितंबर, कोलंबो)
ए2 बनाम बी2 (15 सितंबर, कोलंबो)
फाइनल (17 सितंबर, कोलंबो)

**नोट** - पाकिस्तान हमेशा ए1 रहेगा, जबकि भारत ए2 रहेगा। अगर इन दोनों में से कोई सुपर-4 में नहीं पहुंच पाता तो नेपाल उसकी जगह लेगा। श्रीलंका हमेशा बी1 रहेगा, जबकि बंगलादेश बी2 रहेगा। अगर इन दोनों में से कोई सुपर-4 में नहीं पहुंच पाता तो अफगानिस्तान उसकी जगह लेगा।

# बजरंग-विनेश को ट्रॉयल में दी गई छूट को चुनौती, हाईकोर्ट पहुंचे पहलवान, सुनवाई आज

नई दिल्ली, 19 जुलाई। भारतीय कुश्ती महासंघ द्वारा एशियाई खेलों 2023 में सीधे प्रवेश के लिए पहलवान बजरंग पुनिया और विनेश फोगट को दी गई छूट को लेकर पहलवान लामबंद हो गए हैं। महिला पहलवान अंतिम पंघाल और सुजीत कलकल ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया और एशियाई खेलों 2023 में सीधे एंट्री के लिए पहलवान बजरंग पुनिया और विनेश फोगट को दी गई छूट को चुनौती दी। पंघाल के पिता रामनिवास ने कहा- हमें कानून पर पूरा भरोसा है। उम्मीद है कि अदालत से न्याय मिलेगा।

यह मामला गुरुवार को न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की अदालत के समक्ष सूचीबद्ध है। महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने एक वीडियो के जरिए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के तदर्थ पैनल की ओर से एशियाई खेलों 2023 में सीधे प्रवेश के लिए पहलवान बजरंग पुनिया और विनेश फोगट को दी गई छूट पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इस मामले में निष्पक्ष ट्रायल होना चाहिए।

महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने कहा कि अंडर 20 विश्व कुश्ती चैंपियन अंतिम पंघाल ने ट्रायल से छूट दिया जाना अन्य पहलवानों के हित में नहीं है। राष्ट्रमंडल खेलों के ट्रायल में भी मेरी और विनेश की बाउट 3-3 पर खत्म हुई थी। उस समय भी मेरे साथ धोखा हुआ था। मैंने सोचा था कि मैं (हांग्झोउ) एशियाई खेलों में जाकर ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने की कोशिश करूंगी लेकिन अब वे कह रहे हैं कि विनेश को भेजेंगे। यह ठीक नहीं है।

अंतिम पंघाल ने कहा-पिछले साल मैंने जूनियर विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता और ऐसा करने वाली भारत की पहली महिला पहलवान बनी। एशियाई चैंपियनशिप 2023 में मैंने रजत पदक जीता। दूसरी ओर, विनेश के पास दिखाने के लिये कोई उपलब्धि नहीं है।

वहीं पहलवान सुजीत कलकल ने भी एक वीडियो जारी कर कहा कि बजरंग पुनिया को बिना किसी परीक्षण के विश्व चैम्पियनशिप में भाग लेने की अनुमति दी गई। मैं बस यही चाहता हूं कि हर पहलवान को समान अवसर मिलना चाहिए। 19 वर्षीय पंघाल हिसार से हैं। वहीं 21 वर्षीय सुजीत ने कहा कि ट्रायल निष्पक्ष तरीके से आयोजित किए जाने चाहिए, किसी भी पहलवान को कोई छूट नहीं दी जानी चाहिए और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जानी चाहिए। सुजीत सोनीपत में प्रशिक्षण लेते हैं।

इसी क्रम में पहलवान विशाल कालीरमन ने कहा कि मैं 65 किग्रा से कम वर्ग में खेलता हूं। एशियाई खेलों के लिए बजरंग पुनिया को बिना किसी परीक्षण के सीधे प्रवेश दिया गया है। बजरंग पुनिया एक साल से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे जबकि हम लगातार अभ्यास कर रहे हैं। हम निष्पक्ष ट्रायल अपील कर रहे हैं... हम कोई एहसान या लाभ नहीं चाहते हैं। कम से कम ट्रायल तो होना ही चाहिए अन्यथा हम अदालत जाने को तैयार हैं... हम अदालत में अपील करेंगे। हम पिछले 15 वर्षों से अभ्यास कर रहे हैं। यदि बजरंग पुनिया अपना दावा छोड़ दें कि वह एशियाई खेलों में नहीं खेलेंगे तब किसी को मौका मिल सकता है।

बता दें कि भारतीय ओलंपिक संघ की तदर्थ समिति ने मंगलवार को विनेश (53 किलो) और बजरंग पूनिया (65 किलो) को 2022 एशियाई खेलों के लिए ट्रायल से छूट दे दी थी। अब अन्य पहलवानों को 22 और 23 जुलाई को चयन ट्रायल के माध्यम से भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की करनी होगी। सीनियर एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता पहलवान अंतिम पंघाल भी विनेश फोगाट की तरह 53 किलो भार वर्ग में लड़ती हैं। उनका कहना है कि उनके साथ पहले भी धोखा हो चुका है।

# चौथे दिन स्पिनर चमके, पाकिस्तान जीत के करीब

गाले, 19 जुलाई। पाकिस्तान ने स्पिनरों की उत्तम गेंदबाजी की बदौलत बुधवार को पहले टेस्ट की दूसरी पारी में श्रीलंका को 279 रन पर समेट दिया। पहली पारी में 149 रन की विशाल बढ़त बनाने वाले पाकिस्तान ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने से पहले तीन विकेट के नुकसान पर 48 रन बना लिये और अब वह जीत से सिर्फ 83 रन दूर है।

श्रीलंका के लिये धनन्जय डी सिल्वा ने सर्वाधिक 82 रन बनाये। उन्होंने 118 गेंद की पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाये। इसके अलावा निशान मदुशंका ने 115 गेंद पर 52 रन जबकि रमेश मेंडिस ने 79 गेंद पर 42 रन का योगदान दिया।

पाकिस्तान की ओर से नोमान अली और अबरार अहमद ने तीन-तीन विकेट लिये, जबकि शाहीन अफरीदी और आगा सलमान को दो-दो सफलताएं हासिल हुईं। श्रीलंका ने तीसरे दिन के 14 रन के स्कोर को आगे बढ़ाते हुए आधे घंटे तक सधी हुई बल्लेबाजी की लेकिन पाकिस्तानी गेंदबाज अबरार ने गाले अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में चौथे दिन की स्पिनरों की बेहद मददगार पिच पर कप्तान डिमुथ करुणारत्ने (27 गेंद, 20 रन) को आउट किया। नोमान ने कुसल मेंडिस (45 गेंद, 18 रन) को मामूली स्कोर पर पवेलियन लौटाया।

इस बीच मदुशंका विकेट पर खड़े रहे, लेकिन श्रीलंका का शतक पूरा होने से पहले नोमान ने एंजलो मैथ्यूज़ और मदुशंका को आउट कर मेज़बान टीम को दो बड़े झटके दिये। ऊपरी क्रम के ढह जाने के बाद धनन्जय ने श्रीलंकाई पारी को संभाला। धनन्जय ने दिनेश चांदीमल (28) के साथ 60 रन की साझेदारी कर पाकिस्तान की बढ़त समाप्त की। इसके बाद उन्होंने मेंडिस के साथ भी सातवें विकेट के लिये 76 रन की साझेदारी की।

धनन्जय-मेंडिस की साझेदारी श्रीलंका को चौथे दिन अविजित रख सकती थी, लेकिन अबरार ने मेंडिस को आउट कर पाकिस्तान के लिये रास्ते खोल दिये। अबरार की गेंद पर मेंडिस के पगबाधा होने के बाद शाहीन ने धनन्जय और प्रभात जयसूर्या को भी पवेलियन लौटाया। अबरार ने कसुन रजिता को शान मसूद के हाथों कैचआउट करवाकर श्रीलंका की पारी समाप्त की।

दिन का खेल खत्म होने से पहले खब्बू स्पिनर जयसूर्या ने पाकिस्तान को अब्दुल्लाह शफीक और शान मसूद के रूप में दो झटके दिये। नोमान अली को बतौर नाइट वॉचमैन बल्लेबाजी के लिये भेजा गया लेकिन वह भी रनआउट होकर पवेलियन चलते बने। दिन का खेल खत्म होने पर इमाम उल हक़ 25 रन बनाकर जबकि बाबर आज़म छह रन बनाकर क्रीज़ पर मौजूद हैं।

## लाबुशेन का अर्द्धशतक, ऑस्ट्रेलिया के 8 विकेट पर 299 रन

मैनचेस्टर, 19 जुलाई। मार्नस लाबुशेन के अर्धशतक और उनकी दो अर्धशतकीय साझेदारियों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 8 विकेट पर 299 रन बनाये। लाबुशेन ने दूसरे सत्र के आखिरी क्षणों में स्पिनर मोईन अली की गेंद पर पगबाधा आउट होने से पहले 51 रन बनाए। उन्होंने इस बीच स्टीव स्मिथ (41) के साथ 59 और ट्रेविस हेड (नाबाद 47) के साथ 63 रन की साझेदारियां की। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया जिसने पहले दोनों सत्र में दो-दो विकेट गंवाए। तेज गेंदबाज क्रिस ब्रॉड ने पारी के पांचवें ओवर में ही उस्मान ख्वाजा (03) को पगबाधा आउट करके इंग्लैंड को शुरुआती सफलता दिलाई।

# बांगलादेश को रौंदकर भारत ने श्रृंखला बराबर की

मीरपुर, 19 जुलाई। भारत ने जेमीमाह रोड्रिग्ज (86 रन, चार विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और देविका वैद्य (तीन विकेट) की घातक गेंदबाज़ी की बदौलत बुधवार को दूसरे महिला एकदिवसीय मैच में बंगलादेश को 108 रन से रौंदकर तीन मैचों की शृंखला 1-1 से बराबर कर ली। जेमीमाह और हरमनप्रीत कौर (52) के अर्द्धशतकों ने भारत को 50 ओवर में 228 रन तक पहुंचाया। इसके जवाब में मेज़बान बंगलादेश 120 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत की इस दमदार जीत के बाद वनडे सीरीज बराबरी पर खड़ी है और चैंपियन का फैसला शनिवार को तीसरे वनडे के बाद होगा।

पिछले मैच में भारत को चित्त करने वाली बंगलादेश टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया, हालांकि इस बार भारतीय बल्लेबाज अधिक सूझ बूझ के साथ खेलते नज़र आए। मारूफा अख़्तर ने प्रिया पूनिया को बोल्ड जबकि यस्तिका भाटिया को रनआउट किया लेकिन स्मृति मंधाना एक छोर पर खड़ी रहीं। मंधाना ने शुरुआती ओवरों की मुश्किलों का सामना करते हुए 58 गेंद 36 रन बनाए, जिसमें चार चौके शामिल रहे। पारी के 22वें ओवर में मंधाना का विकेट गिरने के बाद हरमनप्रीत और जेमीमाह ने मोर्चा संभाल लिया।

हरमनप्रीत और जेमीमाह के बीच चौथे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी हुई, जिसके बाद हरमनप्रीत को हाथ में चोट लगने के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा। हरमनप्रीत पारी की समाप्ति से पहले मैदान पर वापस लौटीं, हालांकि वापसी पर वह ज़्यादा रन नहीं बटोर सकीं और 88 गेंद पर 52 रन बनाकर आउट हो गईं। हरमनप्रीत की धैर्यवान पारी में तीन चौके शामिल रहे।

हरमनप्रीत के मैदान पर लौटने से पहले जेमीमाह और हरलीन देओल (36 गेंद, 25 रन) के बीच 58 रन की साझेदारी हो चुकी थी। अंतिम चार ओवरों में तेज़ रन बटोरने की कोशिश में भारत के चार विकेट गिरे, हालांकि टीम 228 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंच गई।

इस स्कोर तक पहुंचना बंगलादेश के लिए असंभव साबित हुआ। मेज़बान टीम पावरप्ले में दो विकेट गंवाकर सिर्फ 22 रन ही बना सकी। भारत ने पावरप्ले के बाद भी दबाव बनाना जारी रखा और स्नेह राणा ने लता मंडल को मात्र नौ रन पर पवेलियन लौटा दिया।

बंगलादेश के लिए फरगना हक़ और ऋतु मोनी ही सार्थक प्रदर्शन कर सके। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 68 रन जोड़े, जो मेज़बान टीम की एकमात्र अर्थपूर्ण साझेदारी थी। फरगना 81 गेंद पर पांच चौकों की मदद से 47 रन बनाकर 29वें ओवर में आउट हुईं, जबकि ऋतु 46 गेंद पर तीन चौकों सहित 27 रन बनाकर 30वें ओवर में पवेलियन लौट गईं।

बंगलादेश 106 रन पर पांचवां विकेट गंवाकर मैच से पूरी तरह बाहर नहीं हुआ था, लेकिन इसके बाद उसकी पारी ताश के पत्तों की तरह ढह गई। अपने अगले पांच विकेट मात्र 14 रन के अंदर गंवाकर बंगलादेश 120 रन पर सिमट गई। जेमीमाह ने 3.1 ओवर में तीन रन के बदले चार विकेट चटकाकर बंगलादेश के पतन में सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया। देविका ने आठ ओवर में 30 रन देकर तीन विकेट लिए।

# डब्ल्यूएफआई के चुनाव अब सात अगस्त को होंगे : सूत्र

नयी दिल्ली, 19 जुलाई। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के बहुप्रतीक्षित चुनाव कई बार स्थगित होने के बाद अब सात अगस्त को होंगे। डब्ल्यूएफआई से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। डब्ल्यूएफआई के चुनाव इससे पहले 11 जुलाई को होने थे लेकिन गौहाटी उच्च न्यायालय ने असम कुश्ती संघ (एडब्ल्यूए) की याचिका के बाद चुनावों पर रोक लगा दी थी। एडब्ल्यूए ने चुनाव प्रक्रिया में प्रतिनिधित्व के अधिकार का आग्रह किया था।

राज्य संघ ने दावा किया था कि वह वोटिंग के अधिकार के साथ डब्ल्यूएफआई से मान्यता का हकदार है और इस संबंध में 15 नवंबर 2014 को अपनी कार्यकारी समिति की सिफारिश के बावजूद राष्ट्रीय महासंघ ने उसे मान्यता देने से इनकार कर दिया। गौहाटी उच्च न्यायालय ने 25 जून को चुनावों पर रोक लगा दी थी जो मतदाता सूची के लिए नाम भेजने की अंतिम तारीख थी। उच्चतम न्यायालय ने हालांकि मंगलवार को गौहाटी उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी। खेल मंत्रालय द्वारा निलंबित किए जाने से पहले डब्ल्यूएफआई ने चुनाव की तारीख सात मई तय की थी। राष्ट्रीय संस्था के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों द्वारा कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए निगरानी समिति की नियुक्ति का फैसला करने के बाद खेल मंत्री ने डब्ल्यूएफआई को तुरंत प्रभाव से अपनी सभी गतिविधियां निलंबित करने को कहा था।

खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने आंदोलनकारी पहलवानों के साथ बैठक के बाद कहा था कि डब्ल्यूएफआई के चुनाव 30 जून को होंगे। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने इसके बाद घोषणा की थी कि चुनाव चार जुलाई को होंगे लेकिन निर्वाचन अधिकारी ने छह जुलाई की तारीख तय की थी। मान्यता गंवाने वाली पांच राज्य इकाइयों के वोटिंग की पात्रता का दावा करने के बाद निर्वाचन अधिकारी को 11 जुलाई की नई तारीख देने को बाध्य होना पड़ा जिसमें आगे फिर विलंब हुआ।

# ईशान को मौके देने होंगे, वह आक्रामक क्रिकेट खेलता है : रोहित शर्मा

पोर्ट आफ स्पेन, 19 जुलाई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन से काफी उम्मीदें हैं और उन्होंने संकेत दिया कि उसके हुनर को निखारने के लिये उसे टेस्ट क्रिकेट में और मौके दिये जायेंगे ।

ईशान ने रोसीयू में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में पदार्पण किया जो भारत ने एक पारी और 141 रन से जीता । रोहित ने कहा कि रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा जैसे स्पिनरों के सामने ईशान की विकेटकीपिंग से वह काफी प्रभावित हैं ।

भारतीय टीम दूसरा टेस्ट बृहस्पतिवार से खेलेगी । पहले टेस्ट में ईशान के प्रदर्शन के बारे में पूछने पर रोहित ने कहा ,''ईशान काफी प्रतिभाशाली है । हमने उसके संक्षिप्त कैरियर में यह देखा है।उसने हाल ही में वनडे क्रिकेट में 200 रन बनाये हैं । उसके पास प्रतिभा है और हमें उसे निखारना है।''

उन्होंने कहा ,''हमें उसे मौके देने होंगे । वह बायें हाथ का बल्लेबाज है और आक्रामक क्रिकेट खेलता है।'' उन्होंने कहा ,'' मैने उससे खुलकर बात की है कि मैं उसे किस तरह से खेलते देखना चाहता हूं । मैने उसे पूरी आजादी दी है । यही हमारा काम भी है ।''

भारत ने जब पहली पारी घोषित की तब तक ईशान 20 गेंद ही खेल सके थे । रोहित ने कहा कि वह ईशान की विकेटकीपिंग से काफी प्रभावित हैं खासकर जब गेंद टर्न ले रही थी। उन्होंने कहा मैं उसकी विकेटकीपिंग के बारे में बात करना चाहूंगा । उसने पहला टेस्ट खेलने के बावजूद शानदार विकेट॰ फ्रीपिंग की । टर्न लेती पिच पर अश्विन और जडेजा के सामने विकेटकीपिंग करना आसान नही था । मैं उससे काफी प्रभावित हूं।''

भारतीय कप्तान ने कहा ,'' वह एक रन ही बना सका क्योंकि हमें पारी का ऐलान करना था ।हम चाहते हैं कि शीर्षक्रम के बल्लेबाज लंबे समय तक बल्लेबाजी करेंगे । अगर मौका मिलता है तो ईशान भी लंबी पारी खेलने के लिये तैयार है।'' रोहित ने विजयी टीम में बड़े बदलाव से इनकार किया लेकिन कहा कि यहां खराब मौसम के कारण पिच को लेकर स्पष्टता नहीं मिल रही है।

भारत ने पहला टेस्ट बड़े अंतर से जीता जिसमें यशस्वी जायसवाल ने भी पदार्पण किया और शुभमन गिल नये क्रम पर बल्लेबाजी के लिये उतरे । रोहित ने कहा ,''डोमिनिका में हमें पिच के बारे में पता था। यहां बारिश की बात हो रही है तो कुछ पता नहीं चल रहा । टीम में भारी बदलाव नहीं होंगे लेकिन हम हालात के अनुरूप फैसला लेंगे ।'' पहले मैच में 171 रन बनाने वाले जायसवाल की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा ,'' भारतीय क्रिकेट में आज या कल बदलाव का दौर आयेगा । मुझे खुशी है कि नये खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं । हमारा काम उन्हें उनकी भूमिका के बारे में समझाना है । अब तैयारी करना और अच्छा प्रदर्शन करना उनके जिम्मे है ।'' उन्होंने कहा ,'' हमें इन पर भरोसा है और ये भारतीय क्रिकेट का भविष्य हैं जो भारतीय क्रिकेट को नयी ऊंचाइयों तक ले जायेंगे ।''

# इस बार फीफा महिला विश्व कप में 32 टीमों के बीच होगा मुकाबला

नयी दिल्ली 19 जुलाई। फुटबॉल महिला विश्व कप के नौवें संस्करण में पहली बार 32 देशों की टीम मुकाबले में भाग लेंगी। मुकाबला गुरुवार से शुरू हो रहा है। इस प्रतियोगता के मुकाबले ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में खेले जायेंगे। कल प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला न्यूजीलैंड और नार्वे के बीच खेला जायेगा। इसी दिन दूसरा मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड के बीच तथा दिन का तीसरा मुकाबला नाइजीरिया और कनाडा के बीच होगा। अमेरिका दो बार का चैम्पियन रहा है इस बार वह (ई) समूह में है उस पर तीसरी बार खिताब जीतने का दबाव होगा। उसने वर्ष 2015 और 2019 में फुटबॉल महिला विश्वकप जीता था।

ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 20 जुलाई से शुरू होने वाले बहुप्रतीक्षित फीफा महिला विश्व कप का डीडी स्पोर्ट्स पर प्रसारण करेगा। अमेरिका आधारित कंपनी 1स्टेडिया के सौजन्य से फ्री टू एयर चैनल डीडी स्पोर्ट्स पर फुटबॉल प्रेमी महिला विश्व कप का मुफ्त प्रसारण देख सकेंगे। विश्व कप प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमें इस प्रकार है:- ऑस्ट्रेलिया, जापान, चीन, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, फिलीपींस, मोरक्को, जाम्बिया, नाईजीरिया, दक्षिण अफ्रीका, कोस्टारिका, कनाडा, हैती, जमैका, पनामा, अमेरिका, अर्जेनिटीना, ब्राजील, कोलंबिया, न्यूज़ीलैण्ड,डेनमार्क,इंग्लैण्ड,फ्रांस,जर्मनी, आयरलैण्ड, इटली, नीदरलैण्ड, पुर्तगाल नॉर्वे, स्वीडन, स्पेन और स्विटजरलैंड है।

# सुदर्शन, हांगरगेकर के दम पर भारत-ए विजयी

कोलंबो, 19 जुलाई। राजवर्धन हांगरगेकर (42/5) की घातक गेंदबाज़ी और साई सुदर्शन (104 नाबाद) के नायाब शतक की बदौलत भारत-ए ने इमर्जिंग एशिया कप के ग्रुप-बी मुकाबले में बुधवार को चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान को आठ विकेट से मात दी। पाकिस्तान-ए टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 205 रन पर ऑलआउट हो गया। सुदर्शन के शतक और निकिन होज़े (53) के अद्धर्शतक ने भारत-ए को 36.4 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचा दिया। भारत ने अपने तीनों मैच जीतकर ग्रुप-बी में पहला स्थान हासिल किया।

गेंद से भारत के नायक रहे हांगरगेकर ने शुरुआत से ही पाकिस्तानी बल्लेबाजों को परेशान करते हुए चौथे ओवर में सैम अय्यूब और उमैर यूसुफ को शून्य रन के स्कोर पर पवेलियन लौटाया। साहिबज़ादा फ़रहान (35) और हसीबुल्लाह ख़ान (27) शुरुआती झटकों के बाद पाकिस्तान-ए की पारी संभाल रहे थे लेकिन भारतीय स्पिनरों ने मोर्चा संभाल लिया।

रियान पराग ने फरहान को आउट कर साझेदारी तोड़ी, जबकि मानव सुथार ने हसीबुल्लाह, कामरान ग़ुलाम (15) और कप्तान मोहम्मद हारिस (14) को पवेलियन लौटा दिया। छह विकेट 95 रन पर गिरने के बाद पाकिस्तान-ए छोटे स्कोर पर सिमटने की कगार पर थी, हालांकि क़ासिम अकरम ने 63 गेंद पर 48 रन की पारी खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

क़ासिम ने सातवें विकेट के लिये मुबश्शिर खान (38 गेंद, 28 रन) के साथ 53 रन की जबकि मेहरान मुमताज़ (25 नाबाद) के साथ आठवें विकेट के लिये 43 रन की साझेदारी की। कासिम हालांकि अपने अद्धर्शतक से दो रन दूर राजवर्धन हांगरगेकर का शिकार हो गयी क़ासिम के जुझारू अद्धर्शतक के बावजूद पाकिस्तान का स्कोर भारत को रोकने के लिये पर्याप्त नहीं था। भारत के सलामी बल्लेबाज सुदर्शन और अभिषेक शर्मा ने पहले विकेट के लिये 58 रन की साझेदारी की।

## 'मिस्टर यूनिवर्स' और चार बार 'मिस्टर इंडिया' रहे आशीष का निधन

मुंबई, 19 जुलाई। 'मिस्टर यूनिवर्स' और चार बार 'मिस्टर इंडिया' के खिताब से नवाजे गये बॉडी बिल्डर आशीष साखरकर का मंगलवार देर रात निधन हो गया। वह 43 वर्ष के थे। भारतीय बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन (आईबीबीएफ) के अधिकारी ने आज यहां बताया कि परेल निवासी सखारकर स्वास्थ्य संबंधित कुछ समस्याओं से पीड़ित थे और उन्हें एक सप्ताह पहले दक्षिण मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अधिकारी ने बताया कि 80 किलोग्राम वर्ग में बॉडी-बिल्डर सखारकर ने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीते थे।

उन्हें महाराष्ट्र सरकार के शिव छत्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। सखारकर के परिवार में पत्नी और एक बेटा है। उनका आज शाम अंतिम संस्कार किया जाएगा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने देश को प्रसिद्धि दिलाने वाले साखरकर के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से बॉडी-बिल्डिंग बिरादरी को अपूरणीय क्षित हुई है। शिव सेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने साखरकर के निधन पर दुख व्यक्त किया और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की हैं।

# कोरिया ओपन : प्र्रणय, राजावत दूसरे दौर में, सिंधू और श्रीकांत हारे

येओसु (कोरिया), 19 जुलाई। फॉर्म में चल रहे एचएस प्रणय ने यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को कोरिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन पीवी सिंधू और किदाम्बी श्रीकांत की खराब फॉर्म जारी रही और दोनों पहले दौर में ही बाहर हो गये।

पांचवें वरीय प्रणय ने बेल्जियम के जूलियन कारागी पर 21-13 21-17 से जीत दर्ज की। एलीट शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी प्रणय का सामना अब ली युन ग्यू और ली चेयूक यिऊ के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा। वह पहले दौर में दुनिया की 22वें नंबर की खिलाड़ी चीनी ताइपे की पेई यू-पो के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में 18-21 21-10 13-21 की हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

इस हफ्ते विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर खिसकने वाली सिंधू यह मुकाबला 58 मिनट में हार गयीं। वहीं श्रीकांत दूसरे गेम में एक मैच प्वाइंट गंवाने के साथ मुकाबला भी हार गये। उन्हें जापान के पूर्व नंबर एक केंटो मोमोटा ने 21-12 22-24 17-21 से हराया। यह दो बार के विश्व चैम्पियन के खिलाफ श्रीकांत की लगातार 12वीं और कुल 15वीं हार थी।

भारत के प्रियांशु राजावत हालांकि दूसरे दौर में पहुंच गए। उन्होंने स्थानीय खिलाड़ी चोइ जि हून को पुरूष एकल वर्ग में सीधे गेम में हराया । दुनिया के 32वें नंबर के खिलाड़ी ओरलियंस मास्टर्स विजेता राजावत ने चोइ को 42 मिनट में 21-15 21-19 से हराया । अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नराओका से होगा ।

जून में विक्टर डेनमार्क मास्टर्स अंतरराष्ट्रीय चैलेंज का खिताब जीतने वाली एन सिक्की रेड्डी और रोहन कपूर की मिश्रित युगल जोड़ी ने एल्विन मोराडा और एलिसा यसाबेल लियोनार्डो की फिलिपीन्स की जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में 21-17 21-17 की जीत के साथ दूसरे दौर में जगह बना ली है।

यह भारतीय जोड़ी अगले दौर में फेंग यान झी और हुआंग डोंग पिंग की चीन की चौथी वरीय जोड़ी से भिड़ेगी। किरण जॉर्ज हालांकि पहले दौर की बाधा पार नहीं कर सके और चीनी ताइपै के दुनिया के 29वें नंबर के खिलाड़ी वांग जू वेइ से 17-21 9-21 से हार गए । आकर्षी कश्यप, तस्नीम मीर, मिथुन मंजुनाथ और अश्मिता चालिहा को भी पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा जिससे शीर्ष खिलाड़ियों और उनके बीच के स्तर में भारी अंतर का पता चलता है।

आकर्षी को चीन की दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी झेंग यी मान के खिलाफ 12-21 17-21 से जबकि तस्नीम को कोरिया की दुनिया की 19वें नंबर की खिलाड़ी किम गा युन के खिलाफ 11-21 18-21 से हार झेलनी पड़ी। राष्ट्रीय चैंपियन मंजूनाथ के पास मलेशिया के दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी एनजी जे योंग का कोई जवाब नहीं था। मलेशियाई खिलाड़ी ने एकतरफा मुकाबले में 21-11 21-4 से जीत दर्ज की।

अश्मिता को भी ओलंपिक चैंपियन चेन यूई फेई के खिलाफ सीधे गेम में 13-21 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। बी सुमीत रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा को कोरिया के सोंग हयून चो और ली जुंग हयून की जोड़ी ने मिश्रित युगल के पहले दौर में 23-21, 13-21, 21-12 से हराया ।

बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर छह स्तरों पर बंटा है जिनमें विश्व टूर फाइनल्स, सुपर 1000 चार, सुपर 750 छह , सुपर 500 सात और सुपर 300 स्तर के 11 टूर्नामेंट शामिल हैं । एक अन्य वर्ग बीडब्ल्यूएफ टूर सुपर 100 स्तर जिससे रैंकिंग अंक मिलते हैं।

## ज्वाला गुट्टा बैडमिंटन अकादमी हैदराबाद से 1 माह का प्रशिक्षण हासिल करके पंजाब लौटे 34 खिलाड़ी : हेयर

चंडीगढ़, 19 जुलाई। पंजाब के 34 बैडमिंटन खिलाड़ियों ने हैदराबाद में जवाला गुट्टा बैडमिंटन अकादमी में एक महीने का प्रशिक्षण लिया है। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद पंजाब लौटे खिलाड़ियों ने पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह हेयर के साथ अपने अनुभव सांझा करते आठ वर्ष के युवान बांसल, 10 वर्ष की कामिल सबरवाल, 13 वर्ष के शीवान ढींगरा और 14 वर्ष की आरुशी मेहता ने कहा कि उनका निशाना अब पुलेला गोपीचन्द, सायना नेहवाल, पी. वी. सिंधु, जवाला गुट्टा, लक्ष्य सेन की तरह बैडमिंटन की दुनिया में शिखर पर पहुँचना है।

पंजाब के खेल विभाग की तरफ से हैदराबाद ट्रेनिंग के लिए भेजे 34 खिलाड़ी एक महीने के दौरान द्रोणाचार्य अवार्डी और पूर्व भारतीय बैडमिंटन कोच एस. एम. आरिफ से सीखे गुणों और तकनीकों से अपने रोज़मर्रा के अभ्यास के दौरान शिक्षा लेते रहेंगे। भारतीय बैडमिंटन स्टार जवाला गुट्टा की तरफ से कैंप के दौरान खिलाड़ियों के साथ की मुलाकात के बाद हर खिलाड़ी में उस जैसा बनने की दृढ़ता पैदा हुई। मीत हेयर के साथ मुलाकात के दौरान खिलाड़ियों ने बताया कि कोर्ट में खेलने की नयी तकनीकों और स्टरैचिंग की विधि खिलाड़ियों को सबसे अधिक पसंद आई। मीत हेयर ने खिलाड़ियों को विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार पंजाब के खिलाड़ियों को खेल के अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुँचाने के लिए हर संभव यत्न किये जा रहे हैं और नई खेल नीति राज्य की खेल और खिलाड़ियों को नई दिशा देगी। इस मौके पर खिलाड़ियों ने पंजाब के मीत हेयर को सम्मान चिह्न भी भेंट किया जो जवाला गेंदा अकैडमी की तरफ से खेल मंत्री को लिए विशेष तौर पर भेजा गया था।



*सचिन पायलट ने बुधवार सुबह अपने निवास पर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्यायें सुनीं।*

# जोधपुर हत्याकांड मामले में सरकार के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया

**संसदीय कार्यमंत्री धारीवाल का कहना था कि, मृतक के भतीजे पप्पूराम ने जमीनी विवाद में 6 माह के मासूम समेत 4 लोगों की हत्या की है**

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 19 जुलाई। जोधपुर के ओसियां विधानसभा क्षेत्र के चिरई गांव में मंगलवार मध्य रात्रि 6 माह के मासूम समेत 4 लोगों की सामूहिक हत्या के मामले में राज्य सरकार ने सदन में अपना जवाब रखा। मंत्री शांति धारीवाल ने बताया कि अब तक जो अनुसंधान हुआ है, उसमें सामने आया है कि हत्या पप्पूराम ने की है, जो मृतक पुनाराम का सगा भतीजा है। मंत्री के इस जवाब पर नाराजगी जताते हुए नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि क्या एक नाबालिग को पकड़ने पर सारे मुलजिम पकड़े गए? जब सुबह 4:30 बजे की घटना थी, तो पुलिस कितने घंटे बाद वहां पहुंची थी। एक नाबालिग बच्चे को गिरफ्तार करके क्या सारे मुलजिम गिरफ्तार हो गए? मंत्री के जवाब पर असंतुष्टि जताते हुए भाजपा ने सदन से वॉकआउट किया।

इससे पूर्व संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल ने सदन में कहा कि आरोपी पप्पूराम ने जमीनी विवाद और 6 महीने पहले सूरत में अपने भाई की संदिग्ध मौत होने की रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया है। पप्पूराम की उम्र 19 वर्ष बताई जाती है। घटना की गंभीरता को देखते हुए न केवल जोधपुर महानिरीक्षक और जोधपुर पुलिस अधीक्षक बल्कि जोधपुर कलेक्टर तथा संभागीय आयुक्त और अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। मौके पर एफएसएल की टीम, अनुसंधान अधिकारी, साइंटिफिक तरीके से अनुसंधान कर साक्ष्य एकत्रित कर रहे हैं। मृतकों का मौके पर ही मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया है।

- **इस जवाब पर नाराजगी जताते हुए नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि, क्या एक नाबालिग को पकड़ने पर सारे मुलजिम पकड़े गए। जब सुबह 4:30 बजे की घटना थी, तो पुलिस कितने घंटे बाद वहां पहुंची थी।**
- **गौरतलब है कि, जोधपुर में ओसियां के चिरई गांव में मंगलवार मध्यरात्रि को 6 माह के मासूम बच्चे सहित 4 लोगों की हत्या हुई थी, जिस पर विधायकों ने दिन भर सरकार को सदन में घेरा।**

सरकार की ओर से जवाब आने के बाद जब नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने अपनी बात रखनी चाही तो उन्हें सभापति राजेंद्र पारीक ने रोक दिया। सभापति का कहना था कि इस विषय पर केवल सरकार का जवाब आना था, चर्चा नहीं होनी थी। इस पर सदन में भाजपा विधायकों ने हंगामा कर दिया। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि अगर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष होकर भी मैं विपक्ष की तरफ से सवाल नहीं कर पाऊंगा, तो फिर हम कहां जाएंगे, यह लोकतंत्र को छोटा करने की बात है।

राठौड़ ने कहा कि राजस्थान की कानून-व्यवस्था चरमराई हुई है। आम आदमी दहशत में जिंदगी जी रहा है। राठौड़ ने अपने दल के साथ यह कहते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया कि यह पहली घटना नहीं बल्कि इस तरह की लोमहर्षक घटना रोज राजस्थान में घटित हो रही है। उन्होंने सवाल खड़े किए कि जब सुबह 4:30 बजे की घटना थी, तो पुलिस कितने घंटे बाद वहां पहुंची थी। एक नाबालिग बच्चे को गिरफ्तार करके क्या सारे मुलजिम गिरफ्तार हो गए, हम इस जवाब से असंतुष्ट हैं।

## रेलवे जनरल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कुलचे/भटूरे, पावभाजी, मसाला डोसा शामिल है।

आरंभ में यह सेवा 64 स्टेशनों पर शुरू की गई है। अभी 54 में सेवा शुरू हो चुकी है और बाकी में शुरू की जा रही है। इस में हर प्लेटफॉर्म पर आगे और पीछे जनरल कोच के सामने इस भोजन के स्टॉल लगाए जाएंगे।

## मैरिटल रेप वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा

नयी दिल्ली, 19 जुलाई (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि पत्नी के साथ जबरन शारीरिक संबंध स्थापित करने (मैरिटल रेप) को अपराध घोषित करने की मांग वाली याचिका पर तीन सदस्यीय पीठ सुनवाई करेगी।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह के शीघ्र सुनवाई के अनुरोध पर कहा कि संविधान पीठ द्वारा पहले से सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई पूरी होने के बाद तीन न्यायाधीशों की पीठ उस याचिका पर सुनवाई करेगी।

पीठ ने अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह के विशेष उल्लेख के दौरान इस मामले को उठाने पर कहा,हमें मैरिटल रेप से संबंधित मामलों को हल करना होगा।

अधिवक्ता जयसिंह दावा किया कि उनका मामला कर्नाटक उच्च न्यायालय एक फैसले से जुड़े बाल यौन शोषण मामले से संबंधित है। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 375 के तहत अपवाद के बावजूद उच्च न्यायालय ने पति के खिलाफ बलात्कार के मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया था। व्यक्ति के खिलाफ आरोप फॉक्सो अधिनियम के तहत अपराध से भी संबंधित है।शीर्ष अदालत ने मैरिटल रेप (पत्नी के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाना) को अपराध घोषित करने और आईपीसी के प्रावधान से संबंधित याचिकाओं पर इस साल जनवरी में केंद्र से जवाब मांगा था। ये प्रावधान पत्नी के वयस्क होने पर जबरन यौन संबंध के लिए अभियोजन के खिलाफ पति को सुरक्षा प्रदान करता है।

## भारत का पासपोर्ट और स्ट्रॉन्ग हुआ

नई दिल्ली, 19 जुलाई। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स ने साल 2023 के पासपोर्ट रैंकिंग की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में टॉप पर सिंगापुर का नाम है जो विश्व का सबसे मजबूत पासपोर्ट है. सिंगापुर ने जापान को पछाड़ कर इस ताज को हासिल किया है। सिंगापुर के पासपोर्ट के जरिए कुल 192 देशों में वीजा फ्री एंट्री ली जा सकती है। वहीं भारतीय पासपोर्ट के रैंकिंग की बात करें तो इसमें भी पिछले साल के मुकाबले बहुत सुधार हुआ है। भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग में कुल पांच स्थान का सुधार होकर यह 80वें स्थान पर पहुंच गया है। भारतीय पासपोर्ट ने इस साल अपनी रैंकिंग में पांच पायदान का सुधार किया है और यह 80वें स्थान पर पहुंच गया है। इसके साथ ही भारतीयों को दुनिया के 57 देशों में वीजा फ्री एंट्री मिल रही है। ध्यान देने वाली बात ये है कि भारत के साथ इस लिस्ट में 80वें स्थान पर टोगो और सेनेगल जैसे देश का नाम भी शामिल है।

# उत्तराखण्ड में करंट लगने से 16 लोगों की मौत, छः अन्य झुलसे

चमोली/देहरादून 19 जुलाई (वार्ता)। उत्तराखंड के चमोली में बुधवार को एक बड़े हादसे में करंट की चपेट में आने से 16 लोगों की मौत हो गई है तथा छह अन्य घायल हो गये। घायल जल संस्थान के जेई समेत दो लोगों को हेलीकॉप्टर से एम्स ऋषिकेश भेज दिया गया है। इस घटना के बाद से चमोली बाजार से लेकर गोपेश्वर तक अफरा तफरी का माहौल है।

बताया जा रहा है कि बीती रात को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में करंट लगने से एक कर्मी की मौत हो गई थी। उसके बाद प्लांट से एक फेज पर बिजली गुल हो गई थी। बुधवार को घटना की सूचना पर स्थानीय लोग और पुलिस कर्मी मौके पर गए थे। इस घटना से बेखबर बिजली विभाग के कर्मियों ने बुधवार को सुबह जैसे ही बिजली खोली तो एक के बाद एक करंट पर चिपक गया, कुछ लोगों ने भागकर जान बचाई जिससे अफरा तफरी मच गई। बताया जा रहा कुछ लोगों ने अलकनंदा में छलांग मारी, लेकिन इसकी कोई पुष्टि नहीं है।

- **नमामि गंगे प्रोजैक्ट के सीवेज ट्रीटमैंट प्लांट में यह हादसा हुआ, रात भर से गुल बिजली सुबह जैसे ही लौटी उस लोकेशन पर मौजूद लोग एक के बाद एक करंट की चपेट में आते चले गये।**
- **जानकारी के मुताबिक, कुछ लोगों की मौत एक-दूसरे की जान बचाने और उसे देखने जाने के दौरान हो गई।**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली घटना में मृतकों के आश्रितों को पांच-पांच लाख रुपए और घायलों को एक-एक लाख रुपए की सहायता राशि अविलंब प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फोन कर मुख्यमंत्री धामी से चमोली घटना के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए गए हैं। घायलों को एम्स ऋषिकेश हेलीकॉप्टर से लाया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय को भी घटना की पूरी जानकारी दी गई है।

उत्तराखंड के चमोली जिले में बुधवार को नमामि गंगे प्रोजेक्ट पर विद्युत करंट से पुलिस कर्मियों सहित 16 लोगों की मृत्यु और छह अन्य के घायल होने के मामले की मजिस्ट्रियल जांच होगी। इस सन्दर्भ में चमोली के जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बताया कि आज समय लगभग 11:30 बजे नमामि गंगे प्रोजेक्ट पर विद्युत करंट लगने से अधिक संख्या में जन हानि एवं जान-माल की क्षित हुई है, जिसकी मजिस्ट्रीयल जॉच करायी जानी नितान्त आवश्यक है। जांच मजिस्ट्रेट को अपनी रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर देने का निर्देश दिया गया है।

## सियाचिन में सेना के टैंट में आग लगी

नयी दिल्ली 19 जुलाई (वार्ता)। लद्दाख के सियाचिन में बुधवार को एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में एक टेंट में आग लगने से सेना के एक कैप्टन की मौत हो गयी जबकि एक लेफ्टिनेंट कर्नल सहित तीन अन्य सैनिक घायल हो गये। हादसे में तीन कुली भी झुलस गये। घायल सैनिकों को उपचार के लिए अस्पाल में भर्ती कराया गया है। सेना के अनुसार यह हादसा आज तड़के हुआ तथा सैनिक आग की चपेट में आने से झुलस गये। घायलों की हालत स्थिर है और उनका अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

- **इस घटना में सेना के एक कैप्टन की मौत हो गयी, जबकि एक लैफ्टिनेंट कर्नल सहित तीन अन्य सैनिक घायल हो गये।**

## 'अमेरिका व चीन के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

से पहले ग्रेट ब्रिटेन व जर्मनी एक दूसरे से आर्थिक रूप से जुड़े हुए थे दोनों के बीच भारी व्यापार होता था। पर वे एक दूसरे को गलत समझते थे। ब्रिटिश सोचते थे कि जर्मनी यूरोप पर दबदबा बनाना चाहता है वहीं जर्मनी को लगता था कि ब्रिटिश उन्हें एक बड़ी ताकत के रूप में मान्यता दिए जाने में रोड़ा अकटा रहे हैं। और दोनों इस गलतफहमी को तब तक बढ़ाते रहे जब तक युद्ध के दौरान मैदान में आमने-सामने नहीं हो गए।

चाइनीज़ ग्लोबल टाइम्स को दिए एक इन्टरव्यु में श्वाट्र्ज कहते हैं कि किसिंजर को चिंता है कि अमेरिका ने चीन को अपना नम्बर वन दुश्मन मान लिया है और चीन ने भी अमेरिका को दुश्मन मान लिया है। यह एक खतरनाक स्थिति है।

अमेरिका-चीन युद्ध की संभावना पर श्वाट्र्ज कहते हैं कि दोनों के बीच टकराव की संभावना है, क्योंकि दोनों का सरकारी तंत्र अलग व्यवस्था पर आधारित है। उनकी अलग-अलग दार्शनिक सोच है, दोनों देश एक दूसरे को अपवाद मानते हैं।

वे कहते हैं कि किसिंजर ने अपनी किताब "ऑन चाइना" में यही कहा है कि दोनों देश खुद को एक महान सभ्यता मानते हैं। अमेरिका खुद को एक आदर्श व्यवस्था मानता है और उसने पूरी दुनिया को अपनी सामाजिक व सरकारी व्यवस्था देने की कोशिश की है। चीन भी खुद को महान सभ्यता मानता है और उसे लगता है कि उसे विश्व के लिए मॉडल होना चाहिए।

श्वाट्र्ज के अनुसार अभी रिश्ते बहुत खराब हैं, पर मुझे लगता है कि यह स्थिति शीत युद्ध के दौर से अलग है तब अमेरिका, रूस एकदम अलग थे। उनमें ना व्यापार होता था, ना परस्पर निवेश और ना ही कोई यात्रा होती थी। यहाँ तक कि दोनों देशों के लोगों को एक दूसरे के बारे में बहुत ही कम जानकारी थी। अमेरिका व चीन की अर्थव्यवस्थाएं और राजनैतिक घटनाक्रम गत 30 सालों से परस्पर जुड़ा हुआ है। इसलिए दोनों देशों को पारस्परिक मतभेद दूर करना ज्यादा मेहनत नहीं करनी होगी, कम से कम वे यह तो मान ही सकते हैं कि प्रत्यक्ष टकराव का कोई कारण नहीं है और मतभेद सुलझाएं जा सकते हैं।

उन्होंने माना कि दोनों देशों के बीच कई मुद्दे बहुत कठिन हैं खासकर ताईवान, मानवाधिकार व अन्य विषयों पर। थॉमसन का कहना है कि ये सभी मसले बिना किसी टकराव के सुलझाएं जा सकते हैं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि एक बुद्धिमतापूर्ण समझ बनाना और वार्ता करना महत्वपूर्ण है। जब किसिंजर अपने पद पर थे तब उन्होंने चीन के नेताओं के साथ वार्ता की प्रक्रिया शुरु की थी।

चीन के साथ सम्पर्क में उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि यही थी कि वे चीन व अमेरिकन सरकार के बीच मध्यस्थ थे। वे चीन के नेताओं का संदेश अमेरिका के राष्ट्रपति तक ले जाते थे और अमेरिकन राष्ट्रपति का संदेश चीन तक। हमें दोनों देशों के बीच वार्ता करने के लिए और ज्यादा किरदार तलाशने होंगे। और दोनों सरकारों, सेना, आर्थिक अधिकारियों के बीच ज्यादा से ज्यादा बातचीत शुरु करनी होंगी, ताकि एक सतत समझ विकसित हो सके।

## सुप्रीम कोर्ट ने तीस्ता...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जमानत याचिका मंजूर की। न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में सीतलवाड़ के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल होने और हिरासत में पूछताछ पूरी होने के तथ्य पर गौर करते हुए राहत दी।

शीर्ष अदालत ने साथ ही गुजरात उच्च न्यायालय के उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें सीतलवाड़ को जमानत देने से इनकार करने के साथ ही तत्काल आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया था।शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने जमानत याचिका मंजूर करते हुए यह भी कहा कि यदि सीतलवाड़ की ओर से गवाहों को प्रभावित करने का मामला सामने आता है तो अभियोजन पक्ष उनकी जमानत रद्द करने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है।

न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली विशेष पीठ ने इससे पहले एक जुलाई को रात करीब 9:15 सुनवाई कर तीस्ता को एक सप्ताह के लिए अंतरिम राहत दी थी। पीठ ने सीतलवाड़ को तत्काल आत्मसमर्पण करने के गुजरात उच्च न्यायालय के कुछ घंटे पहले दिए आदेश पर रोक लगा दी थी। विशेष पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा था, हमें यह कहते हुए दुख हो रहा है कि एकल पीठ ने उन्हें एक सप्ताह की भी सुरक्षा न देकर सरासर गलत किया।

विशेष पीठ ने शीर्ष अदालत के न्यायमूर्ति अभय एस ओका और प्रशांत कुमार मिश्रा की दो सदस्यीय पीठ के एक जुलाई को ही याचिकाकर्ता को अंतरिम सुरक्षा देने के मुद्दे पर मतभेद के कारण कुछ समय बाद ही रात करीब 9:00 बजे सुनवाई की थी।

# प्र.मंत्री मोदी की सीकर की सभा में तीन लाख लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य

जयपुर/नई दिल्ली, 19 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जुलाई को राजस्थान के सीकर आएंगे। मोदी जिला स्टेडियम में किसान सम्मान की 14 वीं किस्त जारी करेंगे। साथ ही बड़ी आमसभा को संबोधित करेंगे। शेखावाटी के जिले से बड़ी संख्या में किसान इस रैली में शामिल होने पहुंचेंगे। राजधानी जयपुर तक से बीजेपी नेता कार्यकर्ता और किसान मोदी की सभा में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सीकर दौरे की तैयारियों को लेकर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने सीकर में पत्रकार वार्ता कर यह जानकारी दी। पहले यह रैली नागौर में आयोजित होने वाली थी लेकिन भाजपा ने रणनीतिक कारणों से इस रैली के वैन्यू में परिवर्तन किया है। प्रधानमंत्री अब नागौर की बजाय सीकर में पधारेंगे।

सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती, जिलाध्यक्ष के साथ उन्होंने सभास्थल जिला स्टेडियम का दौरा किया। प्रस्तावित कार्यक्रम के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जुलाई को सीकर आएंगे। सीकर सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता में कैलाश चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जुलाई को किसानों को सम्मान निधि की 14वीं किस्त करीब 30 हजार करोड़ रुपये का भुगतान सीधा किसानों के खातों में जारी करने के लिए सीकर जिला स्टेडियम में आएंगे।

- **प्रधानमंत्री 27 जुलाई को सीकर की इस रैली के मंच से ही किसान सम्मान की निधि 14वीं किस्त के तहत 30 हजार करोड़ रु. जारी करेंगे तथा साथ ही बड़ी आमसभा को संबोधित करेंगे**
- **प्रधानमंत्री मोदी इसी दिन यहीं पर ''पीएम प्रणाम'' योजना की शुरुआत भी करेंगे।**

उन्होंने बताया कि किसान सम्मान निधि में अभी तक करीब 2 लाख 40 हजार करोड़ रुपये किसानों को भेजे जा चुके हैं। बताया कि प्रधानमंत्री मोदी इसी दिन यहीं पर पीएम प्रणाम योजना की शुरुआत भी करेंगे।

प्रधानमंत्री की आमसभा में करीब तीन लाख से भी अधिक लोग आएंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की आम जनता, किसानों, जरूरतमंदों को ध्यान में रखते हुए योजना बनाकर लागू करते हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर यहां की जनता में अपार उत्साह है।

## कर्नाटक सरकार...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भारत एक लोक कल्याणकारी देश है और यह सभी के हित पूरे करेगा अगर प्रधानमंत्री को यह याद होता तो वो भी आवश्यक वस्तुओं, एल.पी.जी. और पैट्रोल के दाम कम करके आम जनता की तकलीफ दूर करने का प्रयास करेंगे।

गृहलक्ष्मी योजना के लिए रजिस्ट्रेशन बुधवार से शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया ने इसकी शुरूआत की यह योजना एक साल चलेगी। कोई भी सैंटर में जाकर रजिस्ट्रेशन करा सकता है अगर कुछ लोग सैंटर तक नहीं जा पाएंगे तो सरकारी कर्मचारी खुद उनके घर जाएंगे।

सभी महिलाएं चाहे वे बी.पी.एल. हों या ए.पी.एल. चाहे वे या उनके पति इन्कम टैक्स देते हों इस योजना का लाभ उठा सकती हैं।

मुख्यमंत्री ने बजट पेश करते हुए कहा था कि 5 चुनाव गारंटियों पर सालाना 52,000 करोड़ रू. खर्च किया जाएगा और इससे 1.3 करोड़ परिवारों को फायदा होने की उम्मीद है।

अब यह स्पष्ट है कि कर्नाटक सरकार चुनावी वायदे पूरे करने की मुहिम में जुट गई है ताकि लोकसभा चुनाव से पहले सुशासन का मॉडल पेश किया जा सके। इसी के साथ कांग्रेस ने फेक न्यूज़ को चेक करने, मॉरल पुलिसिंग पर नियंत्रण तथा हेट क्राइम को रोकने के लिए भी कदम उठाया शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ व राजस्थान सरकारों का फोकस भी लोक-कल्याणकारी योजनाओं पर जो मतदाता को रिझा सकें।

## लोकसभा चुनाव...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में हुई विपक्षी दलों की मीटिंग में शामिल दलों की संख्या 26 थी। भाजपा के इस तामझाम को झटका देने वाला यह पक्ष भी है कि जिन पार्टियों के नेता दिल्ली की बैठक में शामिल हुये थे, उनका प्रभाव क्षेत्र (कैंचमैंट एरिया) काफी छोटा है।

दिल्ली की मीटिंग में अकेले पूर्वोत्तर राज्यों के ही 11 क्षेत्रीय दल शामिल हुये थे।

शिव सेना के एकनाथ शिंदे गुट तथा नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के अजीत पवार गुट के अलावा, दिल्ली की मीटिंग में अन्नाद्रमुक, अपना दल (सोनेवाल), ए.जे.एस.यू., एस.बी.एस.पी., राष्ट्रीय समाज पक्ष, भारत धर्म जन सेना, निषाद पार्टी तथा लोक जनशक्ति पार्टी के दोनों गुट शामिल हुये थे।

इसके विपरीत, विपक्षी दलों की मीटिंग में वर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, एम.के. स्टालिन, अरविन्द केजरीवाल, हेमन्त सोरेन तथा नीतीश कुमार के अलावा, अन्य कई वरिष्ठ एवं स्थापित नेता भी उपस्थित हुये थे, जिनमें शरद पवार, सोनिया गांधी, लालू प्रसाद, राहुल गांधी, अखिलेश यादव तथा उद्धव ठाकरे शामिल थे।

# विपक्ष व भाजपा के बीच "माइन्ड गेम्स"...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

"इंडिया" रखने पर प्रश्न खड़ा करना शुरु कर दिया है तथा कहा है कि "इंडिया" भारत से अलग है।

प्रधानमंत्री मोदी का अनुसारण करते हुये, सत्तारूढ़ भाजपा के अन्य नेताओं ने भी विपक्षी मोर्चे के बारे में अफवाहें फैलना शुरु कर दिया है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी ने कहा कि हमारे साथी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्ष की मीटिंग के बाद, प्रैस कॉन्फ्रैंस में शामिल हुये बिना ही बैंगलुरु से रवाना हो गये क्योंकि वे नये गठबंधन के संयोजक नामजद नहीं किये जाने से अशांत (अपसैट) थे।

इस अनिष्टकारी टिप्पणी का तुरन्त जवाब देते हुए जनता दल (यू) ने सुशील मोदी की टिप्पणी पर प्रहार किया तथा कहा कि मुख्यमंत्री जल्दी इसलिए चले गये थे क्योंकि उन्हें अपनी फ्लाइट पकड़नी थी।

इस बीच यह बता दें कि नीतीश कुमार ने विचार विमर्श में बढ़-चढ़कर भाग लिया था क्योंकि वे एक ऐसे व्यक्ति रहे, जिन्हें मोर्चा के नाम "इंडिया" रखे जाने पर कुछ आपत्ति थी लेकिन जब अन्य दलों के नेताओं ने उन्हें समझाया तो अन्त में उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया था।

मीटिंग के बाद, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने घोषणा की कि 2024 में सत्तारूढ़ भाजपा का मुकाबला करने की संयुक्त नीति की योजना बना रहे विपक्षी दलों के गठबंधन का नाम आई.एन.डी.आई.ए. (इण्डिया) होगा, जो इंडियन नैशनल डवलपमैंटल इनक्लूसिव अलायंस" का संक्षिप्त रूप है।

चर्चा के दौरान, नीतीश कुमार ने पूछा बताते हैं कि विपक्षी गठबंधन का नाम "इंडिया" कैसे रखा जा सकता है। उनकी आपत्ति का एक कारण यह भी था कि आई.एन.डी.आई.ए. में "एन.डी.ए." अक्षर भी आते है तथा दोनों नाम एक ही प्रकार की ध्वनि वाले हैं। तभी किसी ने उनका ध्यान इस ओर आकृष्ट किया कि इंडिया में दो बार "आई." अक्षर भी तो आ रहा है।

बिहार के मुख्यमंत्री ने कुछ नाम सुझाए थे, जैसे- "इंडिया मेन फ्रंट" तथा "इंडिया मेन अलांयस"।

"इंडिया" नाम को लेकर वामपंथी नेताओं में भी कुछ हिचकिचाहट थी तथा उन्होंने कुछ अलग विकल्प सुझाये थे, जैसे- "सेव इंडिया अलांयस" तथा "वी.फॉर इंडिया"।

चूँकि अधिकांश पार्टियाँ "इंडिया" का अनुमोदन करती प्रतीत हो रही थीं, कहा जा रहा है इसलिये नीतीश कुमार भी राजी हो गये।

बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा, "ठीक है, अगर आप सब इसका (इंडिया) का समर्थन कर रहे हैं, तो यही ठीक है।"

एन.डी.ए. (नैशनल डेमोक्रेटिक अलायंस) की समान ध्वनि वाले प्रथमाक्षर समूह में "डेमोक्रेटिक" शब्द पर भी कुछ चर्चा हुई थी। दोनों नामों को परस्पर और ज्यादा अलग करने के लिये, कांग्रेस ने सुझाव दिया कि "इंडिया" (आई.एन.डी.आई.ए.) को "डी" को "डवलपमैंट" के प्रथमाक्षर के रूप में लिया जाये।

भाजपा ने विभिन्न विपक्षी नेताओं के कथनों में "डेमोक्रेटिक" और "डवलपमैंटल" के बीच विभ्रम की स्थिति को लेकर विपक्ष की हँसी उड़ाई।

रिपोर्टों में "इंडिया" नाम का श्रेय ममता बनर्जी तथा राहुल गांधी को दिया गया है।

"विदुथलाई चिरुधाइगल काची" प्रमुख थोल तिरुमावालाान ने कहा कि इस नाम का सुझाव ममता बनर्जी ने दिया था।

उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन का नाम "इंडिया" ममता बनर्जी ने प्रस्तावित किया था। लम्बी चर्चा के बाद, यह तय हुआ है "इंडियन नैशनल डवलपमैंटल इनक्लूसिव अलायंस" कहा जाना चाहिये।

दूसरी तरफ एन.सी.पी. नेता जितेन्द्र अव्हाड़ की पोस्ट के अनुसार, यह विचार राहुल गांधी का था। पोस्ट में राहुल गांधी ने इस गठबंधन का नाम "इंडिया" रखने का प्रस्ताव रखा था। उनकी सृजनशीलता की काफी तारीफ हुई थी। सभी दलों ने इसका अनुमोदन कर दिया था तथा आगामी लोकसभा चुनाव "इंडिया" नाम के तहत लड़ने का निर्णय ले लिया गया था।

बताया जाता है कि राहुल गांधी ने इस नाम का सुझाव दिया तो था लेकिन यह निर्णय ले लिया गया था कि ममता बनर्जी इस नाम का प्रस्ताव विधिवत रखें। प्रैस-ब्रीफिंग के दौरान, गठबंधन के नाम के विषय में बोलते हुये, बंगाल की मुख्यमंत्री ने "हमारे प्रिय राहुल गांधी" का संदर्भ दिया था।

जैसे ही भाजपा ने इस नाम पर हमला बोलते हुय, "इंडिया" को "भारत" के मुकाबले में खड़ा किया, वैसे ही विपक्षी मोर्चा ने आज इसकी टैग लाइन "जीतेगा भारत" घोषित कर दी।

यह टैग लाइन कल देर रात गये हुई विस्तृत चर्चा के बाद तय की गई। बताया जाता है कि उद्धव ठाकरे ने यह सुझाव दिया कि गठबंधन की टैग लाइन हिन्दी में होनी चाहिये।

विपक्ष की अगली मीटिंग मुम्बई में होगी तथा इसकी मेजबानी उद्धव ठाकरे का शिव सेना गुट करेगा।

गठ विपक्षी दलों के नेताओं ने इस बिन्दु पर भी चर्चा की कि गठबंधन का चेहरा कौन हो।

इस तथा ऐसे ही अन्य मुद्दों पर निर्णय 11 सदस्यों की वह समन्वय समिति लेगी, जिसमें सभी बड़े दल शामिल होंगे। कांग्रेस ने यह भी कहा कि गठबंधन के प्रचार-प्रबंधन के लिये दिल्ली में एक "सचिवालय" भी स्थापित किया जायेगा।

## भाजपा के 10 विधायक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

निलंबन को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे।

विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा के जिन 10 विधायकों को निलंबित किया है वे हैं- डॉ. सी एन अश्वथ नारायण, वी सुनील कुमार, आर अशोक, अरागा ज्ञानेंद्र (सभी पूर्व मंत्री), डी वेदव्यास कामथ, यशपाल सुवर्ण, धीरज मुनिराज, ए उमानाथ कोटियन, अरविंद बेलाड और वाई भरत शेट्टी। विधानसभा सत्र 3 जुलाई को शुरू हुआ और 21 जुलाई को समाप्त होने वाला है। अध्यक्ष ने कहा, मैं उनके (10 विधायकों) नाम उनके अशोभनीय और असम्मानजनक आचरण के कारण ले रहा हूं। बेहद पीड़ा के साथ मैं इस प्रस्ताव को वोटिंग के लिए रख रहा हूं। इसके बाद ध्वनि मत के आधार पर 10 सदस्यों को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। दरअसल, कर्नाटक विधानसभा में बुधवार को जोरदार हंगामा हुआ। बीजेपी के सदस्यों ने आसन की तरफ कागज फेंके। भाजपा विधायक भोजन अवकाश के बिना सदन की कार्यवाही संचालित करने के विधानसभा अध्यक्ष के फैसले से नाराज थे। यह बीते 2 दिन में बैठक के लिए कांग्रेस सरकार की ओर से आईएएस अधिकारियों के दुरुपयोग को लेकर भाजपा के विरोध के बीच हुआ। अध्यक्ष यूटी खादेर यह कहकर चले गए कि सदन में भोजन अवकाश नहीं होगा और बजट व मांगों पर चर्चा जारी रहेगी, जिसके बाद उपाध्यक्ष रुद्राप्पा लमानी सदन की कार्यवाही का संचालन कर रहे थे।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

## संक्षिप्त

### ललिता वर्मा प्रदेश सहसंयोजक बनी

**मालपुरा, (निसं)।** वुमैन पावर सोसायटी इंडिया की राष्ट्रीय अध्यक्ष मोनिका अरोडा व प्रदेश अध्यक्ष अर्चना सक्सेना के निर्देशानुसार प्रदेश संयोजक



संतोष कुमार की अनुशंषा पर मालपुरा निवासी वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. ललिता वर्मा को सामाजिक कार्यों में रूचि होने व संगठन के प्रति निष्ठा व लग्न को प्राथमिकता दे संगठन में प्रदेश सहसंयोजक बनाया गया। डॉ. ललिता वर्मा को मिली प्रदेश स्तरीय जिम्मेदारी पर संगठन के साथ-साथ कई समाजसेवी संगठनों की और से बधाई दे उज्जवल्ल भविष्य की कामना की।

### जैन समाज मौन जूलूस निकालेगा

**अलवर, (निसं)।** दिगम्बर जैनाचार्य मुनि नंदी महाराज की अपहरण कर निर्मम हत्या करने के विरोध में व हत्यारों पर कार्यवाही करने हेतु सकल जैन समाज अलवर के द्वारा ज्ञापन दिया जाऐगा। जैन समाज शुक्रवार को विरोध स्वरूप एक मौन जुलूस निकालेगा। यह जुलूस आधिनाथ जैन मंदिर से शहर के प्रमुख बाजारों से होता हुआ महावीर भवन पहुंचेगा जहां एक सभा का आयोजन किया जायेगा। इसके बाद राष्ट्रपति प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। जैन समाज ने जैन मुनियों की सुरक्षा करने की मांग की है यह जानकारी जैन समाज के जिला अध्यक्ष ने प्रेस कॉन्फ्रेस में दी।

### चालीहा महोत्सव में उमड़ा सैलाब

**खैरथल, (निसं)।** सिन्धी समुदाय के चल रहे चालीस दिवसीय महोत्सव चालीहा में बुधवार को श्रावणी चन्ड होने से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। आयोजकों की ओर से इतनी बड़ी संख्या में लोगों के लिए पहले से ही व्यापक स्तर प्रबंध किए जाने से किसी तरह की अव्यवस्था उत्पन्न नहीं हुई। बुधवार को नवसृजित जिला खैरथल के पुलिस विभाग के ओएसडी आइपीएस सुरेन्द्र सिंह ने भी मंदिर में पहुंच कर भगवान झूलेलाल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### समस्त व्यापार बंद रहेंगे

**निवाई, (निसं)।** आचार्य कामकुमार नन्दी महाराज की निर्मम हत्या के विरोध में सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में गुरुवार को भारत बंद का आव्हान किया गया है। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि जिसकी पालना में धर्म सभा, धर्म गुरु की रक्षा, धर्म क्षेत्रों की सुरक्षा को लेकर निवाई जैन समाज ने भी गुरुवार को सभी प्रतिष्ठान व उद्योग सहित समस्त व्यापार बंद रखने का निर्णय लिया है।

### करंट लगने से महिला की मौत

**मालपुरा (निस)** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के दतोब गांव में बुधवार की दोपहर को करंट की चपेट में आई महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर को कविता पत्नी हनुमान आचार्य लाइट चले जाने पर मकान के इंनवर्टर सप्लाई में पानी की मोटर का तार लगाते समय करंट की चपेट में आ जाने से अचेत हो गई। परिजनों ने महिला को मालपुरा अस्पताल में भर्ती करवाया जहां दौराने उपचार महिला की मौत हो गई।

# रेलवे अण्डरपास में भरा रहता है बारिश का पानी

**फुलेरा, (निसं)।** रेल नगरी फुलेरा के फुलेरा-मेड़ता रेल मार्ग पर स्थित एल सी गेट नम्बर 1 पर प्रशासन द्वारा बनाया गया अण्डरपास बारिश के दिनों में प्रशासन की अनदेखी का शिकार हो रहा है।

गौरतलब है कि उक्त अण्डरपास में पिछले 10 दिन से भरे हुए बारिश के पानी की वजह से पैदल चलने वाले राहगीरों, स्कूली विद्यार्थियों सहित

- राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है
- फुलेरा-मेड़ता रेल खण्ड मार्ग पर एल सी गेट नम्बर 1 का मामला

वाहन चालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भौगोलिक दृष्टिकोण से फुलेरा दो भागो में बंटा हुआ है। जिसको जोड़ने का कार्य इस अण्डरपास का है। परन्तु राहगीरों ने बताया कि उक्त अण्डरपास की बारिश के समय में छत तो टपकती है ही, साथ ही सड़क का पानी भी बहकर



फुलेरा अण्डरपास में बारिश का पानी भरा रहने से राहगीर परेशान।

अण्डरपास में आ जाता है। इसके चलते निकटतम स्थित कॉलोनी में रहने वाले लोगों, स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को इसका दंश झेलना पड़ रहा है। इसको लेकर फुलेरा नगर पालिका के पार्षद जितेन्द्र वर्मा और यतेन्द्र झांकडा ने बताया कि हमने इस संदर्भ में दूरभाष के माध्यम से रेलवे अधिकारियों को अवगत करवाते हुए इस और ध्यान आकृष्ट करवाया है। लेकिन अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं हुआ है। वहीं प्रशासन इस और रुचि नहीं ले रहे है। इसी क्रम में स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त अण्डरपास में पानी भरा होने की वजह से निकट की कॉलोनी मिश्र कॉलोनी, कबीर नगर, पुराना फुलेरा, न्यू कॉलोनी में रहने वाले लोगों को मजबूरन निकट ही बने आरओबी पर से चक्कर काटना पड़ता है।

रेलवे के एईएन श्याम सुन्दर गर्ग से बुधवार को दूरभाष से बात करने पर बताया कि 1 दिन पूर्व अर्थात मंगलवार की रात्रि को ही उक्त अण्डरपास का पानी खाली करवा दिया गया है। साथ ही आगे बताया कि बुधवार को सायं करीब 4:30 बजे मैं स्वयं मौके को देखकर आया हूं तो बिल्कुल साफ था। परन्तु स्थिति ज्यों की त्यों ही बनी हुई है। जबकि बुधवार को फुलेरा क्षेत्र में बारिश बिल्कुल भी नहीं आयी है।

## विराटनगर बंद का आव्हान

**पावटा, (निसं)।** गत दिनों कर्नाटक के चिकोड़ी ग्राम में अज्ञात बदमाशों द्वारा दिगंबर जैन आचार्य मुनि काम कुमार नंदी की जघन्य हत्या करने के विरोध में बुधवार को कस्बा स्थित सकल जैन मंदिर प्रांगण में सकल जैन एवं सर्व समाज व्यापारियों की बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक में उपस्थित लोगों ने जैन संत की निर्मम हत्या को लेकर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। गुरुवार को संपूर्ण विराटनगर बंद रखने का सामूहिक निर्णय लिया गया। मुख्य व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रतीक शर्मा, गणगौरी चौक व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने बताया कि जैन मुनि की हत्या को लेकर स्थानीय जैन सकल समाज एवं सर्व समाज के व्यापारियों में रोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि बंद के दौरान आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने, घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने, जैन तीर्थ स्थलों की सुरक्षा, सकल जैन समाज के संरक्षण के लिए हर राज्यों में राष्ट्रीय कल्याण बोर्ड का गठन करने, जैन संतों के पैदल विहार पर सुरक्षा उपलब्ध करवाने सहित अनेक मांगों को लेकर गुरुवार को राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में अशोक जैन, कुंथुनाथ श्वेतांबर जैन तीर्थ ट्रस्ट के सचिव अजय जैन, निर्मल जैन, दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष संतोष जैन मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने धरना प्रदर्शन किया

**राजगढ़, (निसं)।** भाजपा मण्डल राजगढ़ की ओर से नहीं सहेगा राजस्थानअभियान के तहत राजगढ़ कस्बे में भाजपाइयों ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। कार्यक्रम संयोजक प्रदीप शर्मा ने बताया कि भाजपा मंडल अध्यक्ष एडवोकेट राहुल दीक्षित के नेतृत्व में भाजपाई कस्बे के बस स्टेण्ड स्थित अम्बेडकर सर्किल पर एकत्रित हुये। सरकार की जन विरोधी नीतियों, भ्रष्टाचार, पेपरलीक, बलात्कार, हत्या, लूट, बिजली की बढ़ी दरें, किसान विरोधी व कुशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान वक्ताओं ने कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि, प्रदेश में कानून व्यवस्था लचर है जिसके चलते महिला अपराधो में बढ़ोतरी हो रही है। पेपर लीक माफिया सक्रिय है। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है, विरोध करने पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्ण कार्रवाई कर डंडे बरसाए जा रहे हैं। इसके बाद में बाजार में दुकानों पर जाकर कांग्रेस के काले कारनामों के पत्रक वितरित किये। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रेमनाथ धामणी, जिला महामंत्री शिवलाल मीणा, मंडल अध्यक्ष राहुल दीक्षित, नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया विस्तारक संतोष बेरवा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज के विरोध में धरना

- 'अब नहीं सहेगा राजस्थान' के तहत भाजपा ने जयपुर में प्रदर्शन किया

**जयपुर, (कासं)।** भाजपा कार्यकर्ताओं पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार शाम को भाजपा नेताओं ने गांधी सर्किल पर धरना देकर विरोध-प्रदर्शन किया।

राजस्थान भाजपा की ओर से 'अब नहीं सहेगा राजस्थान' मुहिम के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया था। जिला अध्यक्ष राघव शर्मा ने कहा ऐसी अकर्मण्य, भ्रष्टाचारी, महिला विरोधी, युवा विरोधी सरकार आज तक राजस्थान में कभी नहीं देखी। ऐसा भ्रष्टाचार पूर्व के इतिहास में कभी नहीं हुआ, राजस्थान को महिला उत्पीडन, बलात्कार, पेपर लीक, वादाखिलाफी, किसान विरोधी मामलों में शीर्ष पर लाने वाली अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार का अब अंत आ चुका है। राघव शर्मा ने कहा कि कांग्रेस अब बौखलाहट में अपना धैर्य और विवेक खो चुकी है। लोकतंत्र की आवाज उठाने वाले युवाओं पर कांग्रेस के इशारे पर इस तरीके से बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज करना बहुत ही निंदनीय है, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को समझ लेना चाहिए कि यह जनता अभी इतनी अति बर्दाश्त नहीं करेगी। भाजपा के कार्यकर्ता निश्चित ही इसके खिलाफ आवाज उठाएंगे और राजस्थान से भाजपा को उखाड़ फेंकेंगे।

सांसद रामचरण बोहरा ने कहा अब कांग्रेस सरकार का अंत आ चुका है, भाजपा के कार्यकर्ताओं को अब इस महिला व युवा विरोधी सरकार को राजस्थान से हमेशा हमेशा के लिए विदा करना है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार के नेतृत्व में कोई भी व्यक्ति यह नहीं कह सकता कि हम इस कांग्रेस शासन से संतुष्ट हैं। यहां 19 बार परीक्षाओं के पेपर रद्द हुए हैं और जो रद्द नहीं हुए हो लीक हुए है। यहां लगातार गैंगवार हो रहा है, यहां सभी क्षेत्रों में माफिया पनप रहे है। चतुर्वेदी ने कहा कि जहां बोली लगाकर पोस्टिंग होती है, ऐसी है राजस्थान की कांग्रेस सरकार। इस मौके पर प्रदेश सह कोषाध्यक्ष श्याम अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी सुमित श्रीमाल, पूर्व विधायक राजपाल सिंह शेखावत, एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नारायण मीणा, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सादिक खान, जिले के पदाधिकारी महामंत्री कृष्ण मोहन शर्मा, उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, ब्रह्मा कुमार सैनी और महिला व युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अग्रमहाकुंभ को लेकर पीले चावल बांटे

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित होने वाले अग्रमहाकुंभ को लेकर श्रीमाधोपुर अग्रवाल समाज तथा महिला मंडल सदस्यों ने घर-घर जाकर अग्रवाल बंधुओं को पीले चावल बांटकर महाकुंभ में शामिल होने का न्यौता दिया।

अग्रवाल समाज अध्यक्ष बाबूलाल चौधरी के नेतृत्व में आयोजित 8 कमेटियों के सदस्यों ने वहीं महिला मंडल अध्यक्ष कनक गुप्ता के नेतृत्व में 5 कमेटियों की महिलाओं ने श्रीमाधोपुर नगर पालिका क्षेत्र में प्रत्येक अग्रवाल बंधु के घर जाकर पीले चावल बांटकर महाकुंभ में शामिल होने का न्योता दिया और महाकुंभ में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महाकुंभ को सफल बनाने का आव्हान किया। वहीं कमेटी के सदस्यों ने ग्रामीण इलाके में भी जाकर जनसंपर्क किया। सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया है कि आगामी 23 जुलाई को श्रीमाधोपुर में सभी अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठान भी बंद रहेंगे। इस दौरान उपाध्यक्ष हरिप्रसाद गोकुलका, ललित चौधरी, मुरारी न्यारिया, कृष्ण कुमार गोकुलका, लक्की अग्रवाल, छाजूराम खेड़ीवाल, दीपचंद बागरियावास आदि मौजूद रहे।

# सायबर ठगी करने वाली गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

**बहरोड़/ भिवाड़ी, (निसं)।** जिला पुलिस भिवाड़ी ने ओएलएक्स एवं वीडियो कॉलिंग कर फर्जी तरीके से अश्लील वीडियो बनाकर ऑनलाइन सायबर ठगी करने वाली गैंग का पर्दाफाश किया।

भिवाड़ी पुलिस अधीक्षक विकास कुमार शर्मा के आदेशानुसार सुजीत शंकर आईपीएस सहायक पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आरपीएस प्रेम बहादुर वृत्ताधिकारी तिजारा के सुपरविजन में शेखपुर अहीर थाना अधिकारी की टीम ने साइबर ठगी में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए ऑनलाइन ठगी की राशि को कमीशन पर फर्जी बैंक अकाउंट से निकालने वाली गैंग के मुख्य सरगना मनीष खान एवं उसके साथी शहरून मेव को गिरफ्तार किया।

मुखबिर की सूचना के अनुसार टेल्को वर्कशॉप के पास वाले रास्ते पर बांध की मेड पर 4 से 5 बदमाशों के काले रंग की थार गाड़ी व दो



भिवाड़ी पुलिस ने ठगी के आरोपी पकड़े।

मोटरसाइकिल पर बैठे होने पर पहुंची पुलिस की गाड़ी को देखकर बदमाश इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने दो बदमाशों को मौके पर दबोचा लिया एवं दो- तीन अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। वहीं पकड़ गए बदमाशों से नाम पूछने पर मनीष खान पुत्र खुर्शीद निवासी कृष्णा कॉलोनी बड़ौदा मेव अलवर तथा दूसरा शहरून पुत्र अब्दुल्लाह भिवाड़ी थाना यूआईटी भिवाड़ी से पूछताछ में मनीष की थार गाड़ी तथा शहरून की मोटरसाइकिल तथा अन्य दूसरे भागने वालों की बताया।

पूछताछ में तोहिद, हसीनों, इसराइल थाना पहाड़ी भरतपुर ओ एल एक्स पर सायबर ठगी करने वाली गैंग फर्जी तरीके से अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देते हरासमेंट कर सायबर ठगी का काम करने एवं कमीशन पर काम करने व उनके खातों से ई-मित्र, बारकोड के जरिए रुपए निकालकर खुद के खाते में डलवा कर कमीशन लेते हुए ट्रांसफर कर देना बताया। वहीं पुलिस के अनुसार दो सिम कार्ड 19100 रूपए एवं दो एटीएम कार्ड, सिम कार्ड, बैंक पासबुक, चेक बुक, दो मोबाइल बरामद किए तथा ठगी करते चार पांच व्यक्तियों व 10 से 15 वारदातों के कबूला।

## दो छात्र गुटों में हुई मारपीट

**मालपुरा, (निसं)।** शहर के सदरपुरा रोड पर बुधवार की शाम स्कूल की पुरानी रंजिश को लेकर दो छात्र गुटों में हुई मारपीट के बाद उलाहना देने पहुंचे एक पक्ष पर दूसरे पक्ष द्वारा लाठियों से हमला कर देने से एक जना घायल हो गया जिसे मालपुरा के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। पीड़ित पक्ष के विष्णु बैरवा ने बताया कि बुधवार की शाम को वो अपने दोस्त को छोड़ वापस आ रहा था। सदरपुरा रोड पर प्रधान गुर्जर व अन्य ने उसकी बाईक को रोक मारपीट शुरू कर दी। चिल्लाने पर मौके से भाग छूटे। घर आकर परिजनों को घटना से अवगत करवाने पर उलाहना देने पहुंचे उसके परिजनों पर दूसरे पक्ष के महिला पुरूषों ने लाठियों से हमला कर जिसमें शंकर बैरवा पुत्र रामलाल बैरवा घायल हो गया।

## सार-समाचार

### विधायक ने खेल-कूद किट बांटी



**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हाड़ौता और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उदयपुरिया में विद्यार्थियों के लिए विधायक रामलाल शर्मा ने खेलकूद किट का वितरण किया। युवाओं के किट में बॉलिवाल, फुटबॉल, बेट, बैटमिंटन किट, कॉक, बॉल, रस्सी कूद किट, हाकी टेबिल टेनिस आदि खेल की आवश्यक वस्तुएं भेंट की। विधायक रामलाल शर्मा द्वारा खेलकूद किट पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। विधायक शर्मा ने कहा कि बच्चों के शरीर के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये खेल आवश्यक है और प्रतिभाशाली बच्चों की प्रतिभाओं को तराशने के लिए विद्यालयों में खेलकूद किट का वितरण किया गया है। इस मौके पर भाजपा देहात मण्डल गोविन्दगढ़ अध्यक्ष साधुराम गुर्जर, विद्यालय प्राचार्य, स्टाफ़ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### शहीद की पुण्यतिथि पर रक्तदान



**विराटनगर, (निसं)।** मां भारती की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर सपूत शहीद हवलदार मुकेश जी फौजी की पुण्यतिथि पर उनके शौर्य को सलाम करती हूं। बुधवार को रानी रत्नाकुमारी ने विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लाडा का बास में आयोजित रक्तदान शिविर में सम्मिलित होकर शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि आयोजन समिति शहीद भगत सिंह ग्रुप के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का सहृदय धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करती हूं। जो भारत माता के वीर सपूतों की अमर गाथाओं से देश के युवाओं में राष्ट्र भक्ति की भावना जागृत करने एवं समाज सेवा का नेक काम कर रहे हैं। इस दौरान रक्तदाताओं का हेलमेट और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान शहीद भगत सिंह ग्रुप के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता और रामनिवास यादव, भैरूलाल यादव, चौथू राम यादव मौजूद रहे।

### महिलाओं ने लहरिया महोत्सव मनाया



**निवाई, (निसं)।** शहर में महिलाओं ने लहरिया महोत्सव धूमधाम से मनाया। कृष्णा कॉलोनी में स्थित कृष्णा सखी महिला मंडल अध्यक्ष आशा जैन ने बताया कि श्याम वाटिका का भ्रमण कर लहरिया महोत्सव धूमधाम से मनाया। महिलाओं ने वहां पर स्थित झूलों का तथा विभिन्न खेलों का भी आनंद लिया। इसके बाद में सामूहिक गोट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला सदस्य अंशु कविता, तारा कमलेश, अर्चना, सरिता, उषा, अंशु, रुकमणी, आशा, ममता, मधु, रिचा, लक्ष्मी, सीमा, लवली, अरुणा, बबली, शशि, प्रियंका, सुनीता, सुमित्रा, शशि, तनु, अनीता, मंजू, शांति, ललिता, लाली,आशा, पुष्पा, साधना, मनीषा, रेखा, इंदिरा व तारा सहित कई महिलाएं मौजूद थी।

### राज्य में कानून व्यवस्था चौपट : चतुर्वेदी

**जयपुर (कासं)।** भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने राज्य की कांग्रेस सरकार के राज में सम्पूर्ण राजस्थान में कानून व्यवस्था चौपट होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री की नाक के नीचे ही अपराध हो रहे है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद है कि राजधानी जयपुर में रहने वाले लोग भी सुरक्षित नहीं है, पिछली रात को जयपुर के पॉश इलाके वैशाली नगर में अपराधियों ने जिस प्रकार से होटल में घुसकर कानून व्यवस्था का मखौल उडाया, वह चिंता का विषय है। चतुर्वेदी ने कहा कि राज्य में प्रतिदिन आपराधिक घटनाएं हो रही है और राज्य के मुख्यमंत्री पोस्टर बाजी में व्यस्त हो रहे है। जोधपुर और हिंडौन की घटना के बाद दहशत व्याप्त है, मुख्यमंत्री और उनके दरबारी उद्घाटन करने में व्यस्त है, राज्य में जंगल राज कायम हो चुका है।

### टोंक बन्द का आव्हान

**टोंक, (निसं)।** व्यापार महांसघ टोंक एवं सकल जैन समाज द्वारा कर्नाटक में जैन संत आचार्य कामकुमार नन्दी की निर्मम एवं नृशंस हत्या के विरोध में आज टोंक बन्द का आव्हान किया गया। जिसके अर्न्तगत बताया कि इस तरह की घटनाऐं समाज में वैमन्सय का भाव बढाती है तथा साधु सन्तो के साथ इस तरह की घटना की पुर्नरावृति ना हो एवं दोषियो को जल्द पकडकर कार्यवाही हो।

# 'राजस्थान में भाजपा की सरकार बनेगी तो आर.पी.एस.सी. को भंग कर यू.पी.एस.सी. की तर्ज पर गठन होगा'

- मुख्यमंत्री अलीबाबा अपने बेटे का वैभव बढ़ाने में लगे हैं, भाई भ्रष्टाचार में लिप्त : सी.पी.जोशी
- 'गहलोत सरकार में ऐसा कोई दिन नहीं जो प्रदेश को कलंकित करने वाला ना हो।'

**जयपुर ।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी ने कहा कि, राजस्थान की जनता ने भ्रष्टाचारी, युवा व महिला विरोधी कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का मानस बना लिया है। प्रदेश में बढ़ती दुष्कर्म व हत्याओं, लचर कानून व्यवस्था, युवा व किसानों से वादाखिलाफी के कारण आमजन में कांग्रेस सरकार के प्रति गुस्सा भरा है, जिसका नतीजा आगामी विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा।

जोशी ने पत्रकारों से वार्ता कर कहा कि, पेपरलीक की घटनाओं ने युवाओं का भविष्य बर्बाद करके रख दिया है। राजस्थान में भाजपा की सरकार बनते ही राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) को भंग करके यूपीएससी की तर्ज पर नए सिरे से गठन करेंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि, मुख्यमंत्री के गृह जिले जोधपुर के ओसियां में 4 चार लोगों की नृशंश हत्या कर छह माह की मासूम समेत पूरे परिवार को जला दिया गया। मुख्यमंत्री गहलोत अपने गृहनगर जोधपुर के हालात देखें, आपने पूरे प्रदेश को अपराध के गहरे अंधकार में धकेल दिया है। अपराधियों की इतनी हिम्मत कैसे हो जाती है, क्योंकि अपराधियों में आपकी सरकार का कोई खौफ नहीं है। ओसियां की घटना वीभत्स, शर्मनाक और प्रदेश की कानून व्यवस्था को कलंकित करने वाली है। केवल झूठी घोषणा करने और कानून बना देने से जनता को राहत नहीं मिलती। जोशी ने कहा देश का सबसे शांत प्रदेश कहा जाने वाला राजस्थान आज जंगलराज और लचर कानून व्यवस्था के चलते अपराध में आगे आ पहुंचा है। किसानों से कर्जमाफी के नाम पर वादाखिलाफी के चलते प्रदेश में किसान आत्महत्या कर रहे हैं। भरतपुर, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर में किसानों ने कर्ज से तंग आकर आत्महत्या कर ली। गंगानगर के किसान सोहनलाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर और लाइव आकर आत्महत्या कर ली।

युवाओं से बेरोजगारी भत्ते के नाम पर वादाखिलाफी सहित रीट, हाईकोर्ट एलडीसी भर्ती, वनरक्षक भर्ती, शिक्षक भर्ती और ईओ भर्ती सहित 16 भर्तियां पेपर लीक के चलते रद्द कर दी गई। सबसे ज्यादा नेटबंदी कराने के बावजूद गहलोत सरकार पेपर लीक की इन घटनाओं को नहीं रोक पाई। सरकार की सरपरस्ती में प्रदेश में पेपर लीक होते हैं।

प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी ने कहा कि, मुख्यमंत्री के पुत्र पर ब्लैक मनी को विदेशों के रास्ते व्हाईट करने का आरोप है। गहलोत अपने बेटे का वैभव बढ़ाने में व्यस्त हैं। भाई अग्रसेन गहलोत पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। सचिवालय में ढाई करोड़ की नकदी और सोना मिलता है।

संविदाकर्मियों से कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में नियमितीकरण का वादा किया था, लेकिन जब वे अपना हक मांगने आए तो उनपर लाठीचार्ज होता है। युवाओं ने वादाखिलाफी को लेकर अजमेर में प्रदर्शन किया तो युवाओं के साथ आतंकियों जैसा व्यवहार किया जाता है।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022
प्राधिकृत अधिकारी-सरदीप राठौड, संपर्क नम्बर-9887772255 ई-मेल-sardeep.rathore@idfcbank.com

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट-IV-ए**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना/एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से ऋणग्रहिता (ओं) व जमानती (यों) को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियाँ सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा आईडीएफसी बैंक लि. अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 25.08.2023 को "जहाँ है जैसी है" "जो कुछ है यह हैं" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड) के खाता संख्या 27908050 में 15.06.2022 को बकाया रूपये 31,52,865.55/- (रूपये इकतीस लाख बावन हजार आठ सौ पैंसठ पैसा पच्चपन मात्र) की विजय कुमार जांगिड, आशा देवी, महालक्ष्मी हार्डवेयर एण्ड मशीनरी स्टोर, महेन्द्र कुमार जांगिड, राजेन्द्र कुमार जांगिड, सुरेन्द्र कुमार जांगिड, सुवालाल जांगिड, विजय कुमार जांगिड वास्ते महालक्ष्मी हार्डवेयर एण्ड मशीनरी स्टोर ऋण ग्रहिता (ओं) और सह-ऋण ग्रहिता (ओं) से वसूली के लिये की जायेगी।

**ऑक्शन स्टेट्स**

| | |
|---|---|
| आरक्षित मूल्य | रूपये 29,38,236/- |
| बयाना राशि जो जमा होगी | रूपये 2,93,823.6/- |
| बोली प्रस्तुत करने / बयाना राशि जमा कराने की तिथि | 24.08.2023 को सायं 5.00 तक |
| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | 18.08.2023 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक |
| नीलामी की तिथि | 25.08.2023 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक |
| सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति- पट्टा नं.11, ग्राम व ग्राम पंचायत मोरीजा तहसील चौमूं जिला जयपुर (राज.) का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 183 वर्गगज और सीमाएं है-पूर्व-गली उसके बाद द्वारका प्रसाद तिवारी का मकान, पश्चिम-गली उसके बाद भैरूराम का मकान, उत्तर-आम रास्ता, दक्षिण-गली उसके बाद चोथमल पटवारी का मकान |

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिए कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक को देखें अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC
**अस्वीकरण**- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।
स्थान - जयपुर
दिनांक- 19.07.2023
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)

MARUTI SUZUKI ARENA

अमृत उत्सव

इस बेहतरीन अवसर का फ़ायदा उठाएं! जल्दी करें!

ज़ीरो रजिस्ट्रेशन खर्च^

ज़ीरो डाउन पेमेंट^




अविश्वसनीय कीमतें

| ALTO K10 | S-PRESSO | | CELERIO | |
|---|---|---|---|---|
| ₹5 09 999* | ₹5 59 999* | ₹6 49 999* | ₹5 99 999* | ₹7 09 999* |
| VXI | VXI+ | VXI CNG | VXI | VXI CNG |

ALTO K10 S-PRESSO CELERIO

E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership | For bulk orders, mail at: bharat.mittal@maruti.co.in

**MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS: CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY**: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117. **JAIPUR CITY: SANGA AUTONATION:** 9057809150, 7734901000. **PREM MOTORS PVT. LTD:** CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: 4411111, 9785023000. **AURIC MOTORS PVT LTD.:** MANSAROVAR: 8929207471. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: 9209056789. **VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** TONK ROAD: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: 4065555, 9660000363. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** ADARSH NAGAR: 4074444, 9549650361. BANIPARK: 4072222, 2201365, 8698003009. **SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.:** MALVIYA NAGAR: 2523400, 8302890000. **JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** DAUSA: 9773364861. LALSOT: 9773364863. BANDIKUI: 9773364864. MAHWA: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: 9773364865. UNIARA: 7742944482. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** PHULERA: 7412077062. SAMBHAR: 7412068410. ACHROL: 7412077078. **FORTUNE CARS:** KARAULI: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: 9214794314 / 8875007758. **PREM MOTORS PVT. LTD.:** BASSI: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: 8058794021. BAGRU: 8058401166. KOTPUTLI: 8058794121. JOBNER: 8058796065. RENWAL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: 8058794042. DUDU: 8058406655. PHAGI: 8058403338. KANOTA: 8058794167. TUNGA: 8058794137. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** TONK: 9549651924. CHAKSU: 9549651926. SHAHPURA: 8696925275. DEOLI: 8696934957. MALPURA: 9549650513. NIWAI: 9667777114. PAOTA: 9549650495. VIRATNAGAR: 6350612446. JAMWA RAMGARH: 6350612727 **AJMER: RELAN MOTORS**: 0145-2610106, 9214444222. **AJMER AUTO**: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. **ALWAR: MG MOTORS:** 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. **BIKANER: DUDI AUTOMOBILES:** 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: 7412075151. **AURIC MOTORS**: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. **SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS**: 8955559963. **DUDI AUTOMOBILES:** PADAMPUR: 7412075151. **SIKAR: JAMU AUTOMOBILES**: (01572) 245515 / 246219. **NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES**: 9785644715. **JHUNJHUNU: AURIC MOTORS**: 8955664400. **CHURU: TRS CHURU:** 9356501550. **KOTA: BHATIA & COMPANY:** CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: 7230006839, 9829818018, 9784598109, 9829099081, 9829045729, 9829187004. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: 9001997116, 9001997113, 9587898054. **SUWALKA MOTORS PVT. LTD.:** KUNHARI: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: 9116178527. BHAWANIMANDI: 9116178557. KHANPUR: 07430-299240, 8306333715. **JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED:** SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: 6377715171. AHORE: 9015900500. SAYLA: 9015900500. **SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.:** PRATAP NAGAR: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: 9928841300, 9116150669, 9929244402. **L.M.J. SERVICES LTD:** A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. **NAGAUR: MANGALAM MOTORS**: 9116008626, 9116008630. **PALI: L.M.J. SERVICES LTD.:** 02932 - 256177, 8094011136. **SIROHI: NAVNEET MOTORS:** 02972-222917-18, 7665010638. **UDAIPUR: NAVNEET MOTORS**: MADRI: 0294-2494454, 7230046380. CITY STATION ROAD: 0294-2415142, 7230046381. **TECHNOY MOTORS:** GOVARDHAN VILLAS: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. **BANSWARA: NAVNEET MOTORS**: 9414159145, 7665010632, 7412074100. **BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES**: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. **CHAMPION CARS**: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. **BHARATPUR: TM MOTORS:** 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626.

*Applicable Terms and conditions available at Maruti Suzuki Arena authorized dealer. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 31st July 2023 or till stocks last. Offers applicable on selected models and selected cities. Car models and accessories shown may vary from the actual product. Images used are for illustration purpose only. Offers shown above include Consumer Offer and Exchange Bonus. Prices mentioned are tentative and might vary basis applicable offers and registration cost. ^All loans and schemes are at the sole discretion of the Finance Partner.